सुप्रभात
रांची, बुधवार
21.05.2025
* * नगर संस्करण। पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | ज्येष्ठ, कृष्ण पक्ष, नवमी, संवत् 2082 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 305



12 कियारा ने वॉर 2 में नये अवतार की धमाकेदार एंट्री

## न्यूज डायरी

### सेना ने पीओके में आतंक की तोड़ी कमर

**नयी दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत ने पीओके में आतंकियों को भारी नुकसान पहुंचाया है। सेना ने कई चौकियां, एक गोला-बारूद डिपो, ईंधन भंडारण केंद्र और तोपखाना समेत अन्य ठिकानों को पूरी तरह नष्ट कर दिया। जवाबी कार्रवाई इतनी विनाशकारी थी कि पाकिस्तान को इसे फिर से बनाने में साल भर से अधिक समय लग सकते हैं। पुंछ ब्रिगेड के कमांडर ब्रिगेडियर मुदित महाजन ने मंगलवार को बताया कि ऑपरेशन सिंदूर जारी है।

### दो वैज्ञानिकों के निधन पर देश भर में शोक

**चेन्नई।** परमाणु वैज्ञानिक और परमाणु ऊर्जा आयोग के पूर्व अध्यक्ष डॉ एमआर श्रीनिवासन का मंगलवार को तमिलनाडु के उधगमंडलम में निधन हो गया। वह 95 वर्ष के थे। वहीं खगोल वैज्ञानिक डॉ जयंत नर्लीकर का भी निधन हो गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, पीएम मोदी, कांग्रेस अध्यक्ष मलिखड़गे ने दोनों वैज्ञानिकों के निधन पर शोक जताया है। उन्होंने कहा कि देश ने आज एक साथ दो महान वैज्ञानिकों को खो दिया।

### पद्म पुरस्कार, नामांकन की तिथि 31 जुलाई तक

**नई दिल्ली।** कला, साहित्य एवं शिक्षा, खेल, चिकित्सा, समाज सेवा, विज्ञान एवं इंजीनियरी, लोक कार्य, सिविल सेवा, व्यापार और उद्योग आदि क्षेत्रों में विशिष्ट और असाधारण उपलब्धियों के लिए दिए जाने वाले पद्म पुरस्कारों के लिए ऑनलाइन नामांकन तथा सिफारिश करने की प्रक्रिया 15 मार्च से शुरू है। नामांकन 31 जुलाई तक किये जा सकते हैं।

### ठनका से एक मजदूर की मौत ,चार घायल

**लातेहार।** बालूमाथ थाना क्षेत्र के सीरम गांव स्थित ईंट भट्ठा के पास मंगलवार को आकाशीय बिजली गिरने से एक मजदूर की मौत हो गयी। मृतक मजदूर की पहचान कन्हैया लाल (55) के रूप में हुई।

## बीबीएमकेयू में स्व. बिनोद बाबू की प्रतिमा का अनावरण कर मुख्यमंत्री ने कहा

# वीरों की धरती झारखंड शिक्षा में भी बेहतर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड वीरों की धरती है। प्रदेश खनिज संपदा से भी संपन्न है। बेहतर शिक्षा से इसे और भी बेहतर बनाया जा सकता है। सरकार लगातार इस प्रयास में लगी है, ताकि हमारे बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए दूसरे राज्यों में नहीं जाना पड़े। यही कारण है कि चाहे सरकारी स्कूल हो या कॉलेज सभी क्षेत्र में छात्र अच्छे कर रहे है। शिक्षा से युवा पीढ़ी का भविष्य बदला जा सकता है। झारखंड वीरों की धरती है। यह प्रदेश खनिज संपदा से भी संपन्न है। बेहतर शिक्षा से इसे और भी बेहतर बनाया जा सकता है। वह मंगलवार को बिनोद बिहारी महतो कोलांचल विश्वविद्यालय (बीबीएमकेयू) में स्वर्गीय बिनोद बिहारी महतो की आदमकद प्रतिमा के अनावरण के मौके पर बोल रहे थे।

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री श्री सोरेन ने संयुक्त रूप से प्रतिमा का अनावरण किया। राज्यपाल ने कहा कि बिनोद बिहारी महतो झारखंड के पुरोधा है शिक्षाविद् है, हमलोग सभी महापुरुषों को सम्मान दे रहे है। इस मौके पर वीसी प्रोफेसर राम कुमार सिंह, समेत कई मंत्री , विधायक व राजनेता मौजूद थे। राज्यपाल ने कहा कि बिनोद बिहारी महतो एक युग पुरुष थे, उनके शिक्षा और



संघर्ष का यह सम्मान है। हमें बिच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने की आवश्यकता है। इससे पूर्व दोनों अतिथियों का पारंपरिक नृत्य और ढोल नगाड़ों के साथ स्वागत किया गया।

### महापुरुषों को सम्मान

सीएम ने कहा कि राज्य के अंदर अलग-अलग गली कस्बों और चौक-चौराहों को हमारे वीर सपूतों के नाम से जाना जाता है। कहीं उनकी मूर्तियां हैं तो कहीं फोटो लगी हुई है। कई ऐसे चौराहे हैं, जो आज भी महापुरुषों की मूर्ति लगने का इंतजार कर रहे है। उन्होंने कहा, यह राज्य आंदोलन की उपज है। यह राज्य शहीदों के नाम से जाना जाता है। राज्य के निर्माण में हमारे पूर्वजों का अहम योगदान रहा है। इसी कड़ी में कई संस्थानों का नामकरण यहां के शहीदों के नाम से किया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार झारखंड आंदोलनकारियों को सम्मान और उनके नाम को सजाने के काम कर रही है। सीएम ने कहा कि सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र में नए आयाम जोड़ने का काम किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य को अलग करने के लिए मूलवासियों और आदिवासियों के अधिकारों की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी है। वर्ष 2014 में जब हमारी सरकार थी, उसी समय बिनोद बाबू के नाम पर विश्वविद्यालय बनाने की परिकल्पना की गयी थी।

## सड़कें-गलियां जलमग्न, पेड़ गिरे, बिजली गुल

# भारी बारिश, आंधी से पूरे झारखंड में तबाही

### आंधी, बारिश व वज्रपात से लोग हलकान, रांची में 30 मिमी वर्षा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची समेत राज्य के कई जिलों में में मंगलवार को तेज हवा के जोरदार बारिश ने अच्छी-खासी तबाही मचा दी। कई जगहों पर पेड़ गिर गये, जिससे रोड अवरूद्ध हो गया। बिजली के पोल पर पेड़ गिरने से कई पोल भी उखड़ गये। इससे घंटों बिजली आपूर्ति ठप रही। इस दौरान राज्य भर में वज्रपात की घटनाओं में कई लोगों की मौत की भी खबर है।

**राजधानी की सड़कें, गलियां जलमग्न :** राजधानी में ही भारी भारी बारिश से नालियों के पानी से सड़कें और गलियां जलमग्न हो गयीं। मुख्य सड़कों पर भी लगभग दो से ढाई फिट पानी बह रहा था। नालियों की सफाई नहीं करने से नालियों का गंदा पानी सड़कों पर बहने लगा। गंदा पानी कई लोगों के घरों मे घुस गया। इससे लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पडा। तापमान में कमी तो हुई पर लागों की परेशानी बढ़ गयी। मौसम विभाग ने पहले ही बारिश, हवा और वज्रपात को ले कर अलर्ट किया था। (शेष पेज 11 पर)



# शराब घोटाले में विनय चौबे गजेंद्र सिंह गिरफ्तार, जेल गये

## एसीबी की कार्रवाई : तीन जून तक न्यायिक हिरासत में भेजे गये

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** शराब घोटाले के आरोपी आईएएस अधिकारी विनय कुमार चौबे और उत्पाद विभाग के संयुक्त आयुक्त गजेंद्र सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। गिरफ्तारी के बाद दोनों को एसीबी के विशेष न्यायाधीश योगेश कुमार सिंह की अदालत में पेश किया गया, जहां से कोर्ट ने 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजने का फैसला सुनाया। अगली सुनवायी अब 3 जून को होगी। इससे पहले एसीबी ने करीब छह घंटे तक दोनों अधिकारियों से पूछताछ की। पूछताछ के बाद कड़ी सुरक्षा के बीच दोनों को एसीबी की कोर्ट में पेश किया गया था। कोर्ट में पेशी से पहले दोनों का मेडिकल जांच भी करवाया गया।



मंगलवार सुबह एसीबी की एक टीम तत्कालीन उत्पाद सचिव श्री चौबे के आवास पहुंची और उन्हें गाड़ी में बिठाकर एसीबी ऑफिस लाया गया। जांच टीम ने इसी दौरान पूर्व संयुक्त उत्पाद आयुक्त गजेंद्र सिंह को भी पूछताछ के लिए बुला लिया था। लंबी पूछताछ के बाद दोनों को हिरासत में ले लिया गया।

**क्या है पूरा मामला :** वर्ष 2021 के अंतिम दिनों में राज्य उत्पाद विभाग ने छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग लिमिटेड को झारखंड में शराब के राजस्व बढ़ाने के लिये सलाहकार नियुक्त किया गया।

(शेष पेज 11 पर)

### 38 करोड़ की क्षति पहुंचाने का साक्ष्य

विनय कुमार चौबे (तत्कालीन प्रधान सचिव, उत्पाद एवं मद निषेध विभाग, रांची सह तत्कालीन निदेशक, झारखंड रॉच विबरेजेज कॉरपोरेशन लिमिटेड, एमडी, जेएसबीसीएल ) और प्राथमिकी अभियुक्त गजेन्द्र सिंह (संयुक्त आयुक्त, उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग, झारखंड रांची) के खिलाफ एसीबी थाने में कांड संख्या 09/2025 दर्ज की गयी है। प्रावधान का अनुपालन कियान्वयन नहीं कर जालसाजी धोखाधड़ी कर सामुहिक अपराध और अनैतिक लाभ पहुंचाये जाने परिणाम स्वरूप झारखंड सरकार को लगभग 38 करोड़ का नुकसान होने संबंधित साक्ष्य मिले थे। इसी आधार पर मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग से अनुमोदन के बाद श्री चौबे और गजेन्द्र सिंह व अन्य के खिलाफ मामला दर्ज है।

## कार्टून कोना




### डिमना लेक से दोनों छात्रों के शव बरामद

**पूर्वी सिंहभूम।** बोड़ाम थाना क्षेत्र स्थित डिमना लेक से मंगलवार को दो किशोर छात्रों के शव बरामद किये गये। सोमवार देर शाम नहाने के दौरान डूबे मानगो के नितिन गोराई (17) और प्रतीक रजक (15) की तलाश प्रशासन और गोताखोरों की टीम की ओर से देर रात तक की गयी, पर शव बरामद नहीं किया जा सका। मंगलवार को सुबह दोनों के शव बरामद कर लिये गये। दोनों शव मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। नितिन चांडिल पॉलिटेक्निक कॉलेज का छात्र था और प्रतीक आदिवासी प्लस टू हाई स्कूल, बांगुड़दा के शिक्षक जयंत रजक का पुत्र था। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

# टीएसी की बैठक आज, भाजपा नहीं जायेगी

## सत्ता पक्ष ने बोला हमला, सियासत तेज

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** लंबे समय बाद 21 मई को हो रहे ट्राइबल एडवाइजरी काउंसिल की बैठक मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में हो रही है। बैठक में सीएनटी, पेसा, डीवीसी हाइडल प्रोजेक्ट सहित कई प्रस्तावों पर चर्चा होने की संभावना है। इन सबके बीच इस बैठक से पहले इसपर सियासत शुरू हो गयी है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने बैठक में भाजपा के नहीं जाने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि यह सरकार आदिवासी विरोधी है। लगातार आदिवासी समाज पीड़ित हो रहा। ऐसे में टीएसी की बैठक का भाजपा बहिष्कार करती है। उन्होंने इस बैठक को असंवैधानिक करार दिया।

**झामुमो-कांग्रेस ने भाजपा की निंदा की**

वहीं सत्तारूढ़ झामुमो-कांग्रेस ने भाजपा के फैसले की निंदा करते हुए आदिवासी विरोधी बताया है।





झामुमो ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा है कि इस राज्य के आदिवासी समाज के मुद्दे पर भाजपा हमेशा से लग रही है। उसे समाज की चिंता नहीं है। झामुमो मे कहा कि लोकसभा और विधानसभा चुनाव में भी भाजपा को जवाब मिला और आगे भी मिलेगा। भाजपा का चाल चरित्र और चेहरा उजागर हो चुका है। वहीं कांग्रेस ने कहा कि 'बैठक में भाग नहीं लेना संवैधानिक मर्यादा का उल्लंघन है। इससे साफ जाहिर होता है कि आदिवासियों के उत्थान और विकास की चिंता इन्हें नहीं है।

## वर्ल्ड हेल्थ असेंबली के 78वें सत्र को पीएम मोदी ने किया संबोधित

# योगा फॉर वन अर्थ, वन हेल्थ का दिया थीम

### कमजोर लोगों की सेहत पर ध्यान देना जरूरी

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी ने मंगलवार को जिनेवा में वर्ल्ड हेल्थ असेंबली के 78वें सत्र को संबोधित किया। उन्होंने बताया, जून में 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है। इस साल इसकी थीम है 'योगा फॉर वन अर्थ, वन हेल्थ ' दुनिया को योग देने वाले देश से होने के नाते, मैं सभी देशों को इसमें भाग लेने के लिए आमंत्रित करता हूं। मैं विश्व स्वास्थ्य संगठन और सभी सदस्य देशों को क्व्इ संधि की सफल वार्ता के लिए बधाई देता हूं। यह एक स्वस्थ ग्रह का निर्माण करते हुए भविष्य की महामारियों से अधिक सहयोग के साथ लड़ने की साझा प्रतिबद्धता है। यह वैश्विक स्वास्थ्य के लिए भारत के दृष्टिकोण के अनुरूप है। पीएम ने बताया कि जब उन्होंने 2023 में इस सभा को संबोधित किया था, तो उन्होंने 'वन अर्थ, वन हेल्थ' के बारे में बात की थी।

उन्होंने कहा, एक स्वस्थ दुनिया का भविष्य समावेशिता, इंटिग्रेटेड अप्रोच और कॉलोब्रेशन पर निर्भर करता है। समावेशिता भारत के स्वास्थ्य सुधारों के मूल में है। हम आयुष्मान भारत चलाते हैं - जो दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य बीमा योजना है।

(शेष पेज 11 पर)




### कमजोरों की सेहत पर ख्याल

पीएम मोदी ने वीडियो कांफ्रेन्स से संबोधित करते हुए कहा कि दुनिया का स्वास्थ्य इस बात पर निर्भर करता है कि हम सबसे कमजोर लोगों की कितनी अच्छी तरह देखभाल करते हैं। उन्होंने कहा कि एक स्वस्थ दुनिया का भविष्य समावेश, एकीकृत दृष्टिकोण और सहयोग पर निर्भर करता है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में प्रौद्योगिकी की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए मोदी ने गर्भवती महिलाओं और बच्चों के टीकाकरण पर नजर रखने वाले डिजिटल प्लेटफॉर्म और अद्वितीय डिजिटल स्वास्थ्य पहचान प्रणाली जैसी भारत की डिजिटल पहलों को रेखांकित किया, जो लाभ, बीमा, रिकॉर्ड और सूचना को एकीकृत करने में मदद कर रही है।

नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः ।
न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारूतः ।।

श्रीलेदर्स नमन् करता है अपने संस्थापक को उनकी 35वीं पुण्यतिथि के अवसर पर



पूज्यनीय सुरेश चंद्र डे
स्वपनद्रष्टा • योद्धा • प्रेरणास्त्रोत
21.04.1911 - 21.05.1990

परिश्रम जिसका कर्तव्य था, परमार्थ जिसकी भक्ति थी!
परिवार जिसका मंदिर था, स्नेह जिसकी शक्ति थी
ऐसी आत्मा को ईश्वर शांति प्रदान करें!
आपका प्रेममय स्वभाव हमारे लिए प्रेरणादायक रहेगा!!

Sreeleathers
समस्त साकची श्रीलेदर्स परिवार

## भाजपा ने कांग्रेस और झामुमो पर सरना धर्म कोड के मुद्दे पर घड़ियाली आंसू बहाने का आरोप लगाया

# यूपीए सरकार ने सरना धर्म कोड को किया था रिजेक्ट

■ कांग्रेस और झामुमो सरना धर्म कोड के मुद्दे पर पूरे तरीके से हो गई एक्सपोज

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा कि सरना धर्म कोड के मुद्दे पर कांग्रेस और झामुमो घड़ियाली आंसू बहाकर आंदोलन का नाटक कर रही है। श्री शाहदेव मंगलवार को पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और झामुमो की संयुक्त यूपीए की सरकार में तत्कालीन आदिवासी कल्याण मंत्री वी किशोर चंद्रदेव ने 11 फरवरी, 2014 को पत्रांक संख्या 16016 के जरिये सरना धर्म कोड को अव्यवहारिक बताते हुये इसे खारिज कर दिया था। आदिवासी कल्याण मंत्री किशोर चंद्र देव ने यह भी कहा था कि ऐसी मांग को मानने से दूसरे धर्म से भी सैकड़ों मांग आ सकती है। इसीलिए इस मांग का विरोध है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस और झामुमो तो सरना धर्म कोड के मुद्दे पर पूरे तरीके से एक्सपोज हो गई। उन्होंने कहा कि जब वह केंद्र में सत्ता में थी तो इन्होंने इसे खारिज किया था। आज केंद्र में सत्ता से बाहर है तो इस पर आंदोलन करने की बात कर रहे हैं। जनता इनकी सारी चालबाजियों को समझती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और झामुमो ने बेशर्मी की सारी सीमाओं को तोड़ दिया है। वर्ष 2014 के अपने सरना धर्म कोड की मांग को खारिज करने वाले कुकृत्य को भूलकर फिर से एक बार आंदोलन और धरना प्रदर्शन की बातें कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सर्वप्रथम इन दोनों दलों को सरना आदिवासी समाज से अपने 2014 के कुकृत्य के लिए सार्वजनिक रूप से माफी मांगने चाहिये। उन्होंने कहा कि कांग्रेस 50 वर्षों से ज्यादा समय तक देश में शासन की। झामुमो भी लंबे समय तक इनकी पिछलग्गू बनी रही लेकिन, उन्होंने आदिवासी के हितों में कोई कार्य नहीं किया। उल्टे ही आदिवासी कल्याण मंत्री ने आधिकारिक रूप से सरना धर्म कोड को लिखित रूप से खारिज भी किया। इस अवसर पर अजीत भगत, अशोक मुंडा एवं सोनी हेंब्रम भी उपस्थित थीं।

# भाजपा ने आदिवासियों की मांगों को हमेशा किया दरकिनार : झामुमो

### भाजपा के बयान पर झामुमो की प्रतिक्रिया

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** भाजपा द्वारा सरना धर्म कोड के मुद्दे पर झामुमो पर लगाए गए आरोपों को लेकर झामुमो ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। झामुमो के महासचिव विनोद कुमार पांडेय ने कहा कि भाजपा को आदिवासियों के हितों से कोई सरोकार नहीं है, वह सिर्फ राजनीतिक स्वार्थ के लिए इस मुद्दे को उछाल रही है। उन्होंने कहा कि सरना धर्म कोड आदिवासी अस्मिता और सांस्कृतिक पहचान का सवाल है, जिसे लेकर झामुमो शुरू से गंभीर रहा है। भाजपा ने हमेशा आदिवासियों की मांगों को दरकिनार किया और उनके अधिकारों को कुचलने का प्रयास किया है।

विनोद पांडेय ने आरोप लगाया कि भाजपा की सरकार ने न तो 2014 से पहले और न ही बाद में कभी ईमानदारी से सरना धर्म कोड के समर्थन में कोई पहल की। उल्टे उनकी सरकारों ने वनाधिकार कानून और स्थानीय नीति जैसे महत्वपूर्ण मसलों पर आदिवासियों के खिलाफ कार्य किया है। उन्होंने कहा कि सरना धर्म कोड की मांग कोई नयी नहीं है, बल्कि यह वर्षों पुरानी सामाजिक मांग है, जिसे भाजपा अब राजनीति का मुद्दा बना रही है। भाजपा को जवाब देना चाहिए कि उनकी सरकार ने इतने वर्षों में इस कोड को लागू क्यों नहीं किया। झामुमो महासचिव ने स्पष्ट किया कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सरकार सरना धर्म कोड को लेकर गंभीर है और इसे जल्द से जल्द लागू करने के लिए केंद्र सरकार पर दबाव बना रही है।

### बीजेपी सरना धर्म कोड पर अपनी मंशा स्पष्ट करे : सोनाल शांति

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने बीजेपी के आरोपों पर पलटवार करते हुए कहा है कि भाजपा, झामुमो पर आरोप लगाने से पहले अपनी मंशा स्पष्ट करे कि वह सरना धर्म कोड के मामले पर क्या चाहती है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा आदिवासी समुदाय को वोट बैंक का मोहरा बनाती रही है। भाजपा अपने को आदिवासियों का सच्चा हितैषी बताती है लेकिन सच यह है कि वह आदिवासियों के मुद्दों पर गंभीर नहीं है। तना ही नहीं अर्जुन मुंडा केंद्र में जनजातीय मंत्री थे, लेकिन सरना धर्म कोड पर कोई पहल नहीं की। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार ने सरना धर्म कोड बिल को पारित कर केंद्र सरकार के पास भेजा है, लेकिन आज तक केंद्र सरकार इस पर कोई कार्रवाई नहीं की है।

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने राज्य सरकार को पत्र लिखकर किया था आगाह

# शराब घोटाले में सीबीआई की जांच से बचने के लिए करायी गयी एसीबी की कार्रवाई : बाबूलाल मरांडी

■ मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से सीबीआई जांच का आदेश देने का किया आग्रह

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने मंगलवार को शराब घोटाले में एसीबी की कार्रवाई पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि हम शुरू से कहते रहे हैं कि झारखंड में शराब घोटाला हुआ है। सरकार को हमने यह घोटाला जो आज सामने आ रहा है, के बारे में 19 अप्रैल 2022 को ही पत्र लिखकर पहले ही बता दिया था। हमने तो छत्तीसगढ़ शराब घोटाले के पहले ही बता दिया था कि माफियाओं के साथ मिलकर किन-किन लोगों को काम में लिया जायेगा। उन्होंने कहा कि लेकिन सरकार ने मेरी बातों को न सिर्फ- बिल्कुल अनसुना कर दिया। बल्कि मजे से घोटाला किया और घोटाला होने दिया।

उन्होंने कहा कि आज उसी मामले में छत्तीसगढ़ में कार्रवाई हो रही है। मामला ईडी और सीबीआई तक पहुंच गया है। लगता है कि छत्तीसगढ़ में जारी सीबीआई जांच के भय से अब बड़ी मछलियों को बचाने के लिए कुछ लोगों को बली का बकरा बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री, अगर आप सच में शराब घोटाले की सच्चाई उजागर करना चाहते हैं, तो इस मामले की सीबीआई से जांच कराने का आदेश दें।

### बिनय चौबे की गिरफ्तारी से हेमंत सरकार की खुलेगी पोल : दीपक



**रांची।** शराब घोटाले के सिलसिले में वरिष्ठ आईएएस अधिकारी विनय कुमार चौबे को भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के द्वारा गिरफ्तार किये जाने पर राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि एसीबी की ओर से जिस अधिकारी पर छत्तीसगढ़ और झारखंड शराब घोटाले को लेकर केंद्रीय एजेंसी की जांच चल रही थी, उसे खुद राज्य सरकार की जांच एजेंसी के द्वारा गिरफ्तार किया जाना एक नाटक से अधिक कुछ नहीं है। केंद्रीय एजेंसी की गिरफ्तारी और पूछताछ से बचाने की एक कवायद की जा रही है। उन्होंने कहा कि जबतक इस मामले का पटाक्षेप न हो जाये तब तक संघर्ष जारी रहेगा। इस मामले को उचित स्थान पर उठायेंगे और दोषियों को सजा अवश्य दिलवायेंगे।

# आदिवासी युवाओं को नशे के दलदल में धकेलने का प्रयास कर रही राज्य सरकार : चंपई सोरेन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने राज्य सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार आदिवासी समाज की युवा पीढ़ी को नशे के दलदल में धकेलना चाहती है। दरअसल 21 मई को प्रस्तावित टीएसी की बैठक से पहले झारखंड सरकार ने जो एजेंडों की सूची जारी की है, उसमें राज्य के आदिवासी बहुल गांवों में शराब की दुकानें एवं बार खोलने का लाइसेंस देने की बात कही गई है। इसी मुद्दे पर पूर्व सीएम चंपई सोरेन ने कहा कि अपने सार्वजानिक जीवन की शुरूआत, मैंने नशा-विरोधी मुहिम से की थी। झारखंड की युवा पीढ़ी को नशे के दलदल में धकेलने की इस कोशिश का पुरजोर विरोध होगा।

पूर्व सीएम ने राज्य सरकार पर सवाल उठाते हुए कहा कि टीएसी का गठन राज्यपाल के संरक्षण में करने की परंपरा रही है, जिसे इस राज्य सरकार ने तोड़ दिया है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब यह संस्था आदिवासियों के हित में काम करने के लिए बनी है, तो फिर टीएसी में सरकार का बहुमत होते हुए भी पिछले कई वर्षों से पेसा समेत आदिवासियों से जुड़े अन्य मामलों पर कोई ठोस परिणाम क्यों नहीं दिखते? उन्होंने राज्य सरकार द्वारा कोल्हान क्षेत्र में में कई वर्षों पहले रूकी हुई ईचा-खरकाई डैम परियोजना को दोबारा शुरू करने का भी विरोध किया। उन्होंने सवाल उठाया कि जब उनकी अध्यक्षता में बनी समिति ने इस मुद्दे पर बहुत पहले फैसला लिया था, तो फिर से 124 गाँवों को विस्थापित करने का निर्णय क्यों लिया जा रहा है?


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, रामगढ़**
Email ID - eedwsd.ramgarh@gmail.com
**आवश्यक सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया गया है कि पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, रामगढ़ अन्तर्गत प्रकाशित निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 06/2024–25 दिनांक 23.12.2024 जिसका P.R.No. 342704 Drinking Water & Sanitation(24-25)#D तकनीकी /अपरिहार्य कारणवश रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियन्ता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल,
रामगढ़

PR 353056 Drinking Water and Sanitation(25-26)D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल संख्या–1, रॉंची**

**शुद्धि पत्र**

एतद् द्वारा भवन निर्माण विभाग में निबंधित सभी समुचित श्रेणी के संवेदकों को सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के पत्रांक–1590(अनु०) दिनांक 09.05.2025 पी०आर०संख्या–352046 Building(25-26):D द्वारा प्रकाशित ई–निविदा आमंत्रण सूचना निम्नवत पढ़ा जाय –

| Sl. No. | Tender Reference No. | Work Name | Amount (Rs.) | Completion Time |
|---|---|---|---|---|
| 1 | BCD/Div. No.-1, Ranchi/ 08/2025-26 | Renovation of Multipurpose Hall in Judges Colony at Kanke Road, Ranchi | 5804400 | Two Month |
| 2 | Start Date of Submission of Bids | | 21-05-2025 at 11.00 AM | |
| 3 | Last Date/Time of Submission of Bids | | 28-05-2025 at 11.00 AM | |
| 4 | Date/Time of Opening of Bid | | 29-05-2025 at 11.00 AM | |

एवं अन्य शर्तें पूर्ववत् रहेगी।

कार्यपालक अभियंता
भवन निर्माण विभाग
भवन प्रमण्डल संख्या–1, रॉंची

PR 352976 Building(25-26)#D



**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, कोडरमा**

**अज्ञात शव :– आवश्यक सूचना**



सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि चन्दवारा थानान्तर्गत अज्ञात वाहन से धक्का लगने के कारण उक्त व्यक्ति का मृत्यू हो गया है। उक्त अज्ञात मृतक का शव जिसकी पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। उक्त मृतक पुरुष का हुलिया इस प्रकार है। उम्र–लगभग 30 वर्ष, लम्बाई करीब 05 फीट 06 ईंच, रंग–सांवला, पहनावा–काला रंग का ट्राउजर पहने हुए है। इस संबंध में चन्दवारा थाना कांड सं0–39/25, दिनांक–18.05.2025, धारा–281/106 बी0एन0एस0 दर्ज किया गया है। यदि किसी को उक्त अज्ञात पुरुष का शव के बारे में जानकारी मिले तो, इसकी सूचना निम्नलिखित पता/मोबाईल नंबर पर दें।

पुलिस अधीक्षक, कोडरमा :– 9431706350,
पुलिस उपा0 (मु0) कोडरमा :– 7004507974,
थाना प्रभारी, चन्दवारा :– 7903896228,

पुलिस अधीक्षक,
कोडरमा

PR 353074 Police(25-26).D


### जेपीएससी में असिस्टेंट प्रोफेसर के पदों पर भर्ती के लिए 22 से इंटरव्यू




**रांची।** झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) ने राज्य के मेडिकल कॉलेजों में असिस्टेंट प्रोफेसर के 110 पदों पर भर्ती के लिए इंटरव्यू की नई तारीखें घोषित कर दी हैं। अब यह इंटरव्यू 22 से 25 मई तक आयोजित किया जाएगा। अभ्यर्थी अपनी जन्मतिथि और रजिस्ट्रेशन नंबर की मदद से जेपीएससी की आधिकारिक वेबसाइट से एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं।

**73 अभ्यर्थियों के आवेदन खारिज** : 73 अभ्यर्थियों के आवेदन खारिज कर दिए गए हैं। अनुभव की अनिवार्यता पूरी न करना, न्यूनतम आयु सीमा से कम होना और अन्य तकनीकी या दस्तावेज संबंधी खामियों के कारण अवेदन खारिज किये गये हैं। केवल वही अभ्यर्थी इंटरव्यू में शामिल हो सकते हैं, जिन्होंने सभी आवश्यक शैक्षणिक योग्यता और अनुभव की शर्तें पूरी की हैं।

# प्रधानमंत्री कल गोविंदपुर रोड रेलवे स्टेशन का करेंगे ऑनलाइन उद्घाटन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत विकसित गोविंदपुर रोड रेलवे स्टेशन का उद्घाटन 22 मई को सुबह 9:30 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से करेंगे। इस अवसर पर देशभर के 103 स्टेशनों का लोकार्पण और समर्पण भी किया जाएगा, जिनमें गोविंदपुर रोड स्टेशन भी शामिल है। स्टेशन के उद्घाटन की तैयारियों को लेकर मंगलवार को दक्षिण पूर्व रेलवे के रांची डिवीजन की वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक सह मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सूची सिंह ने स्टेशन का दौरा किया। उन्होंने विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि गोविंदपुर रोड स्टेशन का कायाकल्प लगभग 6.65 करोड़ रुपये की लागत से किया गया है।

**यात्रियों के लिए मिलेंगी अत्याधुनिक सुविधाएं :** मंडल की वाणिज्य प्रबंधक ने बताया कि पुनर्विकास के बाद स्टेशन को यात्रियों के लिए सुविधाजनक, सुरक्षित और तकनीकी रूप से उन्नत बनाया गया है। नई स्टेशन बिल्डिंग, विस्तृत प्रतीक्षालय, आधुनिक कम्प्यूटरीकृत टिकट काउंटर, हाई लेवल प्लेटफॉर्म, प्लेटफॉर्म शेड, फुट ओवर ब्रिज, रैंप और लिफ्ट जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं। इसके अलावा वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगों और सामान लेकर चलने वाले यात्रियों के लिए विशेष रैंप और लिफ्ट की व्यवस्था की गई है। स्टेशन परिसर में पेयजल सुविधा, स्वच्छ शौचालय, मोबाइल चार्जिंग प्वाइंट्स, डिजिटल डिस्प्ले बोर्ड, सुनियोजित पार्किंग एरिया और बेहतर अप्रोच रोड का निर्माण किया गया है।

**यात्रा अनुभव के साथ स्थानीय विकास को भी मिलेगा बल** : वाणिज्य प्रबंधक ने कहा कि गोविंदपुर रोड स्टेशन अब केवल एक ट्रांजिट पॉइंट नहीं, बल्कि एक भरोसेमंद और आरामदायक यात्रा अनुभव का केंद्र बन गया है। इस पुनर्विकास से जहां यात्रियों को आधुनिक सुविधाएं मिलेंगी, वहीं यह स्थानीय व्यवसाय, पर्यटन और क्षेत्रीय विकास को भी गति देगा।

# राज्य की पीडीएस दुकानों में 4जी ई-पॉस मशीन लगाने की प्रक्रिया शुरू

### खाद्य एवं उपभोक्ता मामले निदेशालय ने जारी किया टेंडर

▸▸ 63.72 करोड़ की लागत से पीडीएस दुकानों के लिए ई-पॉस मशीन खरीदने की दी गयी स्वीकृति

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** राज्य के करीब 25300 जन वितरण प्रणाली (पीडीएस) दुकानों में 4जी ई-पॉस मशीन लगाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। खाद्य एवं उपभोक्ता मामले निदेशालय ने सभी पीडीएस दुकानों में टू जी की जगह फोर जी ई-पॉस मशीन बदलने के लिए टेंडर जारी किया है। जेम पोर्टल से होने वाली टेंडर प्रक्रिया में सभी फोर जी ई-पॉस मशीन का आधार इनेबल होना अनिवार्य किया गया है। टेंडर भरने की अंतिम तिथि 10 जून है। वहीं, टेंडर का बिड 11 जून को खोला जाएगा। बताते चलें कि राज्य की 23,300 पीडीएस दुकानों के लिए 4 जी ई-पॉस मशीन खरीदने का निर्णय तत्कालीन मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के कार्यकाल में हुआ था। फरवरी 2024 में हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में 63.72 करोड़ की लागत से पीडीएस दुकानों के लिए ई-पॉस मशीन खरीदने के विभाग के प्रस्ताव पर स्वीकृति मिली थी। इसके अलावा मशीन के मेंटेनेंस के लिए भी मंत्रिपरिषद ने प्रति वर्ष 28.67 करोड़ रुपए खर्च करने का प्रावधान किया है।

बता दें कि वर्तमान में सभी पीडीएस दुकानों में टू जी ई-पॉस मशीन के सहारे राशन कार्ड धारक लाभुकों को खाद्यान्न का वितरण किया जा रहा है। इससे कई समस्या सामने आने की शिकायत मिलती रही है। इसका सबसे प्रमुख समस्या नेटवर्क सर्वर की रहती है। इस कारण पीडीएस दुकानों में लंबी कतार देखने को मिलती है। लाभुकों को घंटों लाइन लगने के बाद खाद्यान्न वितरण आंशिक रूप से ही होता है। इससे लाभुकों द्वारा खाद्यान्न वितरण में भ्रष्टाचार की शिकायत की जाती है। इसी तरह प्रत्येक लाभुकों का चावल, गेहूं, चना दाल, थैला एवं कैलेंडर का अलग-अलग फिंगर लेना पड़ता है। इससे डीलरों से मनमुटाव होता है। इसे देखते हुए प्रस्तावित टेंडर में आधार इनेबल फोर जी ई-पॉस सिस्टम का जिक्र किया गया है। टू जी मशीन होने से राशन कार्डधारियों का ई-केवाईसी, दूरदराज या सुदूरवर्ती क्षेत्रों में लाभुकों को कम खाद्यान्न मिलने की भी समस्या आती रही है।

## गोड्डा में संविधान बचाओ रैली में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने भाजपा पर निशाना साधा

# संविधान खत्म कर मनुस्मृति लागू करना चाहती है भाजपा : केशव महतो कमलेश

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची/गोड्डा।** कांग्रेस पार्टी की ओर से संविधान बचाओ अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत जगह-जगह संविधान बचाओ रैली निकाली जा रही है। इस कड़ी में मंगलवार को गोड्डा में कांग्रेस पार्टी की ओर से संविधान बचाओ रैली आयोजित की गई। जिसमें बड़ी संख्या में कांग्रेस के नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए। संविधान बचाओ रैली में प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि भाजपा के लोग लोकसभा चुनाव में 400 पार का नारा दे रहे थे, क्योंकि वो संविधान को खत्म कर उसकी जगह मनुस्मृति लागू करना चाहते हैं लेकिन संविधान को बचाने के लिए कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी सड़क से लेकर सदन तक आंदोलन कर रहे हैं। कांग्रेसी नेताओं ने केंद्र कि मोदी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि ये लोग केवल कुर्सी बचाने में लगे हुए हैं, बीजेपी के लोगों को संविधान की परवाह नहीं है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि देश में कांग्रेस ही एक मात्र पार्टी है, जो संविधान की रक्षा कर सकती है।



संविधान बचाओ रैली के दौरान मंच पर उपस्थित कांग्रेस नेता

**पूंजीपतियों को बचाने में जुटी है भाजपा : प्रदीप यादव**

झारखंड कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव ने कहा कि भाजपा के नेता संविधान को नहीं, बल्कि अपने पूंजीपति दोस्तों को बचाने में लगे हुए हैं। उन्होंने कहा कि जब तक शत प्रतिशत गोड्डा वासियों को पावर प्लांट में नौकरी नहीं मिलेगी, हमारा आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि हम हमेशा से गरीबों, पिछड़ों, दलितों और आदिवासियों के हितों की रक्षा के लिए संघर्ष करते रहे हैं। वहीं सभा को पूर्व मंत्री बंधु तिर्की, पूर्व सांसद प्रदीप बालमुचू, फुरकान अंसारी, विधायक सुरेश बैठा समेत कई नेताओं ने भी संबोधित किया।

# राज्य में नये खेल प्रशिक्षकों की बहाली प्रक्रिया जल्द होगी शुरू

### 13 उम्मीदवारों की प्राथमिक सूची की गयी तैयार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** खेल निदेशालय द्वारा रांची जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में नए खेल प्रशिक्षकों की बहाली प्रक्रिया जल्द ही शुरू की जायेगी। निदेशालय को मिली लगभग 70 आवेदनों में से 13 उम्मीदवारों की प्राथमिक सूची तैयार कर ली गई है। इसे अंतिम मंजूरी के लिए खेल विभाग को भेजा गया है। प्राथमिक सूची में पांच महिला प्रशिक्षकों के नाम भी शामिल हैं। इससे महिलाओं की भागीदारी को भी बढ़ावा मिलेगा। महिला प्रशिक्षकों की नियुक्ति से खेल जगत में महिलाओं की भूमिका को और मजबूत किया जा सकेगा।

**नियुक्ति प्रक्रिया और मानदेय** : चयनित प्रशिक्षकों को सुपर स्किल्ड स्तर का मानदेय प्रदान किया जाएगा। ऐसा होने से उन्हें प्रोत्साहन मिलेगा और खेल प्रशिक्षण की गुणवत्ता में भी सुधार आएगा।

### विभिन्न खेलों के लिए प्रशिक्षकों की नियुक्ति

पारंपरिक खेलों के साथ-साथ मलखंभ, लॉन बॉल और वुशू जैसे नये उभरते खेलों के लिए भी प्रशिक्षकों की नियुक्ति की जाएगी। एथलेटिक्स, खो-खो, कबड्डी, फुटबॉल और बास्केटबॉल जैसे प्रमुख खेलों के लिए भी प्रशिक्षक रखे जाएंगे

### ग्रामीण क्षेत्रों में खेल केंद्र बनाये जायेंगे

ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित खेल केंद्रों को भी इस योजना में शामिल किया गया है, जैसे कि मांडर, नामकुम और नगड़ी। स्थानीय प्रतिभाओं को प्रशिक्षित कर बेहतर अवसर प्रदान किए जाएंगे।

स्पीड न्यूज

## यूसिल के नये सीएमडी होंगे डॉ कंचन आनंद राव



**जादूगोड़ा/जमशेदपुर।** यूसिल के स्थाई अध्यक्ष सह प्रबंध निर्देशक का पद 14 महीने बाद मिल गया। इधर डॉक्टर कंचन आनंद राव को यूसिल का नया अध्यक्ष सह प्रबंध निर्देशक चुना गया है। आनंद राव हैदराबाद में भाभा एटोमिक रिसर्ज सेंटर में विभागाध्यक्ष थे। उनके नामों की घोषणा परमाणु ऊर्जा आयोग की ओर से की गई हुआ। संभावना है कि यूसिल के नये सी एम डी डॉ कंचन आनंद राव आगामी सितंबर तक योगदान देंगे।

## जमशेदपुर पहुंचने पर हुआ योद्धा का सम्मान



**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ ऑपरेशन सिंदूर के योद्धा व बीएसएफ के जवान श्री धीरज कुमार राय का स्वागत एवं सम्मान अंगवस्त्र, पुष्प गच्छ प्रदान कर एवं प्रथम पूज्य भगवान गणेश जी का मूर्ति सौप कर बधाई एवं शुभकामना दिया। जिलाध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे एवं वरिष्ठ नेतागणों ने कहा कि जमशेदपुर के जवान ने ऑपरेशन सिंदूर में योगदान दे कर जमशेदपुर का नाम रौशन किया है।

## गम्हरिया में भाजपा ने निकाली तिरंगा यात्रा



**गम्हरिया।** भारत-पाक युद्ध के बाद देश के शौर्य वीर सैनिक के सम्मान में भाजपा प्रखंड अध्यक्ष अमरेश गोस्वामी के नेतृत्व में मंगलवार को गम्हरिया में तिरंगा यात्रा निकाला गया। यह यात्रा दुर्गा पूजा मैदान से प्रारम्भ होकर विभिन्न क्षेत्रों से होते हुए लाल बिल्डिंग चौक पहुंचकर संम्पन्न हुई। इस दौरान भारत माता की जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। मौके पर पार्टी के प्रखंड प्रभारी मनोज तिवारी, विद्यासागर दुबे, मनोरंजन नंदी, विवेक कुमार, आरपी सिंह, प्रमोद पाठक भी थे।

## राज्यपाल से मिले डॉ दिनेशानंद गोस्वामी



**जमशेदपुर।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिनेशानंद गोस्वामी ने आज रांची स्थित राजभवन में राज्यपाल संतोष गंगवार से शिष्टाचार भेंट की। डॉ गोस्वामी ने राज्यपाल सह राज्य के कुलाधिपति से विश्वविद्यालय तथा कॉलेजों में शिक्षकों के रिक्त पदों पर शीघ्र नियुक्ति करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि शिक्षकों की कमी के कारण कॉलेजों में पठन-पाठन पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि लम्बे समय से शिक्षकों की बहाली न होने के कारण अधिकांश कॉलेजों में शिक्षकों की भारी कमी है।

## आंदोलनकारी सेबेयन गुड़िया का निधन,शोक

**आनंदपुर, पश्चिम सिंहभूम।** जल, जंगल, जमीन आंदोलन के पुरोधा पूर्व विधायक शहीद देवेंद्र माझी के साथी रहे चोड़ारप्पा निवासी सेबेयन गुड़िया का सोमवार की शाम निधन हो गया। निधन की खबर मिलने पर सांसद जोबा माझी मंगलवार को चोड़राप्पा गांव पहुंच सेबेयन गुड़िया का अंतिम दर्शन किये और श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान उन्होंने सेबेयन के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा सेबेयन ने क्षेत्र के लोगों को जल, जंगल और जमीन पर अधिकार दिलाने के लिए देवेंद्र माझी के साथ लंबा संघर्ष किया था। सेबेयन अभिभावक समान थे उनका निधन अपूरणीय क्षति हैं। सांसद ने सेबेयन के परिजनों से मुलाकात कर ढांढ़स बंधाया।

# हॉकी के साथ समर कैंप में बच्चों ने सीखे व्यक्तिगत विकास और एक स्वस्थ जीवनशैली के गुर : गुरमीत राव

- एनटीएचए का दूसरा समर कैंप शानदार सफलता के साथ संपन्न
- समर कैंप में बच्चों ने खूब की मौज मस्ती

**खबर मन्त्र ब्यूरो**






समापन समारोह में अतिथियों संग पुरस्कृत बच्चे और कैंप में खुशियां व्यक्त करते प्रतिभागी बच्चे।

**जमशेदपुर।** नवल टाटा हॉकी अकादमी (एनटीएचए) ने आज अपने दूसरे समर कैंप 2025 का सफलतापूर्वक समापन किया। यह समापन 10 दिनों के गहन प्रशिक्षण, सीख और आपसी सहयोग के बाद उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। 11 मई से 20 मई के बीच आयोजित इस कैंप में जमशेदपुर के विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों से 190 से अधिक युवा कैडेटों ने भाग लिया।

मुख्य अतिथि हेमंत गुप्ता, (सीईओ हॉकी ऐस फाउंडेशन और प्रमुख खेल अकादमियां), टाटा स्टील ने अपने प्रेरणादायक जीवन सफर को साझा करते हुए युवाओं को अपने लक्ष्यों के प्रति समर्पण और अनुशासन बनाए रखने की प्रेरणा दी। एक अनुभवी पर्वतारोही के रूप में उन्होंने 2017 में विश्व की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट पर विजय प्राप्त की थी।

समर कैंप का उद्देश्य सिर्फ फील्ड हॉकी की बुनियादी तकनीकों को सुधारना नहीं था, बल्कि शारीरिक फिटनेस, मानसिक स्वास्थ्य, टीम भावना और अनुशासन जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं पर भी विशेष ध्यान दिया गया। नियमित मूल्यांकन, व्यावहारिक सत्रों और प्रेरक गतिविधियों के जरिए इस कैंप ने प्रतिभागियों के सर्वांगीण विकास और खेल भावना सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया।

समारोह को संबोधित करते हुए एनटीएचए के प्रोजेक्ट डायरेक्टर गुरमीत सिंह राव ने सभी कैडेटों की मेहनत और प्रगति पर प्रशंसा व्यक्त की। उन्होंने कहा, यह कैंप केवल हॉकी तक सीमित नहीं था, बल्कि यह व्यक्तिगत विकास और एक स्वस्थ, सक्रिय जीवनशैली की नींव रखने का एक प्रयास था।

समारोह के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन, समर्पण और अनुशासन के लिए चयनित कैडेटों को सम्मानित किया गया। आगामी योजनाओं की जानकारी देते हुए एनटीएचए ने घोषणा की कि 26 मई से प्रत्येक बुधवार और शनिवार को प्रशिक्षण सत्र जारी रहेंगे, जो दोपहर 3:30 बजे से 5:00 बजे तक आयोजित किए जाएंगे। इसके लिए पंजीकरण फॉर्म शीघ्र ही उपलब्ध कराए जायेंगे।

कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जिसमें कैडेटों, कोचों, सहायक स्टाफ, स्वयंसेवकों और अभिभावकों की मेहनत और समर्थन की सराहना की गई। इसके बाद एक समूह फोटो लिया गया, जिसने इस आयोजन में एकता, उत्साह और सफलताओं की जीवंत भावना को खूबसूरती से कैद किया। सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र हेमंत गुप्ता और एनटीएचए के कोचिंग स्टाफ द्वारा प्रदान किये गये।

### कैंप के सर्वश्रेष्ठ प्रतिभागियों में शामिल थे

- अन्वि कुमार : चिन्मया विद्यालय
- रबीना माझी : करीम सिटी कॉलेज
- पौलस हस्सा और अनुज होरो : ज्ञानदीप स्कूल
- सारो मार्डी, सोनाली सोरेन, शिव हेम्ब्रम, आदिल पात्रो : मस्ती की पाठशाला
- आशीष कुमार : रामकृष्ण मिशन स्कूल
- नवजोत सिंह : हिल टॉप स्कूल
- पार्वती देवगन : एस.के. हाई स्कूल
- इशप्रीत कौर : मॉडर्न इंग्लिश स्कूल

# टीआरएफ में एक जून से लांच होगी वोलेंट्री रिटायरमेंट स्कीम

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




**जमशेदपुर।** टाटा स्टील के उद्यम टीआरएफ लिमिटेड अपने कर्मचारियों द्वारा वर्षों से किए गए अपार योगदान और हमारी विकास यात्रा में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को स्वीकार करते हुए जल्द ही नयी वीआरएस स्कीम लांच करने जा रही है। कंपनी के कॉर्पोरेट सेवाएं और संचार विभाग के प्रमुख कौशिक दत्ता ने बताया कि सेकंड इनिंग्स- स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति योजना के साथ, कंपनी ऐसे कर्मचारियों के प्रति अपना आभार व्यक्त करना चाहती है, ताकि उन्हें अपने जुनून को आगे बढ़ाने के लिए अपना समय समर्पित करने का अवसर मिले और कंपनी उनकी वित्तीय आवश्यकताओं का ध्यान रखे।

दत्ता ने बताया कि यह योजना 1 जून से 30 जून, 2025 तक स्थायी पदों पर कार्यरत अधिकारियों और यूनियन कर्मचारियों के लिए खुली है, जिनकी आयु 40 वर्ष हो गई है और जिन्होंने 31 मार्च, 2025 तक संगठन में 10 वर्ष की निरंतर सेवा पूरी कर ली है।

**क्या होगा फायदा :** प्रबंधन के अनुसार यह योजना वित्तीय स्थिरता के साथ सम्मानजनक अलगाव के लिए तैयार की गयी है, जिसमें वर्तमान मासिक सकल वेतन का न्यूनतम 50% - 75% भुगतान किया जायेगा, जिसमें एकमुश्त या मासिक पेंशन जैसे भुगतान विकल्प उपलब्ध हैं और 01 वर्ष तक कंपनी आवास सुविधा की निरंतरता और सेवानिवृत्ति की काल्पनिक आयु तक चिकित्सा सुविधा की निरंतरता भी स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति योजना में शामिल है।

# नीति आयोग में अच्छे कार्य के लिए कार्तिक झा हुए सम्मानित



सम्मान के साथ कार्तिक झा और सुबोध झा व उनकी धर्मपत्नी को सम्मानित करते कलेक्टर।

- समाजसेवी व भाजपा नेता सुबोध झा के बेटे हैं कार्तिक

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** आज दिनांक 20 मई को सिक्किम के सोरेन महात्मा बुद्ध सभा घर में भारत सरकार के नीति आयोग के तहत सिक्किम में अपना योगदान दे रहे झारखंड के जमशेदपुर के कार्तिक झा को सोशल वेलफेयर, शिक्षा एवं रूलर डेवलपमेंट कार्यों में अच्छा प्रदर्शन एवं कार्तिक झा के द्वारा बनाए गए प्रोजेक्ट को भारत सरकार के द्वारा मान्यता प्राप्त होने पर सिक्किम के कलेक्टर द्वारा कार्तिक झा को सम्मानित किया गया।

साथ ही कम उम्र होने एवं अच्छे कार्यो का प्रदर्शन करने एवं सिक्किम राज्य का मन मनोबल को बढ़ाने पर माता-पिता को भी सम्मानित किया गया। समाजसेवी सह जमशेदपुर जिला भाजपा मुख्यालय प्रभारी सुबोध झा ने ने कहा कि भारत सरकार के कार्यों में अच्छी तरह से कार्य करने का जो गौरव प्राप्त कार्तिक झा ने किया है,इससे हमारे झारखंड राज्य का मनोबल बढा है। मुझे अपने पुत्र पर गर्व है कि उन्होंने मात्र 22 वर्षों में स्वयं तो सम्मानित हुआ और अपने माता-पिता को भी सम्मान दिला कर गौरव प्राप्त किया है।

## एक नजर में

### मानगो : सैनिकों के सम्मान में निकली तिरंगा यात्रा



**जमशेदपुर।** मंगलवार को मानगो मंडल में सैनिको के सम्मान तथा ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के भाजपा के मंडल अध्यक्ष बिनोद राय के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाली गयी। मौके पर मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ जटा शंकर पाण्डेय उपस्थित थे। कहा कि ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पूरे विश्व को भारत की सैन्य क्षमता का लोहा मनवाने में सफल रहा। अब बिश्व का कोई भी देश भारत की तरफ आंख उठा कर देखने की हिमाकत नहीं करेगा। इसके लिए भारत की सेना, पीएम मोदी, गृह मंत्री अमित शाह तथा रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की जितनी भी प्रशंसा की जाय वो कम है। मौके पर ओबीसी मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता धर्मेंद्र प्रसाद, युवा मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारी तन्मय झा, स्वेता तिवारी, बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के जिला संयोजक बिकास जायसवाल, संतोष उपाध्याय, मनोज गिरी, घनश्याम साव, प्रो यु, पी सिंह, नित्यानंद सिन्हा, संजय सिंह, अर्जुन शर्मा, सुशील पाण्डेय, नवनीत तिवारी व कई देशभक्त थे।

### जनता दरबार : डीसी ने सुनी लोगों की समस्याएं



**जमशेदपुर।** नागरिकों की समस्याओं के त्वरित और प्रभावी समाधान हेतु समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में डीसी अनन्य मित्तल ने जनता दरबार का आयोजन किया । जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए नागरिकों ने कम्यूनिटी सेंटर, नाली जाम, राशन कार्ड, भू माफिया द्वारा अवैध कब्जा, पारिवारिक विवाद, जमीन के लेनदेन में पैसा का गबन, भूमि विवाद, सड़क निर्माण आदि समस्याएं एवं अन्य जनहित से संबंधित विषयों को उपायुक्त के समक्ष रखा। उपायुक्त ने सभी आवेदनों को गंभीरता से संज्ञान में लेते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे प्रत्येक मामले की त्वरित जांच कर निर्धारित समय सीमा के भीतर निष्पादन सुनिश्चित करें। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि आवेदकों द्वारा सूचना मांगे जाने पर उनके आवेदन की अद्यतन स्थिति से अवगत कराते रहें, जिससे पारदर्शिता बनी रहे। जनता दरबार का मूल उद्देश्य आम जन की शिकायतों की सुनवाई से शीघ्र समाधान करना है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जिला प्रशासन आम नागरिकों की सेवा और समस्याओं के समाधान हेतु पूरी तरह से प्रतिबद्ध है।

### बागबेड़ा में तीन स्थानों पर नि:शुल्क जल आपूर्ति



**जमशेदपुर।** पंचायत प्रतिनिधि एवं स्थानीय लोगों के आग्रह पर पूर्व जिप उपाध्यक्ष राजकुमार सिंह के निजी टैंकर से बागबेड़ा कॉलोनी रोड नंबर एक स्थित शांति निकेतन स्कूल के बगल में, बागबेड़ा गांधीनगर वॉयरलैस मैदान के समीप एवं बागबेड़ा लकड़िया बागान के समीप कुल तीन स्थानों पर जुस्को का नि:शुल्क शुद्ध पीने का पानी वितरण किया गया। उपरोक्त तीनों स्थानों पर पंचायत प्रतिनिधि एवं स्थानीय लोगों ने संयुक्त रूप से आठ संसदीय संचालन समिति का गठन कर समिति के देखरेख में कतार में लगकर बारी-बारी से स्थानीय लोगों के बीच पानी भरवाने का कार्य किया गया। पूर्व जिप उपाध्यक्ष राजकुमार सिंह ने कहा कि पूरे गर्मी तक जरूरतमंद स्थानों पर लगातार नि:शुल्क शुद्ध पानी वितरण होते रहेगा। पीने का पानी के लिए बागबेड़ा वासियों को दिक्कत नहीं होने दिया जायेगा।

### 44वीं पुण्यतिथि पर याद किये गये डॉ परमेश्वर



**जमशेदपुर।** भोजपुरी-हिंदी कविता-गीत- नवगीत के यशस्वी रचनाकार स्वर्गीय डॉ परमेश्वर दूबे शाहाबादी की 44वीं पुण्यतिथि (20 मई) पर स्मृति गोष्ठी साहित्यकार गंगा प्रसाद अरूण के आवास बिरसानगर में हुई। जिसकी शुरुआत सर्वप्रथम उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण, पुष्प अर्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। गोष्ठी में साहित्य के क्षेत्र में शहाबादी जी के साहित्यिक योगदान पर चर्चा हुई। उपस्थित लोगों ने उनके साथ बिताए पल को याद किया। इस अवसर पर गंगा प्रसाद अरुण, मनोकामना सिंह 'अजय', डा अमर कुमार सिंह, जयशंकर दूबे, राजेश भोजपुरिया, राजेश कुमार सिंह, संजय पाठक, जीतेश तिवारी, किशोर कुमार, अशोक कुमार सिंह इत्यादि उपस्थित थे।

### मां तुझे सलाम ने जमशेदपुर डीसी को सौंपा ज्ञापन



**जमशेदपुर।** मां तुझे सलाम संस्था के दो सदस्य टीम ने जमशेदपुर के उपायुक्त महोदय के नाम ज्ञापन दिया गया। इसमें कहा गया कि जमशेदपुर प्रखंड परिसर में 50 साल पुराना प्राथमिक विद्यालय खासमहल स्कूल है जिसमें गरीब बच्चे शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं , ब्लॉक परिसर में रहने के बावजूद भी सुविधा विहीन है इसलिए उपायुक्त महोदय के द्वारा इस स्कूल को गोद लिया जाए ताकि गरीब बच्चे पढ़ लिखकर उनका भविष्य बन सके। प्राथमिक विद्यालय खासमहल को माध्यमिक विद्यालय जल्द से जल्द बनाया जाए ताकि स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों को दूसरे स्कूलों में दूसरे पंचायत में न जा सके एवं मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराया जाए । इस स्कूल में तीन कमरे का नया भवन बनाया जाए ताकि बच्चा अराम से शिक्षा ग्रहण कर सके क्योंकि पुराने भवन में कंडम होने के चलते पानी गिरता है जिसके चलते पढ़ने वाले बच्चों को काफी दिक्कत होती है। स्कूल में एक और शिक्षक की बहाली की जाये। ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से संस्था के अध्यक्ष मोहम्मद अजहर खान, नंदकिशोर ठाकुर, राजू आदि शामिल थे।

# डीसी ऑफिस पर धरना की तैयारी में जुटा जदयू

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




**जमशेदपुर।** जमशेदपुर शहर की बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर दिनांक 22 मई को पूर्वी सिंहभूम के उपायुक्त कार्यालय के समक्ष आयोजित होने वाले विशाल धरना की तैयारियों के निमित जनता दल (यूनाइटेड) पूर्वी विस क्षेत्र के जिला पदाधिकारियों, थाना क्षेत्र के अध्यक्ष एवं मोर्चा के पदाधिकारियों की अहम बैठक बारीडीह कार्यालय में जिलाध्यक्ष सुबोध श्रीवास्तव की अध्यक्षता में हुई। इस विशाल धरने में शामिल होने के लिए बड़ी संख्या में पूर्वी विधानसभा क्षेत्र के जनता दल यूनाइटेड के कार्यकर्ता अपने-अपने मंडलों के कार्यकर्ताओं के साथ भारी संख्या में उपायुक्त कार्यालय पहुंचेंगे।

# सारंडा वन प्रमंडल के 1300 हेक्टेयर भूमि होगी रिजर्व, सीमांकन की प्रक्रिया आरंभ

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

- 16 साल के बाद उनका अभियान हुआ सफल : सरयू
- 23 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट में पेश होना है प्रारूप



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय ने सारंडा सघन वन क्षेत्र में से करीब 57000 हेक्टेयर क्षेत्र को वन्य जीव अभ्यारण्य बनाने के सुप्रीम कोर्ट के निर्देश का स्वागत किया है। सरयू राय ने कहा कि वह सारंडा संरक्षण अभियान के बैनर तले अभ्यारण्य बनाने की मांग 2009 से लगातार करते रहे हैं।

प्रसन्नता है कि सारंडा संरक्षण अभियान को 16 साल बाद ही सही, सफलता मिली। लक्ष्य पूरा हुआ, इसे लेकर भी खुशी है। यहां जारी एक बयान में सरयू राय ने कहा कि सारंडा वन प्रमंडल में क्षेत्र सीमांकन की प्रक्रिया आरंभ हो गई है। चाईबासा के उपायुक्त ने सर्किट हाउस में भेंट के दौरान इस बात की पुष्टि की। 23 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट में इसका प्रारुप पेश करना है। उसके पहले सरकार इसे तैयार कर लेगी। 57000 हेक्टेयर में वन्य जीव अभ्यारण्य बनेगा और उसके भीतर करीब 13000 हेक्टेयर क्षेत्र को रिजर्व घोषित किया जायेगा। सरयू राय ने कहा कि जब 1970 में सारंडा का वर्किंग प्लान बना था, तब उसमें यह अंकित था कि ब्रिटिश पीरियड में सारंडा के ससंडा इलाके को सेन्च्युरी के रुप में चिन्हित किया गया था।

# आज भाजपा मनायेगी लोकमाता रानी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती

- माइकल जॉन ऑडिटोरियम में आयोजित होगा कार्यक्रम
- प्रदेश अध्यक्ष सह नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी होंगे मुख्यातिथि

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



तैयारी बैठक करते महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा।

**जमशेदपुर।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा लोकमाता रानी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती को भव्य मनाने की तैयारी जोरों पर है। इस ऐतिहासिक अवसर को स्मरणीय बनाने हेतु पार्टी 21 से 31 मई तक अहिल्याबाई होल्कर स्मृति अभियान चला रही है। इसको लेकर भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक साकची स्थित जिला कार्यालय में सम्पन्न हुई। बैठक में जिला पदाधिकारी समेत विभिन्न मोर्चों के जिलाध्यक्षगण मौजूद रहे। बैठक में कार्यक्रम की सफलता को लेकर विस्तृत चर्चा की गई और सुझावों के आधार पर आयोजन की रूपरेखा तैयार की गयी।

# बालीजुडी पोटका में शोषितों का रंगमंच छह दिवसीय आवासीय कार्यशाला का शुभारंभ

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

- रंगमंच कलाकार वंशिका पाल (दिल्ली) और संकेत सीमा विश्वास (नाशिक) प्रशिक्षक भी भूमिका में



**पोटका/ जमशेदपुर।** भारतीय जन नाट्य संघ (इप्टा) के 82वे स्थापना दिवस के मौके पर जमशेदपुर इप्टा द्वारा शोषितों का रंगमंच छः दिवसीय आवासीय कार्यशाला का शुभारंभ मंगलवार को पोटका स्थित बालीजुडी पंचायत भवन में हुआ। शोषितों का रंगमंच लोगों का एक रंगमंच है, जिसका अभ्यास समाज के विभिन्न स्थितियों में संवाद की स्थिति बनाता है, और समाज में बदलाव का अवसर प्रदान करता है। कार्यशाला में विभिन्न आयु वर्ग के 30 से ज्यादा प्रतिभागी हिस्सा ले रहे है। दिल्ली से आई रंगमंच कलाकार वंशिका पाल और नाशिक से आए संकेत सीमा विश्वास कार्यशाला के दौरान प्रशिक्षक भी भूमिका में है। कार्यक्रम का समापन 25 मई की शाम बालीजुडी अखड़ा में होगा।

# देशभर में चार लेबर कोड रद करने के खिलाफ मजदूर संगठनों का विरोध प्रदर्शन

- 9 जुलाई को पुनर्निर्धारित हड़ताल के लिए और अधिक मजबूत तैयारी की घोषणा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




**जमशेदपुर।** आज पूरे देश के साथ-साथ कोल्हान में भी मजदूरों ने ट्रेड यूनियनों के संयुक्त मंच के बैनर तले जिला स्तरीय प्रदर्शन और माननीय प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपने के अलावा अपने कार्यस्थलों पर भी स्वतंत्र रूप से विरोध प्रदर्शन किया।

ट्रेड यूनियनों के संयुक्त मंच की ओर से जानकारी दी गई कि राष्ट्रीय स्तर पर संयुक्त मंच ने वर्तमान राष्ट्रीय परिस्थिति की समीक्षा के बाद,20 मई को प्रस्तावित मजदूरों की देशव्यापी आम हड़ताल को स्थगितकरते हुए, इसे 9 जुलाई पुनर्निर्धारित किया है। देश के जिम्मेदार और देशभक्त नागरिकों के रूप में, सभी तैयारियां पूरी होने के बावजूद, हड़ताल को स्थगित करना सरकार या पूंजीपतियों के लिए राहत नहीं, बल्कि संघर्ष को और अधिक व्यापक और तीव्र बनाने की रणनीति का एक हिस्सा मात्र है, चार श्रम संहिताओं (लेबर कोड) को रद्दकरने तथा अन्य मांगों को लेकर कार्यस्थल तथा श्रमिकों के आवासीय क्षेत्रों में उनकी जागरूकता के लिए चलने वाला जनसंपर्क एवं प्रचार भविष्य में भी जारी रहेगा। संयुक्त मंच की ओर से ये भी बताया गया कि,हड़ताल की घोषणाऔरदेश भर में संबंधित अधिकारियों को लाखों नोटिसदेने के बावजूद, केंद्र और कई राज्य सरकारों के संरक्षण में नियोक्ता वर्ग मजदूरों पर हमले जारी रखे हुए है।

काम के घंटों में मनमानी वृद्धि, न्यूनतम मजदूरी और सामाजिक सुरक्षा के अधिकारों का उल्लंघन तथा मजदूरों की गैरकानूनी छंटनी आम हो गई है। यह सब कुख्यात श्रम संहिताओं को लागू करने की साजिश का हिस्सा है। इतना ही नहीं, ट्रेड यूनियनों की लगातार मांग के बावजूद सरकार ने अब तक न तो किसी प्रतिनिधिमंडल से वार्ता की है, न ही भारतीय श्रम सम्मेलन बुलाया है। संयुक्त मंच के केन्द्रीय कार्यक्रम के तहत, आमबगान मैदान से एक प्रभावशाली रैली निकाली गई, जो जुबली पार्क गेट पर समाप्त हुई, जहां एक नुक्कड़ सभा आयोजित की गई, जिसमें वक्ताओं ने बताया कि माननीय प्रधानमंत्री को सौंपे गए ज्ञापन में लंबित 17 सूत्री राष्ट्रीय मांगों और जिले की ताम्र खदानों और संयंत्र के पुनरुद्धार की मांगों को रखा गया है।

## स्पीड न्यूज

### चापानल-जलमीनार करायें दुरूस्त : डीडीसी



**मेदिनीनगर।** डीसी शशि रंजन के निर्देश पर डीडीसी शब्बीर अहमद ने मंगलवार को पेयजल समस्या एवं उसके निदान के कार्यों की समीक्षा की। समाहरणालय सभागार में आयोजित बैठक में डीडीसी ने चापाकल एवं जलमीनार मरम्मति की अद्यतन स्थिति जानी। उन्होंने इससे संबंधित पंचायत स्तर की रिपोर्ट अप्राप्त होने पर कड़ी नाराजगी जतायी। उन्होंने गर्मी में सभी को गंभीरता से कार्य कर चापाकल एवं जलमीनार मरम्मत तेजी से करने को कहा। बैठक में पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता जेशन होरा, सहायक अभियंता, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण एवं जल जीवन मिशन के जिला समन्वयक आदि थे।

### एसडीपीओ ने रेहला थाना परिसर में संवेदकों के साथ की समीक्षा बैठक



**विश्रामपुर (पलामू)।** विश्रामपुर एसडीपीओ आलोक टूटी ने रेहला थाना परिसर में मंगलवार को संवेदकों के साथ बैठक की। जिसमें क्षेत्र में चल रहे निर्माण कार्य में लगी छोटी-बड़ी कंस्ट्रक्शन कंपनी के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में विकास कार्यों की गति व सुरक्षा मामले को लेकर चर्चा हुई। क्षेत्र के विकास कार्यों की निर्बाध प्रगति के जरूरी उपाय की विस्तृत समीक्षा भी की गयी। एसडीपीओ ने संवेदकों को सुरक्षा और सहयोग सुनिश्चित करने के लिए संबंधित थाना क्षेत्र के प्रभारियों को कई निर्देश दिये। ताकि कोई हिंसक, आपराधिक और उग्रवादी घटनाओं से समय रहते निपटा जा सके। बैठक में पुलिस निरीक्षक रामाशीष पासवान, थाना प्रभारी सौरभ चौबे, रेहला थाना प्रभारी गुलशन बिरुआ, नौगढ़ा ओपी प्रभारी अनिल यादव व कई संवेदक मौजूद थे।

### दो बाइकों की टक्कर में एक की मौत



**हुसैनाबाद।** थाना क्षेत्र के जपला-छतरपुर मुख्य सड़क के चौहान मोड़ के पास दो बाइकों की टक्कर में एक सवार की मौत हो गयी। मृतक हैदरनगर थाना क्षेत्र के बहेरा हरिजन बीघा का गोल्डन कुमार (19) है। पुलिस दोनों बाइक को कब्जे लेकर शव को पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सौंप दिया। मृतक की फुफेरा बहन की शादी थी। उसी में मां-पिता को हुसैनाबाद के खरार पहुंचा कर लौट रहा था।

### ऑपरेशन सिंदूर में सेना की वीरता पर भाजपा ने निकाली तिरंगा यात्रा



**हुसैनाबाद, पलामू।** हाल ही में भारतीय सेना के पाकिस्तान में ऑपरेशन सिंदूर से पाकिस्तान को धूल चटाने व सेना के साहसी एवं वीरता से पूरा देश भर में तिरंगा यात्रा निकाला जा रहा वहीं मंगलवार को जपला शहर में हुसैनाबाद मंडल ने तिरंगा यात्रा निकाली। कार्यक्रम की शुरुआत महावीर जी स्थान से मंडल अध्यक्ष डॉ अजय गुप्ता के नेतृत्व में सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं ने हाथ में तिरंगा लेकर शहर के गांधी चौक, मुख्य बाजार से जय प्रकाश चौक पर एक नुक्कड़ सभा की गयी। भ्रमण में भारत माता की जय, वंदे मातरम, भारतीय सेना जिंदाबाद, पाकिस्तान मुर्दाबाद आदि नारे लगाये गये। मौके पर प्रेमतोष सिंह, रामेश्वर राम उर्फ छठन, राजीव ठाकुर उर्फ कल्लू, उदयनाथ विश्वकर्मा, प्रदीप सिंह, संतोष सिंह उपस्थित थे।

### गोली मारकर पत्नी की हत्या, फरार



**पाटन पलामू।** थाना क्षेत्र के नौडीहा निवासी विनित सिंह ने अपनी पत्नी सिमरन की गोली मारकर हत्या कर दी। हत्या के बाद वह फरार हो गया। सूचना पाते ही पाटन थाना पुलिस घटनास्थल पहुंच शव को कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज भेज दिया। ज्ञात हो कि मृतका सिमरन मेदिनीनगर की रहनेवाली है। जिसका विवाह फरवरी में विनित के साथ हुआ था। विनित सिंह का अवैध संबंध की दूसरी महिला के साथ था। अवैध संबंध का पता मृतका को चला तो वह इसका विरोध करती थी। इसी को लेकर पति व पत्नी में विवाद होता रहता था।

### प्रखंड के सभी पंचायतों में 100 नये सदस्यों को जोड़ने का लक्ष्य : कृष्णा



**हुसैनाबाद पलामू।** हुसैनाबाद व्यापार मंडल कार्यालय में प्रखंड के सभी पैक्स अध्यक्षों की बैठक हुई। अध्यक्षता व्यापार मंडल अध्यक्ष कृष्ण बैठा ने की। बैठक में प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी सखीचंद दास भी थे। जिसमें पैक्स में सदस्यता वृद्धि अभियान पर चर्चा हुई। श्री बैठा ने कहा कि हुसैनाबाद प्रखंड में 23 पैक्स है। सभी में 100-100 सदस्य बढ़ाने का लक्ष्य दिया गया है। यह अभियान 25 अप्रैल से 24 मई तक चलाया जाना है। मौके पर पैक्स अध्यक्ष कमला देवी, सुरेश यादव, सुदय सिंह, अभय कुमार, बिमलेश पासवान, सुजीत मेहता, करण सिंह, अयोध्या सिंह, विश्वनाथ सिंह, बलराम मेहता समेत कई अन्य कई लोग उपस्थित थे।

### एक सप्ताह में बिजली व्यवस्था नहीं सुधरी, तो तालाबंदी : आशुतोष तिवारी



**मेदिनीनगर।** हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा सेक्युलर के पलामू जिलाध्यक्ष आशुतोष तिवारी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने बिजली विभाग के एसडीओ व जेई से मिलकर लचर बिजली व्यवस्था के कारण आम जनमानस को हो रही परेशानी के निवारण हेतु वार्ता की। प्रतिनिधिमंडल में हम पार्टी के जिला अध्यक्ष आशुतोष तिवारी, युवा नेता मुकेश पाठक, जिला महासचिव भरत द्विवेदी, जिला सचिव वारिस आलम, आदिवासी नेता रमेश उरांव आदि शामिल थे। श्री तिवारी ने सभी अधिकारियों को कड़े शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा कि पलामू जिला में बिजली व्यवस्था की स्थिति यदि एक सप्ताह के अंदर सुधार नहीं हुआ तो बिजली विभाग के सभी अधिकारियों के कार्यालय में तालाबंदी की जायेगी।

### ठंड और गर्मी में राहत देना मेरा दायित्व : प्रथम महापौर

# फुटपाथ व्यवसायियों के बीच छतरी का वितरण कर लिया आशीर्वाद

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** प्रथम महापौर अरुणा शंकर जो ठंड में अलग-अलग जगह निगम से पहले अपने निजी खर्चे से अलाव जलवाने और कड़ाके की ठंड में रात को घूम-घूम कर लोगों से कुशलता पूछते नजर आती रही थी आज फिर एक बार इस तपती गर्मी में बेलवाटिका सब्जी बाजार में दोपहर को 12:00 बजे सब्जी एवं फल बेचने वाले व्यवसाईयों को घूम-घूम कर अपने निजी खर्चे से छतरी वितरण कर आशीर्वाद लेती नजर आयी।




जरूरतमंदों को राहत की सामग्री देतीं प्रथम महापौर और अन्य लोग।

मौके पर छतरी वितरण करते हुए प्रथम महापौर ने कहा कि फुटपाथ व्यवसायी इस चिलचिलाती गर्मी फिर बरसात में हम सबों के लिए फल और सब्जी उपलब्ध कराते जिन्हें मैं छतरी देकर उन्हें थोड़ी राहत देने की कोशिश कर रही हूं। प्रथम महापौर ने कहा कि मैंने इन्हीं सब व्यवसाईयों के लिए अपने कार्यकाल में आधुनिक सब्जी मंडी का प्रस्ताव पारित की थी जिसका कार्य कांग्रेस भवन के बगल में तेजी से चल रहा जो जल्द इन्हें उपलब्ध होगा। प्रथम महापौर ने कहा कि मुझे उस दिन बेहद खुशी होगी जब इन व्यवसाइयों के सर पर एक छत होगा और सम्मान से वेजिटेबल वेंडर मार्केट में यह बैठकर व्यवसाय करेंगे। साथ ही शहरवासी स्वच्छता के साथ कई तरह की सब्जियां एक ही छत के नीचे बड़े शहरों की तर्ज पर खरीद सकेंगे।

# दो माह भी नहीं टिकी सड़क, बनते ही उखड़ने लगी पिच, संवेदक पर भड़के पांकी विधायक

- विधायक ने अधिकारियों को फोन पर लगायी फटकार, कहा - नहीं चलेगी ठेकेदारों की मनमानी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर / पांकी।** पलामू जिले के पांकी प्रखंड के डंडार कला से डंडार खुर्द तक पीएमजीएसवाई से की गई सड़क निर्माण में बड़े पैमाने पर धांधली बरती गई है। संवेदक द्वारा निर्माण कार्य में गुणवत्ता का ख्याल नहीं रखा गया है। एक ओर पिच किया गया, वहीं दूसरे ओर पिच उखाड़ना शुरू हो गया है। इसे ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि सड़क का टिकाव कैसा होगा। गुणवत्ता पर भी सवाल उठ रहा है।

मंगलवार को पांकी विधायक डॉ. कुशवाहा शशिभूषण मेहता सड़क निर्माण का निरीक्षण किया। जहां विधायक ने निर्माण कार्य पर आपत्ति जताते हुए संवेदक पर भड़क उठे। उन्होंने तत्काल विभाग के आला अधिकारियों से बात कर मामलों को अवगत कराया और संवेदक पर कार्रवाई करते हुए फिर से सड़क निर्माण सही तरीके से करने का निर्देश दिया। सड़क का निर्माण कार्य पूजा कंस्ट्रक्शन (रणजीत सिंह) के द्वारा किया गया है। विधायक डॉ. मेहता ने बताया कि सड़क का निर्माण कार्य में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार किया गया है। गुणवत्ता का ख्याल नहीं रखा गया है। जैसे तैसे पिच कर दिया गया है। जिसका नतीजा है कि पिच उखाड़ना शुरू हो गया है।



सड़क का हाल देखते विधायक।


लाखों की लागत से बना सड़क दो माह भी नहीं टिक पा रहा है, जो दुर्भाग्य की बात है। सड़क का निर्माण पूजा कंस्ट्रक्शन (रणजीत सिंह) के द्वारा किया गया है। विधायक ने बताया कि पांकी विधानसभा में ठेकेदारों की मनमानी चल रही है, जो अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। गुणवत्ता के साथ संवेदक को काम करना होगा। ऐसा नहीं करने वाले संवेदक पर कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

### उप विकास आयुक्त ने पत्रकारों से जिले के महत्वपूर्ण समस्याओं से हुए अवगत

# समस्या समाधान के लिए मिशन मोड में काम कर रही सरकार है: शब्बीर अहमद

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** उप विकास आयुक्त शबीर अहमद मंगलवार को अपने कार्यालय कक्ष में पत्रकारों से भेंटवार्ता किया। उन्होंने पलामू जिले के विभिन्न जनसमस्याओं से अवगत हुए। डीडीसी ने पत्रकारों से ही पूछा कि जिले में व्याप्त मूलभूत समस्याओं का ध्यान आकृष्ट करायें। जिस पर तत्कालीक व दीर्घकालीन समस्या का समाधान किया ज सके। ताकि लोगों को इसका लाभ मिले। उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, पेयजल, खेल समेत विभिन्न



जिले की समस्याएं सुनते डीडीसी व अन्य।

बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक लोगों की बात सुनते हुए उस पर पहल करने की बात कही। उन्होंने कहा कि बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत जिले के 21 प्रखंडों व 265 पंचायतों में पांच-पांच हजार पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गा है। जिसमें इस वर्ष सात लाख पौधे लगाये जायेंगे। इसे लेकर प्रखंड व पंचायत स्तर पर पंचायत प्रतिनिधि एवं प्रखंड प्रशासन की जवाबदेही तय की गई है। कहा कि मनरेगा के तहत 43 नर्सरी तैयार किये गये हैं। जहां पर पौधे का निर्माण किया जा रहा है। इसमें दीदी बगीया के तहत भी नर्सरी लगाये गये हैं।

यहां से प्रशासन पौधा का क्रय कर लगाया जायेगा। इसमें आम, अमरूद, निंबु, फलदार पौधे के कई प्रजातियां, ईमारती पौधे के भी कई प्रजातियां के पौधे लगाये जायेंगे। उन्होंने पानी की समस्या पर कहा कि पलामू जिला के गांव स्तर तक खराब पड़े हैंडपंपों की मरम्मति के लिए जिला प्रशासन मिशन मोड में काम कर रही है। साथ ही वर्षा के पानी को संग्रहित करने के लिए भी योजना बनाई गई है। सड़क के दोनों और खाली पड़े जमीन का मेड़ बनाकर पानी का बचाव किया जायेगा। डीडीसी ने कहा कि बिना रैन हार्वेस्टिंग के मकान का नक्शा पास नहीं किया जायेगा।

# मानव जीवन जनकल्याण के लिए समर्पित करना ही जीवन का मूल सार : केएन त्रिपाठी

- लहलहे में आयोजित सात दिवसीय भागवत कथा का शुभारंभ

**खबर मन्त्र संवाददाता**



भागवत कथ मंच पर उपस्थित पूर्व मंत्री व अन्य।

**सतबरवा पलामू।** मानव योनि प्राप्त करने के लिए भगवान भी मानव रूप में अवतार लेकर अपनी लीला बिखेरे हैं। हमें मानव योनि प्राप्त हुआ है तो हम सभी को उसका सदुपयोग करना चाहिए। उक्त बातें पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने लहलहे में आयोजित सात दिवसीय भगवत कथा के प्रथम दिवस उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रुप में बोल रहे थे। उद्घाटन के बाद श्री त्रिपाठी ने कहा कि मानव जीवन जनकल्याण हेतु समर्पित करना ही जीवन का मूल सार है। आपा धापी के जीवन में गृहस्थ आश्रम की सभी जिम्मेदारियों का निर्वाह करते हुए समाज के कार्य करना भी मानवीय सरोकार है। वहीं स्वामी मारुति किंकर जी महाराज ने कहा कि मानव जीवन में भागवत कथा श्रवण की महिमा स्वर्ग अमृत से भी ज्यादा है। स्वामी जी महाराज ने कहा कि जब राजा परीक्षित को यह पता चला सातवें दिन तक्षक नाग के द्वारा मेरी मृत्यु हो जायेगी, तब उन्होंने सुखदेव ऋषि से पूछा कि प्रभु बताइए मुझे यह सात दिनों में क्या करना चाहिए तब सुखदेव ऋषि द्वारा यह कहा गया कि इन सात दिनों में राजन आपको भागवत महापुराण परम परमेश्वर की महिमा सुननी चाहिए इस कथा की शक्ति स्वर्ग के उसे अमृत से भी ज्यादा ताकतवर है क्योंकि स्वर्ग का अमृत भय देता है और भागवत महापुराण की कथा अभय देती है। किंकर जी महाराज के संगीतमय कथा से पुरे इलाके में भक्ति की बयार बह रही है। समारोह में सामाजिक कार्यकर्ता नवीन तिवारी, दीपक दूबे संजय त्रिपाठी, महिमा नंद तिवारी, धीरेन्द्र तिवारी, सुआ मुखिया उपाध्याय सिंह, कौड़िया मुखिया रविंद्र सिंह, कांग्रेस सदर प्रखंड अध्यक्ष रविंद्र तिवारी, अनूप तिवारी, विनोद तिवारी थे।

### इंटर प्रथम वर्ष के 936 परीक्षार्थियों ने दी परीक्षा

हैदरनगर में पहली बार



**हैदरनगर पलामू।** राजकीयकृत प्लस टू उवि में इस वर्ष पहली बार इंटर की परीक्षा हुई है। प्राचार्य बैद्यनाथ राम ने बताया कि इंटर प्रथम वर्ष के कला, वाणिज्य व विज्ञान विषय के कुल 978 परीक्षार्थी का परीक्षा केंद्र पहली बार इस विद्यालय में बना है। जिसमें मोहम्मदगंज थाना क्षेत्र के रौल कोड 31093 उत्क्रमित हाईस्कूल पांती, रौल कोड 31098 पीएमश्री उत्क्रमित उच्च विद्यालय व रौल कोड 31095 प्लस टू हाईस्कूल संडा (हुसैनाबाद) के परीक्षार्थी को शामिल किया गया है। इस परीक्षा के पहले दिन अंग्रेजी औरदूसरी पाली में कला संकाय के हिन्दी (कोर) विषय में परीक्षार्थियों ने भाग लिया है। परीक्षार्थियों की कुल संख्या में मात्र 7 वाणिज्य जबकि सर्वाधिक विज्ञान संकाय में 522 जबकि इसी संकाय में पीएमश्री उत्क्रमित उच्च विद्यालय के 333 परीक्षार्थी शामिल हैं।

### भाजपा रामगढ़ मंडल ने निकाली तिरंगा यात्रा



**रामगढ़ पलामू।** भाजपा रामगढ़ मंडल ने भाजपा नेता शंभू राम के नेतृत्व में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर सेना एवं पीएम मोदी के सम्मान में तिरंगा यात्रा निकाली। तिरंगा यात्रा रामगढ़ मुख्य बाजार से निकल चेकनाका मोड़ होते हुए प्रखंड कार्यालय पहुंच समाप्त हुआ। इसमें भारत माता की जय, वंदे मातरम, भारतीय सेना जिंदाबाद, नरेंद्र मोदी जिंदाबाद, सेना के सम्मान में राष्ट्रभक्त मैदान में इत्यादि नारे के साथ भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित हुए। शंभू राम ने कहा कि सेना ने अपनी शौर्य, साहस और पराक्रम से एयरबेस और एयरक्राफ्ट को नष्ट करते हुए पाकिस्तानी आतंकवादी संगठनों को ध्वस्त किया। यात्रा में महेंद्र सोनी, विनोद चंद्रवंशी, अनिल विश्वकर्मा, संजय जयसवाल, नागेंद्र राम, अशोक सिंह, मनोज प्रसाद, रूपेश कुमार, रोहित कुमार, रामराज सिंह थे।

### केसीसी ऋण माफी योजना को लेकर महुअरी पंचायत सचिवालय में विशेष कैंप का आयोजन



**हुसैनाबाद पलामू।** प्रखंड के महुअरी पंचायत सचिवालय भवन के सभागार में सोमवार को केसीसी ऋण माफी योजना को लेकर विशेष कैंप लगाया गया। इस दौरान किसान हित में सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के लाभ लेने को लेकर प्रेरित किया गया। साथ ही किसानों को नया केसीसी एवं केसीसी ऋण माफी, ब्लॉकचेन रजिस्ट्रेशन, सूक्ष्म सिंचाई संयंत्र सोलर पंम्प उधान विभाग से संचालित योजना आदि के लिए किसानों को जागरूक किया गया।

## हाई स्कूल की चहारदीवारी का गेट उखाड़नेवालों पर कार्रवाई की मांग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हरिहरगंज पलामू।** स्थानीय सीता प्लस टू उच्च विद्यालय परिसर की दक्षिण दिशा में चहारदीवारी में लगाए गए लोहा गेट को असामाजिक तत्वों के द्वारा उखाड़ दिया जा रहा है। इस संबंध में प्राचार्य अजय प्रसाद राय ने हरिहरगंज थाना में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। मालूम हो कि रविवार को परिसर की दक्षिण दिशा में चहारदीवारी में एक लोहा गेट लगाया गया था। जिसे अज्ञात लोगों द्वारा रात में उखाड़ दिया गया। इसकी जानकारी होने पर स्कूल प्रबंधन द्वारा सोमवार को पुनः गेट को लगवा दिया गया। परंतु सोमवार की रात भी



असामाजिक तत्वों ने गेट उखाड़ दिया। गेट लगाने और उखाड़ने के सिलसिला पर कई गणमान्यों ने चिंता जताते हुए कहा कि विद्यालय एक मंदिर होता है। इसकी सुरक्षा हर हाल में जरूरी है। लोगों ने प्रशासन से असामाजिक तत्वों की पहचान कर कार्रवाई की मांग की है। कहा कि ऐसी से पता चलता है कि कुछ लोग स्कूल की व्यवस्था भंग करना चाह रहे हैं लेकिन वे इस मुकाम में कभी कामयाब नहीं हो पायेंगे।

## स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के अवर सचिव समेत पदाधिकारियों ने किया कॉलेज की जमीन का निरीक्षण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

- टीचर ट्रेनिंग कॉलेज के जमीन पर बनेगा एनसीसी ट्रेनिंग अकादमी

**सतबरवा पलामू।** टीचर ट्रेनिंग कॉलेज के जमीन पर नेशनल कैडेट कोर (एनसीसी) के स्थापना हेतु मंगलवार को कॉलेज के जमीन का निरीक्षण झारखंड सरकार अवर सचिव स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सह अध्यक्ष बनाए गए अखिलेश कुमार पांडेय, डीईओ पलामू सौरभ कुमार, जिला शिक्षा अधीक्षक संदीप गुप्ता, एनसीसी कैडेट कोर के समादेष्टा और कॉलेज प्राचार्य रणधीर कुजूर ने की। इस दौरान जमीन का जायजा अधिकारियों ने लिया। अवर सचिव अखिलेश पांडेय ने बताया कि जमीन का निरीक्षण किया गया है, भविष्य में



इस जमीन का उपयोग में लाने के लिए विचार किया जा रहा है। डीईओ ने कि टीचर ट्रेनिंग के छात्रावास, शिक्षकों के आवास पूरी तरीके से जर्जर है फिलहाल एनसीसी कैडेट कोर का स्थापना करने पर विचार नहीं किया गया। बताया गया कि टीचर ट्रेनिंग कॉलेज का इतिहास गौरवशाली रहा है 1950 कॉलेज की स्थापना हुई थी।

### विवेकानंद पब्लिक स्कूल में राष्ट्रीय सुरक्षा चेतना को लेकर हुआ कार्यक्रम

**खबर मन्त्र संवाददाता**

- ऑपरेशन सिंदूर के बारे में दी गयी जानकारी, राष्ट्र की सुरक्षा की दिलायी गयी शपथ

**विश्रामपुर (पलामू)।** आरापुर महुगाईं दुर्गा ऑफिस के पास स्थित विवेकानंद पब्लिक स्कूल में मंगलवार को राष्ट्रीय सुरक्षा चेतना को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उदघाटन स्कूल के निदेशक ऋतुराज मिश्रा ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य तृप्ति मिश्रा व संचालन उप प्राचार्य शैली कुमारी ने किया। कार्यक्रम में बच्चों को राष्ट्र के प्रति समर्पण व सुरक्षा के प्रति जागृत किया गया।



बच्चों को भारतीय सेना के शौर्य व पराक्रम से अवगत कराया गया। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बारे में विस्तृत रूप से बताया गया। छाया चित्र के माध्यम से भारतीय सेना के विजय गाथा को प्रस्तुत किया गया। इसके अलावा बच्चों को राष्ट्र की सुरक्षा की शपथ भी दिलायी गयी।

### पत्रकार का अपमान लोकतंत्र का अपमान है : रामदेव यादव



**मेदिनीनगर।** पलामू जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष रामदेव यादव ने पत्रकार के अपमान पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यह अपमान किसी व्यक्ति का नहीं बल्कि लोकतंत्र का अपमान है। उन्होंने कहा कि 15 मई को विश्व संवाद केंद्र द्वारा रांची में महर्षि नारद सम्मान समारोह का आयोजन किया गया था। जिसमें कई पत्रकार मौजूद थे। उसमें पत्रकार सीताराम पाठक का अपमान किया गया।

### हमें देश की सेना और पीएम मोदी पर गर्व है: भोला पांडेय

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**चैनपुर पलामू।** ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर भारतीय सेना के सम्मान में भाजपा चैनपुर प्रखंड ने मुख्य बाजार से कर्पूरी चौक तक तिरंगा यात्रा निकाली। जिसमें चैनपुर प्रखंड अध्यक्ष शशिभूषण पांडेय, सिकंदर चौधरी, सांसद प्रतिनिधि भोला पांडेय, विधायक प्रतिनिधि अमलेश चौरसिया, महामंत्री मनीष पांडेय, मनोज चौधरी, किसान मोर्चा अध्यक्ष मनोज दास, उपाध्यक्ष ईश्वरी प्रसाद, मंत्री धीरज गुप्ता, लाला पासवान, पूर्व प्रमुख विजय गुप्ता, दिनेश प्रजापति, सुजीत पासवान, धर्मदेव सिंह, दिनेश यादव एवं भाजपा कार्यकर्ता तथा कई लोग वीर जवानों के सम्मान में नारेबाजी की। सांसद प्रतिनिधि भोला पांडेय ने कहा कि देशवासियों को भारतीय सेना व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर गर्व है।

### ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर मनातू मंडल में निकाली गयी तिरंगा यात्रा

# देश की सेनाओं की बहादुरी पर लोगों का है अटूट विश्वास : अंतू यादव

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मनातू (पलामू)।** ऑपरेशन सिंधु की सफलता के उपलक्ष में भाजपा मनातू मंडल द्वारा भारतीय सेना द्वारा ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान को करारा जवाब देकर आतंकवाद के अड्डों को ध्वस्त करने की ऐतिहासिक सफलता पर भाजपाइयों ने भव्य तिरंगा यात्रा निकली। यात्रा के दौरान भारत माता की जय वंदे मातरम सेना के सम्मान में देशभक्त मैदान में जैसे गगनचुंबी नारों से संपूर्ण मनातू देशभक्ति के भावना से सरोवर हो उठा। कार्यक्रम का




ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर निकली तिरंगा यात्रा में शामिल लोग।

नेतृत्व मंडल अध्यक्ष अंतू यादव ने किया। यात्रा की शुरुआत मनातू नाका स्थित भाजपा कार्यालय से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र थाना होते हुए पुराना बाजार दारहाथान कुसड़ी होते हुए मनातू ब्लॉक हाईस्कूल तक निकाली गयी। तिरंगा यात्रा में क्षेत्र के दर्जनों युवाओं बच्चों महिलाएं और वरिष्ठ नागरिकों ने उत्साह पूर्वक भाग लिये। अंतू यादव ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर की सफलता भारत के सशस्त्र सेनाओं के पराक्रम अदम्य साहस का परिचायक है।


**खास बातें :** यात्रा में विधायक प्रतिनिधि उदेश यादव, महामंत्री अरविंद यादव, महिला मोर्चा अध्यक्ष गीता देवी, किसान मोर्चा जिला मंत्री सुरंद्र पासवान, कोषाध्यक्ष शोभन यादव, राहुल प्रसाद, दिनेश यादव, मंडल मंत्री बेलाश प्रसाद, वीरेंद्र गुप्ता, सच्चिदानंद महतो, मंडल मंत्री बिनेसर राम, मंडल उपाध्यक्ष हरेंद्र पासवान, सोशल मीडिया प्रभारी उदय यादव, पंचायत संयोजक कमलेश कुमार, आईटी सेल योगेंद्र यादव, मंडल मंत्री श्रवण शर्मा, राजू महतो, रामनाथ यादव, मिथलेश यादव, संतोष सिंह समेत कई भाजपा कार्यकर्ता व समर्थक उपस्थित थे।

# एसबीआई कृषि विकास शाखा से पोंची के तिलेश्वर ने किया फर्जीवाड़ा, गिरफ्तार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सतबरवा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित भारतीय स्टेट बैंक कृषि विकास शाखा से फर्जीवाड़ा करके 13000 रुपये की निकासी करने वाला पोंची गांव के बिलरियाटांड टोला निवासी बुजुर्ग तिलेश्वर भुइयां (60) को एसबीआई प्रबंधक मनीष प्रसाद एवं सीनियर अकाउंटेंट अभय कुमार सिंह सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चिन्हित कर सतबरवा थाना पुलिस को सौंप दिया है। मंगलवार को थाना प्रभारी विश्वनाथ कुमार राणा ने बताया कि खाताधारक विश्वनाथ मोची की मौत हो चुकी है।

उसके मौत के बाद फर्जीवाड़ा करके पैसा निकासी का मामला है। आरोपी तिलेश्वर से पुलिस पूछताछ करने में जुट गई है। अकाउंटेंट अभय कुमार सिंह ने बताया कि 27 मार्च को मानसोती गांव के स्वर्गीय विश्वनाथ मोची के एसबीआई अकाउंट संख्या 31948894591 से 13000 रुपये की निकासी दो बजकर दो मिनट पर आरोपी तिलेश्वर भुइयां ने कर ली थी।




उसने स्वीकार किया है कि मेरे पीछे एक बच्चा बैंक लाइन में खड़ा था जो बार-बार मुझे विश्वनाथ मोची का नाम लेने तथा मृतक का पासबुक से पैसा निकालने के लिए सहयोग कर रहा था। पैसा निकासी के बाद मुझे1000 रुपया दिया गया था वह भी रुपया खर्च हो गया। मामला का खुलासा खाताधारक मृतक की पत्नी सहोदरी देवी ने सीएसपी में बैंक अकाउंट चेक कराने के बाद किया। उसने बताया कि मेरे पति की मौत 14 जून 2024 को हो गई है।घटना की जानकारी पांच मई को बैंक को दी तथा बताया कि मैंने मुक्ता गांव के एक व्यक्ति को पासबुक चेक करने के लिए दिया था। उसने ताबर गांव के सीएसपी संचालक इश्तियाक को यह कहकर पासबुक सौंप दिया था कि आप बैंक जाते हैं एफेडिफीट (एकरारनामा) करने के बाद पैसा की निकासी उनकी पत्नी को करा देंगे। अकाउंटेंट के अनुसार मानासोती के विश्वनाथ मोची की पत्नी ने मुक्ता गांव के उक्त व्यक्ति को 8 मार्च 2025 को पासबुक दिया था। इधर उक्त व्यक्ति ने बैंक को लिखित आवेदन देकर बताया है कि करीब एक माह पासबुक रखने के बाद सीएसपी संचालक ने मुझे पासबुक लौटाया था। इस फर्जीवाड़े में कई लोगों का नाम होने की बात बतायी जा रही है जो जांच का विषय है। इधर पुलिस इस घटना की जांच में जुट गयी है।

# हल्की बारिश से रमना की सड़कों पर जलजमाव

खबर मन्त्र संवाददाता

**रमना।** सोमवार को हुई हल्की बारिश ने रमना शहर की जल निकासी व्यवस्था की पोल खोल दी। मुख्य बाजार स्थित सब्जी मंडी और सर्वेश्वरी मोड़ के समीप सिलीदाग जाने वाली सड़क पर बारिश के पानी का जमाव हो गया, जो मंगलवार तक भी नहीं निकल सका। स्थानीय लोगों का कहना है कि जलजमाव की यह समस्या वर्षों से बनी हुई है, जिसका मुख्य कारण है अव्यवस्थित और अक्षम नालियां।


सड़क पर जलजमाव

रमना शहर में मुख्य पथ पर बनी नालियों में गंदे पानी की निकासी की क्षमता बेहद कम है। ऊपर से कई दुकानदार नालियों को ढककर दुकानें सजा लेते हैं, जिससे पानी की निकासी और भी बाधित हो जाती है। निर्माण कार्य में लगे ठेकेदारों पर भी लापरवाही के आरोप लग रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि निर्माण के दौरान नालियों के दीर्घकालिक प्रभावों की अनदेखी की जाती है। कई जगहों पर नालियां जाम हो जाती हैं, जिससे स्थिति और गंभीर हो जाती है।

इस संबंध में बीडीओ विकास पांडेय ने बताया कि नगर क्षेत्र में नालियों की उड़ाही सदर पंचायत के मुखिया द्वारा कराई जानी चाहिए। बावजूद इसके सब्जी बाजार के पास नाली अवरुद्ध होने से जलजमाव की स्थिति बनी हुई है। सर्वेश्वरी मोड़ के पास की सड़क पर भी पानी जमा हो जाता है, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी होती है। मुखिया पति विरंची पासवान ने कहा कि जब इस नाले से पानी की निकासी शुरू हो जाएगी, तभी शहर की जलजमाव की समस्या दूर हो सकेगी।

## बिजली चोरी की रोकथाम के लिए विशेष छापामारी अभियान

**कांडी।** विद्युत आपूर्ति प्रमंडल गढ़वा 1 के कार्यपालक अभियंता महेश्वरम कुमार ने एक पत्र जारी करते हुए गढ़वा जिला के सभी निवासियों को सूचित किया है कि झारखंड बिजली वितरण निगम रांची के निर्देश पर गढ़वा जिले में बिजली चोरी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय कार्यालय के पदाधिकारी प्रत्येक सप्ताह विशेष छापामारी अभियान चला रहे हैं, जिसके तहत अवैध रूप से बिजली जलाने वाले उपभोक्ताओं के खिलाफ थानों में मामला दर्ज किया जा रहा है। कार्यपालक अभियंता ने जिले की जनता से अपील की है कि वे अवैध रूप से बिजली का उपयोग न करें, क्योंकि जांच के दौरान पकड़े जाने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य बिजली चोरी पर नियंत्रण पाना और सुनिश्चित करना है कि सभी उपभोक्ता विद्युत आपूर्ति का सही तरीके से उपयोग करें।

### गौ तस्करी के खिलाफ पुलिस की सख्त कार्रवाई

# पिकअप वाहन से बछिया बछड़ा जब्त, पांच गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता

**रमना।** सरकार द्वारा प्रतिबंधित गौ तस्करी पर एक बार फिर पुलिस ने कड़ा रुख अपनाते हुए मंगलवार को थाना क्षेत्र में एक पिकअप वाहन से क्रूरता पूर्वक बंधे नौ बछिया और एक बछड़े को बरामद किया। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए वाहन को जब्त किया और पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर गढ़वा कारागार भेज दिया। गिरफ्तार आरोपियां में औरंगाबाद जिले के सोनार खाप निवासी दीपक कुमार पासवान पिता सीताराम पासवान, संतान कुमार पासवान पिता महावीर राम, वाहन मालिक अरुण कुमार पासवान पिता बसंत पासवान, ग्राम सैदपुर नोगरा निवासी चालक बब्लू रविदास का नाम शामिल है। इसमें औरंगाबाद जिले के ग्राम$थाना दाउदनगर के दो अन्य आरोपी गुड्डू खान एवं मिंटू खान की संलिप्तता बताई गई है, जो फरार हैं।

प्रभारी थाना प्रभारी जयप्रकाश गुप्ता ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ तस्कर एक वाहन से गाय के बछड़ों को लेकर दूसरे स्थान पर गोकशी के लिए ले जा रहे हैं। सूचना के बाद वरीय अधिकारियों को सूचित कर त्वरित कार्रवाई करते हुए मंगलवार सुबह 3:15 बजे भगत सिंह चौक के पास पुलिस द्वारा वाहन जांच अभियान शुरू किया गया।

करीब एक घंटे बाद सुबह 4:15 बजे एक सफेद रंग की टाटा योद्धा पिकअप आते हुए दिखी। पुलिस ने रुकने का इशारा किया लेकिन चालक वाहन लेकर भागने लगा। पुलिस ने तत्काल पीछा करते हुए टेढकी पुल के पास वाहन को घेर लिया। पुलिस से घिरते ही वाहन चालक और अन्य सवार फरार होने की कोशिश करने लगे, लेकिन पुलिस बल ने उन्हें पकड़ लिया। जब्त वाहन में बछियों को क्रूरता पूर्वक पैर और गर्दन बांधकर रखा गया था। उन्होंने बताया कि पूछताछ में पता चला कि ये पशु पलामू के संडा मेला के लिए ले जाए जा रहे थे।

श्री गुप्ता ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों के विरुद्ध पशु क्रूरता अधिनियम सहित संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। जब्त पशुओं को स्थानीय ग्रामीणों के बीच वितरण कर दिया गया। मौके पर हवलदार राधेश्याम मांझी, आरक्षी सिकंदर पासवान, लव कुमार दुबे आदि उपस्थित थे।

## दो बाइक की आमने-सामने टक्कर, छह घायल

**भवनाथपुर।** भवनाथपुर-केतार मुख्य मार्ग पर स्थित मुसकयनी पहाड़ी के समीप मंगलवार को दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर में छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की मदद से सभी घायलों को तत्काल भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद दो की हालत गंभीर देखते हुए गढ़वा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। घायलों में सिंघीताली निवासी एक ही परिवार के बिसंभर राम, उनकी पत्नी पानपती देवी और पुत्र बबलू राम शामिल हैं। दूसरी बाइक पर सवार तीन अन्य युवक इज्मामुल हक (पिता जाहिर हुसैन), साजिद अंसारी और वाजिद अंसारी (पिता नसीम अंसारी) सभी बेल पहाड़ी की ओर जा रहे थे। जानकारी के अनुसार झामुमो नेता बिसंभर राम के घर में बेटी की शादी तय है। उसी को लेकर वे अपने परिवार के साथ भवनाथपुर बाजार खरीदारी करने जा रहे थे। वहीं दूसरी दिशा से इज्मामुल हक अपने साथियों के साथ बेल पहाड़ी की ओर लौट रहे थे। मुसकयनी पहाड़ी पर एक कमांडर को ओवरटेक करने के क्रम में दोनों बाइकों की तेज रफ्तार में आमने-सामने भिड़ंत हो गई। भवनाथपुर सीएचसी में मौजूद डॉ शैलेन्द्र कुमार और डॉ अभिनीत विश्वास ने घायलों का प्राथमिक उपचार किया। बिसंभर राम और उनकी पत्नी पानपती देवी की स्थिति गंभीर होने के कारण उन्हें गढ़वा सदर अस्पताल रेफर किया गया है।

## राशन गबन मामले में कार्रवाई की मांग

**मझिआंव।** थाना क्षेत्र के करकटा गांव के जन वितरण प्रणाली के दुकानदार राजेश्वर राम के द्वारा दो माह का राशन गबन करने का मामला प्रकाश में आया है। इस घटना के बाद दर्जनों नाराज लाभुकों ने विधायक नरेश प्रसाद सिंह और जिला खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी को लिखित आवेदन देकर आरोप लगाया कि अप्रैल और मई महीने का राशन डीलर ने न सिर्फ गायब किया, बल्कि लाभुकों से अंगूठा लगवाने के बावजूद भी उन्हें राशन नहीं दिया। लाभुकों का कहना है कि राशन लेने जाने पर डीलर ने यह कहकर टाल दिया कि अभी राशन का उठाव नहीं हुआ है और बाद में दिया जाएगा। हालांकि, राशन गोदाम से राशन का उठाव किया जा चुका था, लेकिन फिर भी लाभुकों को राशन नहीं दिया गया। इस कारण कई गरीब, मजदूर और असहाय लोग भूखों रहने की स्थिति में पहुंच गए हैं। इस मामले के बाद स्थानीय विधायक ने तीखी नाराजगी व्यक्त की और जिला खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी को लिखित आदेश दिया कि मोरबे गांव के सभी लाभुकों को दो माह का राशन दिलवाया जाए और राशन डीलर राजेश्वर राम के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए। इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि भविष्य में मोरबे गांव के लाभुकों के लिए राशन की आपूर्ति दुर्गा महिला स्वयं सहायता समूह के डीलर से की जाएगी।

## गढ़वा में बढ़ते अपराध पर झामुमो नेता ने उठाए सवाल



**गढ़वा।** गढ़वा के मेन रोड स्थित विरोट रेस्टोरेंट के मालिक सोनू केशरी उर्फ सन्नी केशरी पर गुरूवार की रात्रि अपराधियों ने फायरिंग किया। इस घटना से गढ़वा के व्यवसायियों में दहशत है। इस संबंध में झामुमो केंद्रीय कमिटि सदस्य धीरज दुबे ने कहा है कि विगत कुछ महीनों से गढ़वा में अपराध का ग्राफ लगातार बढ़ रहा है। आमजन से लेकर व्यवसायी तक खुद को सुरक्षित महसूस नहीं कर रहे है। स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं भाजपा के लोग बढ़ते हुए अपराध पर चुप्पी साधे हुए हैं। घटना के 5 दिन बाद भी स्थानीय विधायक गोलीकांड के पीड़ित से मिलना मुनासिब नहीं समझे। ऐसा प्रतीत हो रहा है कि राजनीतिक संरक्षण में ही गढ़वा में लगातार अपराधियों का मनोबल बढ़ा हुआ है। गढ़वा विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी यह बताएं कि आखिर किस कारण से पीड़ित व्यक्ति से मिलना उचित नहीं समझा? श्री दुबे ने कहा कि अपराधी गोली चलाने के बाद भी खुलेआम घूम रहे हैं। इस घटना पर भाजपा के किसी भी नेता, कार्यकर्ता और न ही स्थानीय विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी न तो कुछ बोल रहे हैं और न ही अपराध पर अंकुश के लिए जनप्रतिनिधि होने के नाते कोई पहल कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पहले किसी ग्रामीण क्षेत्र में भी अपराध की कोई छोटी घटना भी घटित होती थी तो भाजपा के लोग गढ़वा से लेकर रांची तक मामले को उछालते थे। आज बीच शहर में व्यवसायी पर अंधाधुंध फायरिंग की गई। इस पर सभी भाजपाई चुप्पी साधे हुए हैं। श्री दुबे ने कहा कि गढ़वा वासियों को अपना जनप्रतिनिधि चुनने पर अब पछतावा हो रहा है।

# प्रेम विवाह के बाद युवती ने लगाई फांसी

खबर मन्त्र संवाददाता

**कांडी।** प्रखंड के हरिहरपुर ओपी क्षेत्र स्थित मझिगावां गांव के नौडीहवा टोले में सोमवार को एक और रहस्यमय मौत का मामला सामने आया है। 17 वर्षीय ममता कुमारी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। ममता, रौशन रजवार की पत्नी थी और एक वर्ष पहले प्रेम विवाह के बाद वह अपने पति के साथ रह रही थी। ममता और रौशन का प्रेम विवाह हुआ था, जिसके बाद दोनों परिवारों के बीच विवाद होने लगा था। पति रौशन ने बताया कि इसी विवाद के चलते ममता ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाई। जब रौशन ने ममता को फंदे से उतारा, तब उसकी हालत नाजुक हो चुकी थी। इलाज के लिए बाहर ले जाने की कोशिश की गई, लेकिन रास्ते में ही ममता की मृत्यु हो गई। ममता के मायके पक्ष ने इस मामले में पति रौशन और ससुराल के अन्य लोगों पर हत्या का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि ममता की हत्या की गई और उसे आत्महत्या का रूप दिया गया है। घटना की सूचना मिलते ही हरिहरपुर ओपी प्रभारी सफीउल्लाह अंसारी और एसआई बिरेंद्र चौबे दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मंगलवार को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गढ़वा भेज दिया। ओपी प्रभारी अंसारी ने कहा कि इस मामले की गहन जांच की जा रही है और दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।


जांच करती पुलिस

## किस्मती कॉलेज ऑफ नर्सिंग एंड फामेर्सी में मनाई गई पुण्यतिथि

**मेराल।** प्रखंड मुख्यालय स्थित किस्मती कॉलेज ऑफ नर्सिंग एंड फामेर्सी में मंगलवार को कॉलेज के संस्थापक और सुप्रसिद्ध चिकित्सक डॉ अनिल कुमार साह की माता किस्मती कुंवर की पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर काफी संख्या में छात्र-छात्राओं, कॉलेज कर्मियों और अन्य उपस्थित लोगों ने किस्मती कुंवर की तस्वीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया। मौके पर डॉ अनिल कुमार साह ने कहा कि उनकी माता और पिता का सपना था कि मेराल जैसे गरीब और पिछड़े क्षेत्र में शिक्षा और चिकित्सा की पूरी व्यवस्था हो, ताकि यहां के लोग आसानी से शिक्षा प्राप्त कर सकें और स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठा सकें। उन्होंने कहा कि आज किस्मती कॉलेज ऑफ फामेर्सी और नर्सिंग इस क्षेत्र के गरीब छात्र-छात्राओं के लिए एक मील का पत्थर साबित हो रहा है। वर्तमान में कॉलेज में झारखंड के छात्र-छात्राओं को स्कॉलरशिप पर नर्सिंग और फामेर्सी का कोर्स कराया जा रहा है, जो इस कॉलेज की उपलब्धि को और बढ़ाता है। कॉलेज के निदेशक लव कुमार सिंह ने संस्थापक के माता-पिता के उद्देश्य को याद करते हुए कहा कि उनका सपना था कि ज्यादा से ज्यादा गरीब परिवार के बच्चों को शिक्षा और चिकित्सा की न्यूनतम और निशुल्क शिक्षा मिल सके। मौके पर निदेशक वीरेंद्र प्रसाद, प्रिंसिपल श्रीकांत चौधरी, विकास कुमार मिश्रा, ओकेंद्र पाल, पंकज कुमार, नर्सिंग विभाग से अंजनी कुमारी, राकेश कुमार आदि छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## विद्युत प्रवाहित नंगे तार की चपेट में आकर अधेड़ की मौत

**मेराल।** थाना क्षेत्र के गोंदा गांव में मंगलवार की सुबह विद्युत प्रवाहित नंगे तार की चपेट में आने से एक अधेड़ व्यक्ति की मौत हो गई। जबकि मृतक के बड़े भाई की जान बाल-बाल बच गई। जानकारी के अनुसार गोंदा गांव के लाईन होटल के समीप स्थित एक खेत में सब्जी की खेती को नीलगाय से बचाने के लिए विद्युत प्रवाहित नंगा तार लगाया गया था। इस तार की चपेट में आकर झूमेलवा टोला के नंदू कुशवाहा (45 वर्ष) की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक का बड़ा भाई लोकी महतो बाल-बाल बच गए। लोकी महतो के अनुसार दोनों भाई सुबह लाइन होटल से चाय पीकर अपने घर की ओर जा रहे थे। खेत के रास्ते में नंगे तार को देखकर लोकी झुक कर निकल गए, लेकिन उनका छोटा भाई नंदू तार में फंस कर गिर पड़ा और तड़पने लगा। लोकी ने पास में पड़े डंडे से तार को तोड़ने की कोशिश की, लेकिन तब तक नंदू की मौत हो चुकी थी। इस घटना के बाद स्थानीय लोग घटनास्थल पर पहुंच गए और खेत के चारों ओर लगाए गए नंगे तार का विरोध किया। उन्होंने मृतक के परिजनों के लिए मुआवजे की मांग करते हुए प्रशासन से कार्रवाई की अपील की। घटना की सूचना मिलने पर थाना पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंच गई थी ।

# साप्ताहिक जनता दरबार में समस्याओं का समाधान, डीसी ने अधिकारियों को दिए निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** जिला दण्डाधिकारी सह डीसी शेखर जमुआर ने मंगलवार को समाहरणालय सभागार में साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया। इस दौरान जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं को डीसी के समक्ष रखा। डीसी ने सभी समस्याओं को बारी-बारी से सुना और उनके निष्पादन के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जनता दरबार में राशन, पेंशन, भूमि विवाद, अवैध कब्जा, आवास, मुआवजा, योजनाओं का लाभ, अतिक्रमण, रोजगार सृजन सहित अन्य मुद्दों पर ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं साझा की। डीसी ने इन सभी समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को कार्रवाई करने का निर्देश दिया। इस दौरान नगर उंटारी के ग्राम अधौरा निवासी सियाराम विश्वकर्मा ने बताया कि उनकी भूमि का ऑनलाइन रिकार्ड अंचल अधिकारी द्वारा नहीं किया गया है, जिसके कारण उन्हें एनएच 75 में अधिग्रहित भूमि का मुआवजा नहीं मिल पाया। डीसी ने सीओ को भूमि का ऑनलाइन दर्ज करने के निर्देश दिया। गढ़वा शहर के वार्ड नंबर 10 की यशमीन प्रवीण ने शिकायत की कि जब भी वह अपने वार्ड पार्षद के पास जाती हैं, तो पार्षद उनसे अपशब्द कहते हैं और बदतमीजी करते हैं। डीसी ने इस मामले पर संज्ञान लिया और संबंधित अधिकारियों को उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिया। प्रखंड भंडरिया की उर्मिला कुंवर ने बताया कि उनके पति की हत्या उग्रवादियों ने 2010 में कर दी थी और अब उनके एकलौते बेटे को घर की देखभाल करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उर्मिला ने डीसी से सहायता की अपील की, विशेषकर उनकी बीमार मां और बेटी के इलाज के लिए। डीसी ने इस मामले में भी आवश्यक सहायता देने का आश्वासन दिया। जनता दरबार में कुल 15 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए। सभी मामलों में डीसी ने संबंधित विभागों को शीघ्र समाधान की कार्रवाई करने के निर्देश दिया।


समस्या सुनते डीसी


**उपायुक्त-सह- जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, कोडरमा**
**(जिला ई-गवर्नेंस सोसायटी)**

**NOTICE FOR EXTENSION IN EOI PRESENTATION AND OPENING DATE**

सरकार प्रायोजित निःशुल्क NSQF aligned Courses (Information Technology) कम्प्यूटर प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु मान्यता प्राप्त इच्छुक संस्थान/एन0जी0ओ0/फर्म/कंपनी से कार्य/सेवा प्राप्त करने हेतु दिनांक 09.05.2025 को दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित (PR NO. 351844 District(25-26) विज्ञापन में अपरिहार्य कारण से निम्न संशोधन किया जाता है:-

| क्र0 | कार्य | पूर्व में निर्धारित स्थान एवं तिथि | संशोधित स्थान एवं तिथि |
|---|---|---|---|
| 1. | इच्छा की अभिव्यक्ति खोलने एवं प्रस्तुतीकरण की तिथि, समय एवं स्थान | स्थानः- समाहरणालय सभागार, कोडरमा तिथि एवं समयः- 19.05.2025, 02:00 PM | स्थानः- समाहरणालय सभागार, कोडरमा तिथि एवं समयः- 24.05.2025, 02:00 PM |

उक्त EOI में Participated सभी संस्थान से अनुरोध है कि ससमय निर्धारित स्थल एवं तिथि को प्रस्तुतीकरण हेतु उपस्थित हों।

ह0/-
उपायुक्त-सह-अध्यक्ष,
DeGS, कोडरमा

PR 353016 District(25-26)#D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा**

**ई-अतिअल्पकालीन पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना**

ई-निविदा संख्या- 17/RI/2024-25/RWD/CHATRA — दिनांक-17.05.2025

कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा द्वारा जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट (DMFT) मद अन्तर्गत् निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | आईडेन्टिफिकेशन संख्या/ पैकेज संख्या | प्रखण्ड | पंचायत | ग्राम | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रुपये में) अंक में | अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि | कॉल सं. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/ CHATRA/93/ 2024-25 | हंटरगंज | सलैया | सलैया | तीन मुहान अर्जुन कुमार यादव के घर से कुम्हार टोली होते हुए संजय भारती के घर तक PCC पथ निर्माण | 74,93,700.00 | चौहत्तर लाख तिरानबे हजार सातसौ मात्र | 06 माह | द्वितीय |
| 2 | RWD/ CHATRA/94/ 2024-25 | हंटरगंज | सलैया | पहाड़पुरा | हुलास यादव के घर से गंझु टोली तक PCC पथ निर्माण | 99,46,500.00 | निन्यानबे लाख छियालीस हजार पाँच सौ मात्र | 06 माह | द्वितीय |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :- 23.05.2025
3. ई-निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :- 29.05.2025 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. ई-निविदा खोलने की तिथि एवं समय :- 31.05.2025 अपराह्न 3.30 बजे।
5. ई-निविदा आमंत्रित करनेवाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :-कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा, द्वितीय तल, विकास भवन, चतरा।
6. ई-निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष संख्या :- 06541-296208
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमण्डल, चतरा

PR 352981 Rural Work Department (25-26)_D

**झारखण्ड सरकार**
**कार्यपालक अभियंता, का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हटिया योजना, रॉंची**
**4th call PR No. 347109**

**पंचम अति अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना सं०-LAB/DWSD/23/2024-25**
**दिनांक- 19.05.2025**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | विज्ञापन दाता का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हटिया योजना, रॉंची। |
| 2 | वेबसाइट में निविदा प्रकाषन की तिथि एवं समय | दिनांक 22.05.2025 पूर्वाहन 11.00 बजे से। |
| 3 | ई-निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय, | दिनांक 29.05.2025 अपराहन 5.00 बजे तक। |
| 4 | ई-निविदा खोलने की अंतिम तिथि एवं समय | दिनांक 31.05.2025 पूर्वाहन 11.00 बजे। |
| 5 | ई-निविदा खोलने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हटिया योजना, डोरण्डा, रॉंची-02। |
| 6 | ई-मेल | dwsdhatiaproject@gmail.com |
| 7 | निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष | 9204931335 |

कार्य की विस्तृत विवरणी:-

| क्र० सं० | कार्य का नाम | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|
| 1 | Request Proposal for Supplying various Equipment's Chemicals standard reference Microbial Cultures, Glassware's/ Plasticwares and General items in 9 Numbers of District Level Water Testing Laboratories of Jharkhand B-Dumka Zone (Deoghar, Jamtara, Godda, Dumka, Pakur, Sahibganj, Dhanbad, Chas, Giridih) | 4,30,000/- | 10,000/- |

**NB:- For Details**
1. निविदा अन्तर्गत परिमाण विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि ई-गवर्नेंस विभाग झारखण्ड मंत्रालय, धुर्वा, रॉंची के आदेश सह ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के अनुरूप प्राप्त की जाएगी।
2. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई-भुगतान सम्वेदक द्वारा जिस बैंक खाता से किया जाएगा। उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर बैंक खाता को बन्द कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाब देही सम्वेदक की होगी।
3. प्राक्कलित राशि घट अथवा बढ़ सकती है उसी प्रकार से अग्रधन एवं परिमाण विपत्र की राशि भी देय होगी है।
4. विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट http//:jharkhandtenders.gov.inपर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, हटिया योजना, रॉंची

PR 353022 (Drinking Water and Sanitation)25-26*D

**झारखण्ड सरकार**
**श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग,**
**औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, चुरचू, हजारीबाग**
**Office e-mail id- govitichurchu@gmail.com,Website- https://iti.jharkhand.gov.in**

**औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, चुरचू, हजारीबाग। में**
**शैक्षणिक सत्र-2025-26-27 में नामांकन संबंधित सूचना-**

1. झारखण्ड सरकार के NCVT के अन्तर्गत संचालित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, चुरचू में निदेशालय, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग झारखण्ड रॉंची के पत्रांक-639, दिनांक-07.05.2025 के अनुपालन में शैक्षणिक सत्र-2025-26-27 के विभिन्न व्यवसाय में नामांकन के लिए योग्य आवेदकों से, जो झारखण्ड राज्य के स्थायी/स्थानीय निवासी की श्रेणी में आते हैं और निचे दिये गये शैक्षणिक योग्यता धारित करते हैं, उनसे ऑनलाईन आवेदन-पत्र (https://iti.jharkhand.gov.in » Admission Tab) पर आमंत्रित किये जाते हैं।
2. न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता:-
(क) वेल्डर व्यवसाय के लिए आठवीं (8वीं) उत्तीर्णता।
(ख) इलेक्ट्रीशियन, फीटर एवं मैकेनिक डिजल व्यवसायों के लिए माध्यमिक/10वीं परीक्षा में उत्तीर्णता आवश्यक है।
3. महत्वपूर्ण तिथियाँ:-

| क्रम0 सं0 | विवरणी | तिथि |
|---|---|---|
| 01 | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन एवं आवेदन पत्र भरने की प्रारंभिक तिथि | 20.05.2025 |
| 02 | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन एवं आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि | 13.06.2025 अपराह्न 5:00 बजे तक |
| 03 | औपबंधिक राज्य मेधा सूचियों (आठवीं एवं दसवीं कक्षा) का प्रकाशन | 16.06.2025 अपराह्न 5:00 बजे |
| 04 | औपबंधित राज्य मेधा सूचियों में शामिल आवेदकों द्वारा प्राप्तांक/प्राप्तांक प्रतिशत, कोटि एवं अन्य प्रविष्टियों में त्रुटि सुधार की अवधि | 17.06.2025 से 19.06.2025 |
| 05 | अंतिम मेधा सूचियों (आठवीं एवं दसवीं कक्षा) का प्रकाशन | 21.06.2025 |

4. डी0जी0टी0 के पत्रांक-DGT-MIS011/1/2025-O/o DIR(TC) [71015], दिनांक-08.04.2025 के आलोक में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, चुरचू, हजारीबाग में नामांकन लेने वाले अभ्यार्थियों का वैध मोबाईल नं0, ई-मेल आई0डी0 एवं आधार नं0 आवश्यक है, तथा एन0टी0सी0 उत्तीर्णता प्रमाण पत्र प्राप्त होने तक उसमें परिवर्तन करने की अनुमति नहीं होगी। डी0जी0टी0 का पत्र https://iti.jharkhand.gov.in के download section के Notification Tab में देखा जा सकता है।
5. नामांकन संबंधी विस्तृत महत्वपूर्ण सूचना झारखण्ड ITI Web portal https://iti.jharkhand.gov.in के Download section के Notification Tab में देखा/download किया जा सकता है।
6. किसी प्रकार की महत्वपूर्ण जानकारी हेतु ITI Webportal https://iti.jharkhand.gov.in के Grievance Section में टिकट (Complain) Raise किया जा सकता है एवं आवश्यकतानुसार मो0नं0-8252575749/9308058506/7717775369 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

उक्त सूचना को झारखण्ड के ITI Webportal https://iti.jharkhand.gov.in के download section के Notification Tab में देखा/download किया जा सकता है।

प्रभारी प्राचार्य
औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान,चुरचू, हजारीबाग

PR 352996 Labour Employment and Traning(25-26).D

**Jharkhand UrjaUtpadan Nigam Limited.**
**(CIN: U40108JH2013SGC001703)**
**OFFICE OF THE PROJECT MANAGER**
**SUBERNAREKHA HYDEL PROJECT**
**AT & P.O. -SIKIDIRI-835219DIST. RANCHI ( JHARKHAND)**

**NOTICE INVITING TENDER**

Sealed Tenders are invited by Office of Project Manager, SRHP, Sikidiri on behalf of Jharkhand UrjaUtpadan Nigam Ltd. under Two Bid System i.e. Technical Bid and Financial Bid from reputed, experienced and financially sound agencies / contractors /firms for the following works on the terms and conditions mentioned in the tender document, the details of which are as below:

| S. No. | NIT no. | Name of works | Earnest Money to be deposited (Refundable) (Rs.) | Cost of Tender Document (Non-refundable) (Rs.) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 06/PR/JUU NL/ 25-26 | Construction of Treated Earth Pit and Cable lying at 132/33/11 KV Switchyard SRHP Sikidiri. | 2,600 /- | 590/- (500+ GST @18%) |
| 2. | 07/PR/JUU NL/ 25-26 | Complete Servicing and Replacement of damaged parts of CGLS System in PH-I & II, SRHP Sikidiri. | 4,500/- | 590/- (500 + GST @18%) |

| | |
|---|---|
| End date & time of sale of BID | 06.06.2025 upto 04:00 PM |
| End date and time of submission of tender | 07.06.2025 upto 03:00 PM |
| Date & Time of opening of Technical Bid | 07.06.2025 at 04:00 PM |
| Date & Time of opening of Financial Bid | Will be communicated later |
| Work officer & Address for communication | Project Manager, Subernarekha Hydel Project, Sikidiri, Ranchi – 835219. |
| Contact Number | 9431707312 |

Tender documents with detailed terms and conditions may be obtained from office of the Project Manager, SRHP, Sikidiri in working hours after depositing cost of BOQ on any working day.
- Cost of tender Document (cash/DD) and EMD shall be in shape of Demand Draft (DD) issued by any Nationalized / Scheduled Bank in favour of Account Officer, Subernarekha Hydel project, Sikidiri, Payable at Ranchi.
- Tender without Earnest Money shall not be considered.
- No postal transaction for the purchase/submission of tender documents shall be entertained.
- The tenders shall not be entertained after the deadline under any circumstances whatsoever.
- The undersigned reserves the right to issue, extend the date of publishing / submission / opening tender / distribute the works among the tenders or reject any / all tenders without assigning any reason thereof.

For any clarification please contact phone no. 9431707312 during office hours

स्वहित एवं राष्ट्र हित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकायतों को 18003456570 (कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

Sd/-
Project Manager
SRHP, Sikidiri

PR 353026 (Jharkhand Urja Utpadan Nigam Ltd) 25-26 (D)

# विदा विराट

अब टेस्ट क्रिकेट में विराट कोहली की पारी खत्म हो गई है। कई लोगों का मानना है कि यह समय से पहले लिया गया फैसला है, जबकि कोहली का मानना है उनके पास टेस्ट क्रिकेट की कठिन स्थितियों में सफल होने के वास्ते जो ऊर्जा, मानसिक शक्ति और कौशल होना चाहिए, खासकर इंग्लैंड जैसी चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में, अब पहले जैसा नहीं रहा। यहां तक कि दस हजार टेस्ट रन का मील का पत्थर, जो कि बहुत करीब था, वह भी इंग्लैंड जाने और क्रिकेट के मैदान पर अपनी ज्वलनशील ऊर्जा को बाहर निकालने का पर्याप्त लालच न बन पाया।

कोहली अब 36 वर्ष के हैं, दो बच्चों के पिता हैं। उनकी जीवन साथी फिल्म स्टार अनुष्का हैं, जिन्होंने एक व्यक्तित्व के रूप में उनके विकास में बहुत योगदान दिया है। जीवन के बही-खाते में, यह एक ऐसी उम्र है जब पूरी दुनिया आपके आगे होती है, पीछे नहीं। लेकिन एक खिलाड़ी के जीवन में, यह वह उम्र होती है जहां करिअर का अंत सामने नजर आने लगता है। टेस्ट क्रिकेट में उनकी फॉर्म भले ही पहले जितनी न रही हो लेकिन उनकी फिटनेस का स्तर किसी किशोर को भी शर्मिंदा कर सकता है। अपनी अपार लोकप्रियता और प्रशंसकों के अलावा, कम ओवर वाले क्रिकेट प्रारूप (आईपीएल) को मानसिक और शारीरिक रूप से यानी टी-20 के मुकाबले संभालना ज्यादा आसान है। किसी राष्ट्र के लिए न होकर एक व्यावसायिक उद्यम के लिए प्रतिबद्धता है,प्रतिबद्धता, अनुशासन और एकाग्रता का प्रतीक विराट, प्रतिद्वंद्वियों का ध्यान अपने शारीरिक हाव-भावों से भंग करने वाली खूबी रखने के साथ खेल के लघु संस्करण में प्रतिद्वंद्वियों को हराने की ताकत रखते हैं। वे अब क्रिकेट के सबसे कठिन प्रारूप यानी टेस्ट क्रिकेट में ऐसा नहीं कर सकते। निश्चित ही विराट की यह विदाई लंबे समय तक याद रखी जायेगी।

## आज का राशिफल

**मेष :** बुद्धि व धन का दुरुपयोग न करें। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। भ्रातृपक्ष में विरोध की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य ठीक रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय न गंवाकर काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। शुभांक-2-5-7

**वृष :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। शुभांक-2-3-5

**मिथुन :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें। चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी। शुभांक-2-3-8

**कर्क :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। बातचीत में संयम बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। शुभांक-2-5-8

**सिंह :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। संतोषजनक सफलता मिलेगी। शुभांक-4-8-9

**कन्या :** अपनों का सहयोग मिलेगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति ठीक रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। कार्य सफल होंगे। शुभांक-2-8-9

**तुला :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार विमर्श होगा। सहयोग प्राप्त होगा। अपने आपको अधिक सक्रिय पाएंगे। परामर्श आदि सभी का सहयोग मिलेगा। शुभांक-5-7-9

**वृश्चिक :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। उतावलेपन से बचे। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। किसी को हानि पंहुचाने की चेष्टा न करें अन्यथा हानि संभव है। स्वविवेक से कार्य करे। शुभांक-1-2-7

**धनु :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। पसंदीदा भोज्य पदार्थों की प्राप्ति होगी। शुभांक-1-4-8

**मकर :** प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। शुभांक-5-6-8

**कुंभ :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कुछ तनाव हो सकता हैं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। शुभांक-5-7-8

**मीन :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। यात्रा सुखद रहेगी। शुभांक-3-5-7

संस्थापक
**स्व. डॉ अभय कुमार सिंह**
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
**मुद्रक, प्रकाशक**
**मंजू सिंह**
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
**प्रधान संपादक**
**सौरभ कुमार सिंह**
**संपादक**
**अविनाश ठाकुर***
**फोन : 95708-48433**
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
धनबाद कार्यालय
लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
(R.N.I No. आवेदित)
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# गाजा पट्टी से भी ज्यादा बदहाली की ओर पाकिस्तान




**ऑपरेशन** सिंदूर के बाद पाकिस्तान की हालत 'आगे कुआं, पीछे खाई' वाली हो गई है। वह अपनी आंतरिक समस्याओं के अलावा एक साथ कई समस्?याओं से जूझ रहा है। इजराइल ने फिलिस्?तीन में आतंकी संगठन हमास के ठिकाने गाजा पट्टी को तबाह किया, लेकिन भारत को पाकिस्तान को पूरी तरह से तबाह करने की जरूरत नहीं पड़ी। ऑपरेशन के बाद से पाकिस्तान के हालात बहुत तेजी से बदल रहे हैं। उसकी स्थिति गाजा पट्टी से ज्यादा खराब और दयनीय होने वाली है।

भारत द्वारा पाकिस्तान के खिलाफ की गई सैन्य, कूटनीतिक, व्यापारिक और द्विपक्षीय कार्रवाई के बाद वह अपने ही द्वारा बुने गए जाल में उलझ गया है। इसका त्वरित प्रभाव में दिखने लगा है और उसने भारत के जल शक्ति मंत्रालय से सिंधु जल संधि पुनः बहाल करने की गुहार भी लगा दी है। वह दिन दूर नहीं जब पाकिस्तान भूख और प्यास से चिल्लाता हुआ आएगा और भारत के साथ मित्रवत व्यवहार करने की कसमें भी खाएगा। लेकिन प्रश्न यह है कि क्या पाकिस्तान के घड़ियाली आंसुओं पर भारत को कभी भी भरोसा करना चाहिए क्या भारत को सिंधु जल संधि को बहाल करने पर पुनर्विचार करना चाहिए क्या भारत को पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर को वापस लिए बिना किसी भी तरह की रियायत देनी चाहिए

मैं कहूंगा कि बिलकुल नहीं। पाकिस्तान पूरी तरह से अविश्वनीय, दुष्ट, विश्वासघाती और अमानवीय प्रकृति का देश है। उसे पाकिस्तान की जगह आतंकिस्तान कहना ही बेहतर होगा। पाकिस्तान की हालत गाजा पट्टी से बदतर क्यों हो जाएगी, इसके कई कारण हैं। ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान को धूल चटाने के पहले भारत ने पाकिस्तान पर सिंधु जल संधि निलंबन, वीजा रोक, हवाई-व्यापार बंदी जैसे पांच बड़े प्रतिबंध लागू किए थे। दोनों देशों के बीच संघर्ष विराम के बावजूद ये प्रतिबंध लागू हैं। वास्तविकता तो यह है कि भारत के इस संधि से अलग होने पर पाकिस्तान की 80 प्रतिशत कृषि भूमि को पानी नहीं मिल रहा। पाकिस्तान की बेचैनी अभी और बढ़ेगी। इसलिए आगे भी भारत को इन्हें प्रतिबंधों को लागू रखना चाहिए।

पाकिस्तान ने ऑपरेशन सिंदूर के जवाब में ड्रैगन (चीन निर्मित) के विमान जेएफ 17 और पीएल 15 मिसाइल का इस्तेमाल किया, उनको भारतीय वायुसेना ने धराशायी कर दिया। इसके चलते वैश्विक समुदाय के समक्ष चीन के सैन्य साजो सामान की घटिया गुणवत्ता का एक्सपोजर हो गया है। इससे पाकिस्तान के साथ ही चीन को भी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा और जो चीन विश्व के गरीब देशों को हथियार बेच सकता था, उस मोर्चे पर चीन को भी काफी निराशा हाथ लगी है। भारत के पहलगाम में आतंकी हमला, ऑपरेशन सिंदूर पर पलटवार करने के बाद हर मोर्चे पर मुंह की खाने के बाद पाकिस्तान का झूठ वैश्विक समुदाय के समक्ष आ गया है।



**- डा अनिल कुमार**

> वर्तमान में पाकिस्तान द्वारा समझौते को निरस्त करना एक मूर्खतापूर्ण कदम के लिए इतिहास में स्मरण किया जाएगा। वैसे भी इस समझौते का कोई महत्व नहीं रह गया था क्योंकि 2024 के उत्तरार्ध में पाकिस्तान की संसद में एक प्रस्ताव पारित हुआ जिसमें शिमला समझौते को ₹अप्रासंगिक और निष्प्रभावी₹ बताया गया और इसे औपचारिक रूप से रद्द करने की सिफारिश की गई।

इसके अलावा ऑपरेशन सिंदर में मारे गए आतंकियों के जनाजे में पाकिस्तान की सेना का मौजूद होना और आतंकियों के ताबूतों को पाकिस्तान के झंडे में लपेटे जाने के बाद संपूर्ण विश्व को पता चल गया कि पाकिस्तान आंतकियों को पालने-पोषने वाला देश है। दूसरा, पाकिस्तान ने एक और झूठ का प्रचार किया कि भारत ने अफगानिस्तान को निशाना बनाकर मिसाइलें दागीं लेकिन इस मामले में अफगानिस्तान ने ही पाकिस्तान को झूठा साबित कर दिया।

पाकिस्तान इस समय भीषण आर्थिक संकट के दौर से गुजर रहा है। वह कटोरा लेकर कभी आईएएफ, चीन अथवा अमेरिका के पास फंड लेने के लिए पहुंच जाता है। हैरानी की बात यह है कि इस समय पाकिस्तान पर करीब 21.6 लाख करोड़ रुपये का सार्वजनिक कर्ज है। ये पाकिस्तान की कुल जीडीपी का 67 प्रतिशत है। वहां पर महंगाई सातवें आसमान पर है। वहां पर बहुत बड़ी आबादी भुखमरी का शिकार है। पाकिस्तान की जनता ने भारत से गलत तरीके से युद्ध करने पर वहां की सरकार से हिसाब मांगना शुरू कर दिया है।

पाकिस्तान का एक प्रांत बलूचिस्तान आग की ज्वाला में धधक रहा है। वहां की बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने पाकिस्तान की फौज पर हमला कर खदेड़ दिया है। भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव व संघर्ष के दौरान भी बीएलए ने पाकिस्तान की आर्मी पर अनेक हमले किए हैं। बलूच नेता मीर यार ने तो यहां तक ऐलान कर दिया है कि बलूचिस्तान अब पाकिस्तान का हिस्सा ही नहीं है, अब वह आजाद है। उन्होंने इसमें भारत सरकार से भी मदद करने की अपील की है।

पाकिस्तान का झूठ, फरेब, विश्वासघाती और बहुरूपिया चरित्र सभी के सामने आ गया है। वास्तविकता यह है कि गाजा पट्टी से हमास आतंकी समूह का सफाया करने के लिए इजराइल को उस पर लगातार बम बरसाकर और वहां की बिजली आपूर्ति बाधित करनी पड़ी। हालांकि पाकिस्तान को तबाह करने के लिए भारत को इतनी मशक्कत तो नहीं करनी पड़ेगी क्योंकि पाकिस्तान अपने चरित्र और कर्म के चलते बिखर रहा है लेकिन भारत को पाकिस्तान की चालाकी और धूर्तता पर कड़ी नजर रखते हुए वैश्विक स्तर पर उसकी असलीयत को उजागर करते रहना पड़ेगा।

## लेटर टू एडिटर

### दावों की सच्चाई

**पहलगाम** के बैसरन में सैलानियों पर आतंकी हमला दिल दहलाने वाला है, जो केंद्र सरकार के शांति के दावों की सच्चाई उजागर करता है। हर हमले के बाद बयानबाजी होती है, पर हालात जस के तस रहते हैं। धर्म पूछकर हत्या करना देश के सौहार्द को तोड़ने की साजिश है। जनता को संयम रखना चाहिए, लेकिन सरकार को अब सख़्त कदम उठाकर आतंकियों की कमर तोड़नी होगी, वरना न आमजन सुरक्षित रहेगा, न हमारे जवानों की कुबार्नी थमेगी।

**-हेमा हरि, हजारीबाग**

### कठोर कार्रवाई हो

कश्मीर में पर्यटकों पर आतंकी हमले की खबर ने हर संवेदनशील व्यक्ति को झकझोर दिया। यह सवाल उठता है कि जब जम्मू-कश्मीर आतंकवाद के साये में है, तो सुरक्षा में लापरवाही क्यों? पाकिस्तान समर्थित कट्टरपंथियों की मानसिकता भारत विरोधी रही है, लेकिन भारत को आतंरिक सुरक्षा मजबूत करें। **– रवि सिन्हा रांची**

## ट्वीट

**रांची** जिला प्रशासन जनता की समस्या दूर करने के लिए प्रयासरत्त! सभी अंचल अधिकारियों ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं और कई मामलों जैसे भूमि बंटवारा, अतिक्रमण, दाखिल-खारिज, भूमि निबंधन, जमीन मापी, आवास योजना, पेंशन, सामाजिक सुरक्षा, नल-जल योजना, आंगनबाड़ी व अन्य समस्या का ऑन-द-स्पॉट कुछ मामलों का निष्पादन किया गया एवं शेष को संबंधित विभागों को भेजा गया। आम जनता की समस्याओं का समाधान हमारी प्राथमिकता है। सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, इसके लिए जिला प्रशासन कटिबद्ध है।

**– मंजूनाथ भजंत्री ,डीसी, रांची जिला**

# अनिवार्य है, कृतघ्न तुर्किए को कठोर संदेश देना

**-डॉ. आशीष वशिष्ठ**

सामयिक

**जम्मू**-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को 26 निर्दोष हिन्दू पर्यटकों की नृशंस हत्या के उत्तर में शुरू ऑपरेशन सिंदूर पाक समर्थित आतंकवाद पर निर्णायक प्रहार बन गया। चार दिन तक चले ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान की सारी हेकड़ी निकल गई और वो सीजफायर की भिक्षा मांगने लगा। भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर अवश्य हो गया है, लेकिन ऑपरेशन सिंदूर के बीच तुर्की खासा सुर्खियों में रहा। उसका पाकिस्तान प्रेम खुलकर सामने आ गया।

ऑपरेशन सिंदूर के दौरान चीन, तुर्किए और अजरबैजान का वास्तविक चेहरा समूचे विश्व के समक्ष अनावृत हो गया। पाकिस्तान ने इस दौरान भारत पर जो ड्रोन और मिसाइल दागे वो ह्यमेड इनह्न चाइना और तुर्किए में बने थे। पाकिस्तान ने जो चीन की निकृष्ट मिसाइल और तुर्किए के ड्रोन भारत पर हमले में प्रयोग किये, उनके अवशेष सैन्य बलों के पास हैं। चीन और तुर्किए अब इन प्रमाणों को नकार नहीं सकता है।

सीजफायर के बाद पाकिस्तान के मित्र तुर्किए के विरुद्ध भारत में विरोध शुरू हो गया है और सोशल प्लेटफार्म पर बॉयकाट तुर्की मुहिम जोर पकड़ने लगी है। भारतीय टूरिस्ट तुर्किये और अजरबैजान का बॉयकॉट कर रहे हैं। मोदी सरकार ने भी तुर्की को सबक सिखाने के लिए कदम उठाने शुरू कर दिये हैं। लेकिन जिस तरह देशवासियों ने खुद ही तुर्की और अजरबैजान का बॉयकॉट करने की मुहिम छेड़ी है, उसकी जितनी प्रशंसा की जाए वो कम है। भारतीय नागरिकों के इस भाव का प्रभाव तुर्किए के अरबों डॉलर के व्यापार पर पड़ने वाला है।

तुर्किये ह्यएहसान फरामोशीह्न का सबसे कलंकित उदाहरण हो सकता है। जब फरवरी- 2023 में तुर्किए में 7.8 तीव्रता का भूकंप आया था। लगभग चालीस हजार लोग मारे गए थे और इमारतें मलबा हो गई थीं, तब भारत ने मदद का पहला हाथ बढ़ाया था। भारत ने भूकंप के अलावा भी तुर्किये की कई बार सहायता की है, लेकिन जब मौका आया तो उसने कृतघ्नता ही दिखाई। वह भारत के शत्रु के पक्ष में खड़ा हो गया। 2009 में तुर्किये ने पहली नैनो सैटेलाइट आईटीयूपीसेट-1 बनाई, जिसे स्पेस में नई टेक्नोलॉजी पर रिसर्च करना, पृथ्वी की तस्वीरें लेना और आंकड़ा एकत्र करने के लिए भेजा जाना था। इस लॉन्च में भारत ने तुर्किये की मदद की थी। इस सबके बाद भी तुर्किये सदैव पाकिस्तान का समर्थन करता रहा है।

तुर्किये ने 2019 में भारत के धारा 370 हटाने का भी विरोध किया था। इसके बाद से लगातार तुर्किये यूनाइटेड नेशन जनरल असेंबली (यूएनजीए) में कश्मीर का मुद्दा उठाता आया है। पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में 6-7 मई की रात भारत ने ऑपरेशन सिंदूर लॉन्च किया तो तुर्किये खुलकर पाकिस्तान के साथ दिखा। कई मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया कि तुर्किये ने पाकिस्तान को करीब 350 ड्रोन और उन्हें चलाने के लिए ऑपरेटर भेजे। चार मई को तुर्किये ने नौसेना का युद्धपोत टीसीजी बुयुकडा (एफ-512) पूरे बेड़े के साथ पाकिस्तान के कराची पोर्ट पर भेज दिया। तुर्किए ने पाकिस्तान के पहलगाम हमले की अंतरराष्ट्रीय जांच की अनुशंसा का भी समर्थन किया। 10 मई को सीजफायर के बाद शहबाज शरीफ ने एर्दोगन को मदद करने के लिए शुक्रिया अदा किया।

तुर्किए द्वारा पाकिस्तान का साथ देने के बाद भारतीय पर्यटकों ने धड़ाधड़ तुर्की की यात्राएं कैंसिल करवानी शुरू कर दी हैं। भारतीय पर्यटकों को आज की तारीख में सिर्फ एक आम ट्रैवलर मानना बहुत बड़ी गलती है। क्योंकि ग्लोबल टूरिज्म इंडस्ट्री के लिए भारतीय पर्यटक एक आर्थिक स्तंभ बन चुके हैं।

साल 2023 में भारतीय पर्यटकों ने दुनिया के अलग अलग हिस्सों में घूमने में 18 अरब डॉलर से ज्यादा खर्च किए। ऐसे में अगर भारतीय पर्यटक किसी देश का बहिष्कार करते हैं तो वो सिर्फ एक सोशल मीडिया पर चलाया गया ट्रेंड नहीं होता , बल्कि एक भूकंप होता है।

# भारत में सामाजिक सुधार और बाल शोषण



**फलक फातिमा**

प्रेरणा

बाल शोषण और सामाजिक सुधार की दिशा में नारी सशक्तिकरण की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। जब पहचानती हैं और सामाजिक अन्याय के खिलाफ आवाज उठाती हैं, तब वे बाल शोषण जैसी कुरीतियों के विरुद्ध भी एक मजबूत है। जब महिलाएँ समाज में नेतृत्व करती हैं, तो वे बाल सुरक्षा और शिक्षा को अपनी प्राथमिकता में शामिल करती हैं, जिससे बाल शोषण जैसी कुरीतियों के खिलाफ सामाजिक वातावरण बनता है। केवल कानूनों से नहीं, बल्कि सामाजिक चेतना और संरचना में बदलाव से ही समाप्त हो सकती है। इस दिशा में नारी सशक्तिकरण एक सशक्त माध्यम है जो न केवल महिलाओं को सक्षम बनाता है,





महिलाएँ शिक्षित, आत्मनिर्भर और जागरूक होती हैं, तब वे अपने बच्चों के अधिकारों और सुरक्षा के प्रति अधिक संवेदनशील होती हैं। नारी सशक्तिकरण केवल महिलाओं को शक्ति देने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह पूरे समाज को सशक्त बनाने की प्रक्रिया है। जब महिलाएँ अपने अधिकारों को दीवार बन जाती हैं। एक सशक्त महिला अपने परिवार में सुरक्षित वातावरण बना सकती है, बच्चों को उचित मार्गदर्शन दे सकती है और समाज में बदलाव की लहर ला सकती है। इसलिए, बाल शोषण के उन्मूलन और सामाजिक सुधार के लिए नारी सशक्तिकरण को प्राथमिकता देना अत्यंत आवश्यक

परिवर्तन कुछ लौटने की अवधारणा को एक नया दृष्टिकोण देती है और यह दिखाती है कि एक व्यक्ति का प्रयास भी समाज में व्यापक परिवर्तन ला सकता है।

बाल शोषण और सामाजिक सुधार में नारी सशक्तिकरण की अलग भूमिका हैः बाल शोषण एक गंभीर सामाजिक समस्या है, जो बल्कि समाज को भी सुरक्षित और संवेदनशील बनाता है।


जब महिलाएँ शिक्षित और जागरूक होती हैं, तो वे अपने बच्चों के अधिकारों और उनके मानसिक व शारीरिक विकास के प्रति सजग रहती हैं।

(यूनिसेफ झारखंड)

**राजधानी रांची से मात्र 35 किमी की दूरी पर स्थित पतरातू वैली और डैम पर बड़ी संख्या में लोग प्रकृति का आंनद लेने आते हैं।**




## कार्टून वर्ल्ड



## स्पीड न्यूज

### जनता मजदूर संघ ने दिया धरना



**कुजू।** जनता मजदूर संघ के केंद्रीय महामंत्री सह जेबीसीसीआई मेंबर सिद्धार्थ गौतम के निर्देश पर सीसीएल कुजू महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष कुजू क्षेत्रीय सचिव जगदीश महतो के नेतृत्व में धरना दिया गया। कोयला मंत्रालय के द्वारा पुराना लेबर कोड को रद्द कर सरकार द्वारा चार नया लेबर कोड लागू करने का प्रयास किया जा रहा है, सरकार द्वारा कोयला उद्योग से बेज बोर्ड को समाप्त करने का प्रयास किया जा रहा है, कोयला मजदूरों का अधिकारों का छीनने प्रयास किया जा रहा है, कोयला खदानों को बड़े उद्योगपति के हाथों में बेचने का प्रयास, न्यूनतम वेतन 26000 प्रति माह सुनिश्चित करने आदि की मांग करते हुए स्टाफ अधिकारी कार्मिक कुजू क्षेत्र गिरीश चंद्र को मांग पत्र सौपा गया। वही जगदीश महतो ने जानकारी दिया कि कोल इंडिया में आगामी 9 जुलाई को देशव्यापी हड़ताल किया जाएगा। साथ ही मजदूरों को हड़ताल में शामिल होने का आव्हान किया किया। धरना प्रदर्शन में क्षेत्रीय सचिव जगदीश महतो, उमेश प्रसाद साहू, करमा शाखा सचिव राजकुमार महतो, कुजू कोलियरी सचिव रौशन लाल महतो, नंदकिशोर प्रसाद, राजकुमार दास , मेघलाल मंडल, आफताब हुसैन, सरवन करमाली, संत विलास करमाली, ओम प्रकाश अग्रवाल, कपिल मंडल, जानकी महतो, अजय कुमार, मदन महतो, ईश्वर वेदिया, राम लखन प्रसाद, विजय कुमार मोहाली सह सचिव महाप्रबंधक कार्यालय, बिगन राम, सत्य प्रकाश मंडा, इत्यादि लोग इस धरना प्रदर्शन में शामिल थे।

### राष्ट्रभाषा परिषद के अध्यक्ष बने कुलानंद



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** झारखंड राष्ट्रभाषा परिषद के तत्वावधान में मंगलवार को ए ला एंग्लाइज विद्यालय बिरसा चौक भुरकुंडा में बैठक हुई, इसकी अध्यक्षता परिषद के महासचिव डॉ. गजाधर महतो प्रभाकर ने की। बैठक में परिषद का पुनर्गठन किया गया। इसमें अध्यक्ष के लिए कुलानंद पांडेय के नाम का प्रस्ताव रखा गया। जिसकी सम्पुष्टि कार्यकारी अध्यक्ष बिनय कुमार सिंह ने की। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने एक स्वर में उनके नाम पर मुहर लगाते हुए प्रस्ताव को पारित किया। परिषद के कार्यकारी अध्यक्ष बिनय कुमार सिंह ने कहा कि कुलानंद पांडेय झारखण्ड राष्ट्रभाषा परिषद से अपने शिक्षण सेवाकाल से ही जुड़े रहे। वे शिक्षा एवं साहित्य क्षेत्र में उत्प्रेरक का कार्य करते रहे। उनके इस योगदान को नकारा नहीं जा सकता। कहा गया कि उनकी अगुवाई में परिषद के साहित्यिक गतिविधियों में निःसंदेह असाधारण गति मिलेगी। अध्यक्ष पद नाना तिवारी के निधन के बाद से रिक्त था। बैठक में पुनर्गठन के क्रम में हिंदी के लेखन कार्य सह शिक्षा क्षेत्र से जुड़े नवीन कुमार सिंह को झारखण्ड राष्ट्रभाषा परिषद का उपाध्यक्ष एवं मुंडारी लेखक सह शिक्षक आनंद बारला को संगठन मंत्री के रूप में मनोनयन किया गया। इस अवसर पर नव मनोनित अध्यक्ष कुलानंद पांडेय ने कहा कि संस्था के संस्थापक अध्यक्ष रघुपति सिंह चौहान व्यथित एवं निवर्तमान अध्यक्ष नाना तिवारी के द्वारा बनाये गए बागवान को उपजाऊ बनाये रखने की अनवरत कोशिश रहेगी। क्षेत्र में साहित्यिक विकास का कार्यक्रम जारी रहेगा। बैठक में विजयंत कुमार, रूपेश विश्वकर्मा, बैभव कुमार, सुरेश महतो द्वारा नव मनोनीत पदाधिकारियों को मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया।

### विस्थापित मोर्चा ने किया प्रदर्शन



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** रैयत विस्थापित मोर्चा भुरकुंडा ने मंगलवार को भुरकुंडा परियोजना कार्यालय के समक्ष पारंपारिक हरवे-हथियार के साथ धरना-प्रदर्शन किया। धरना-प्रदर्शन के बाद प्रबंधन को मांग-पत्र सौंपा। इसकी अध्यक्षता सन्नी कुमार बेसरा और संचालन विरेंद्र मांझी ने किया। धरना को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि सीसीएल ने उनके पूर्वजों से विस्तारीकरण के नाम पर उनकी जमीन अधिग्रहण किया है। अधिग्रहित जमीन से प्रबंधन कोयला की निकासी कर रही है, लेकिन विस्थापित रैयतो को पिछले 40 वर्षो से लोकल सेल से वंचित रखा गया है। विस्थापित ग्रामीण अपने हक-अधिकार के लिये पुरानी रोडसेल समिति से कई बार बैठक किया, लेकिन सहमति नहीं बन पाई। इस मामले को लेकर मोर्चा प्रबंधन को लिखित और मौखिक रूप से अवगत भी करा चुका है। मोर्चा प्रबंधन से मांग करती है कि भुरकुंडा रोड सेल में दुंदुवा और देवरिया बरगांवा के रैयत विस्थापितों को हिस्सेदारी सुनिश्चित करें। अगर प्रबंधन प्रभावित क्षेत्र के लोगों के अधिकार की अनदेखी करती है तो जोरदार आंदोलन किया जायेगा। धरना-प्रदर्शन में सुनील मुर्मू, शंकर मांझी, ढुरका मांझी, ब्रह्मदेव मुर्मू, अनिल मांझी, धनीराम मांझी, रंजीत मांझी, अनिल मुर्मू, मनोज हांसदा, शिवराज हांसदा, सुरज मुर्मू, सिकेन्दर मुर्मू, शिवलाल मुर्मू, मनोज मुर्मू, राज मुर्मू, रमेश मुर्मू, दिनेश मुर्मू, आशा देवी, फुलो देवी सहित दर्जनों ग्रामीण महिला-पुरूष शामिल थे।

### पीवीयूएन ने डीएवी स्कूल को दिया पीए



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** समुदाय विकास एवं शैक्षणिक संस्थाओं के सहयोग हेतु अपनी सतत प्रतिबद्धता के तहत पीवीयूएन लिमिटेड ने स्वर्णरेखा महिला समिति के सहयोग से डीएवी पब्लिक स्कूल पतरातू को एक अत्याधुनिक पब्लिक एड्रेस (पीए) सिस्टम प्रदान किया। स्वर्णरेखा महिला समिति की अध्यक्ष रीता सिंह ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य स्कूल के बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करना तथा दैनिक प्रार्थना सभा, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और अन्य विद्यालयीय आयोजनों को व्यवस्थित और प्रभावी ढंग से संचालित करने की क्षमता को बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि पीए सिस्टम स्कूल परिसर में संप्रेषण व्यवस्था को बेहतर बनाएगा, जिससे छात्रों और शिक्षकों के लिए एक अधिक अनुशासित और संवादात्मक वातावरण का निर्माण होगा।

# सुर्खियों के पीछे छिपा सच

## हजारीबाग में कोयला नहीं, निकाली जा रही है मौत

**अभय कुमार सिंह**



**हजारीबाग।** हजारीबाग की धरती से निकलने वाला कोयला अब सिर्फ ऊर्जा का स्रोत नहीं, बल्कि खून से सना हुआ कालिख बन चुका है। इस जिले के सुदूरवर्ती इलाकों में चल रहा अवैध खनन अब एक संगठित अपराध का रूप ले चुका है, जिसमें माफिया, प्रशासन, कुछ नेताओं और मीडिया के चंद बिके हुए चेहरे एक साथ खड़े हैं।कोयले के इस काले धंधे ने जिले को अपराध, भ्रष्टाचार और पर्यावरणीय विनाश के दलदल में धकेल दिया है।

**कागजों पर सील, जमीन पर खनन :** चरही, बड़कागांव, केरेडारी, कटकमसांडी और चुरचू जैसे इलाके, जहां सरकार की नजर शायद ही कभी पहुंचती है, वहां खनन माफिया दिन-रात पोकलेन मशीनों से जमीन चीर रहे हैं। सरकारी कार्रवाई की खबरें आती हैं, लेकिन हकीकत ये है कि खदानें चंद दिनों में फिर चालू हो जाती हैं। डोजरिंग सिर्फ कैमरे के लिए होती है, और बंद खदानें कुछ ही समय बाद फिर से 'धंधे' का अड्डा बन जाती हैं। इन अवैध खदानों में कोई सुरक्षा मानक नहीं होता। बिना किसी नियम या सुरक्षा इंतजाम के मजदूरों को सुरंगों में उतारा जाता है, जहां जरा सी चूक उनकी मौत बन जाती है। लेकिन न कोई एफआईआर, न कोई कार्रवाई क्योंकि मौत की कीमत पहले से तय होती है, और सबूत मिटाने में वक्त नहीं लगता।

**पत्रकार नहीं, सौदागर हैं कुछ चेहरे :** इस गठजोड़ में सबसे शर्मनाक भूमिका निभा रहे हैं वे मीडियाकर्मी, जो खबर के नाम पर दलाली करते हैं। सूत्रों के अनुसार, चरही का एक स्वयंभू पत्रकार ने माफियाओं से हर माइंस पॉइंट पर 1.5 लाख रुपये की वसूली तय कर रखी है। हर महीने नौ लाख की उगाही हो तो न कोई खबर छपेगी, न कोई सवाल उठेगा। वहीं यदि कोई मीडिया हाउस आवाज उठाता है तो उसे फर्जी पत्रकारों के गैंग से बदनाम करवाना अब आम बात है। उसका गुर्गा टुकटुक' नाम से सक्रिय है, जो खनन साइट्स से हर महीने लाखों की वसूली कर रहा है। उसकी गठजोड़ हजारीबाग के दो यूट्यूबर्स से भी है, जिनका काम है 'मैनेज' नहीं होने वालों को बदनाम करना। खबरें छुपाई जाती हैं, और जो आवाज उठाता है उसे निशाना बनाया जाता है। सवाल बड़ा है कि क्या प्रशासन इस पूरे गठजोड़ को तोड़ने की हिम्मत जुटाएगा? या फिर वही फाइलों में चलने वाली जांच, और धरातल पर होता रहेगा वही खौफनाक खेल? अगर सरकार अब भी नहीं चेती, तो हजारीबाग के जंगलों में सिर्फ कोयला नहीं, इंसानियत दफन होती रहेगी।

## भुरकुंडा में भाजपा ने निकाली तिरंगा यात्रा

### भारत माता की नारों से गूंजा कोयलांचल

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** ऑपरेशन सिंदुर की सफलता और देश के वीर जवानों के सम्मान में सोमवार को भुरकुंडा में ऐतिहासिक तिरंगा यात्रा निकाली गई। भारत माता के वीर सपूतों को श्रद्धांजलि देने और देशभक्ति की भावना को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से निकाले गये तिरंगा यात्रा मतकमा चौक से आरंभ होकर थाना मैदान पहुंची। जहां देश के वीर जवानों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

इस अवसर पर बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी ने अपने संबोधन में देशभक्ति, एकता और वीरता की मिसाल पेश करने वाले जवानों को नमन किया। उन्होंने कहा कि यह तिरंगा सिर्फ कपड़े का टुकड़ा नहीं, बल्कि हमारे गौरव, आत्मबल और बलिदानों का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि यह तिरंगा यात्रा न केवल राष्ट्रीय एकता का प्रतीक बनी, बल्कि क्षेत्रवासियों के दिलों में देश के प्रति सम्मान और गर्व की भावना को और अधिक सशक्त बनायेगी। तिरंगा यात्रा मतकमा चौक से शुरू होकर बिरसा चौक, जनता टॉकीज, भुरकुंडा बाजार समेत कई प्रमुख क्षेत्रों से गुजरती हुई थाना मैदान पहुंची। रास्ते भर लोगों ने भारत माता की जय, हिंदुस्तान जिंदाबाद, पाकिस्तान मुर्दाबाद जैसे नारों से देशभक्ति का संदेश दिया।

तिरंगा यात्रा में जिला प्रभारी छोटन सिंह, जिला मंत्री संजीव कुमार बाबला, भाजपा भुरकुंडा मंडल अध्यक्ष सतीश मोहन मिश्रा, भुरकुंडा सांसद प्रतिनिधि राकेश सिन्हा, आजसू के केंद्रीय सदस्य मनोज राम, अमरेश सिंह, अमितेश सिंह, पतरातू भाजपा मंडल अध्यक्ष राजाराम प्रजापति, भदानीनगर मंडल अध्यक्ष सागर दांगी, भदानीनगर सांसद प्रतिनिधि सुरेंद्र करमाली, योगेश दांगी, अशोक सोनी, विश्व सोनू कुशवाहा, मोती नारायण सिंह, आजसू के प्रखंड सचिव विश्वरंजन सिन्हा, मुखिया ब्यास पांडेय, विक्रांत साहू, राजेश मंडल, द्वारिका महतो, किशोर महतो, प्रह्लाद पांडेय, आशीष शर्मा, जेपी पांडेय, बाबूलाल नायक, सुरज शर्मा, सत्यनारायण ठाकुर सहित भारी संख्या में एनडीए कार्यकर्ता और आमजन शामिल थे।

### प्लस टू उच्च विद्यालय करियातपुर में बैग और किताब वितरित



**बरही।** जिप उपाध्यक्ष किसुन यादव व मुखिया मनोज कुमार ने मंगलवार को बरही प्रखंड के करियातपुर उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय के कक्षा एक से दस तक के छात्र-छात्राओं एवं कक्षा नौ के छात्र-छात्राओं के बीच बैग, किताबें व शब्दकोश का वितरण किया। इस अवसर पर जिप उपाध्यक्ष किसुन यादव ने बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करने व नियमित विद्यालय आने के लिए प्रेरित किया। इधर, गर्मी की छुट्टी से पहले रंग-बिरंगे बैग पाकर बच्चों में उत्साह व खुशी देखी गयी। मौके पर मुखिया मनोज कुमार, उप मुखिया प्रतिनिधि संतोष प्रजापति, पूर्व पंचायत समिति सदस्य राजकुमार रविदास, प्रबंधन समिति अध्यक्ष व सभी शिक्षकगण मौजूद थे।

## बॉर्डर पर रहने वाले नागरिक भी सैनिकों से कम नहीं : नवीन जिंदल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

▸▸ जिंदल स्टील के 20 हजार से अधिक कर्मी सीमावर्ती गांवों के पुनर्वास के लिए देंगे एक दिन का वेतन



**भुरकुंडा (रामगढ़)** देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में ऑपरेशन सिंदूर की ऐतिहासिक सफलता ने जहां देश को गौरव से भर दिया, वहीं जम्मू-कश्मीर के सीमावर्ती क्षेत्रों में रहने वाले हजारों नागरिकों को भीषण मानवीय संकट का सामना करना पड़ रहा है। पाकिस्तानी सेना द्वारा की गई बर्बर गोलाबारी में निर्दोष लोगों की जान गई और घर-गांव तबाह हो गए। ऐसे कठिन समय में जिन्दल स्टील के चेयरमैन और कुरुक्षेत्र से लोकसभा सांसद नवीन जिन्दल ने एक संवेदनशील और मानवीय पहल करते हुए इन पीड़ित परिवारों के पुनर्वास में सहयोग का संकल्प लिया है। इस पहल के तहत नवीन जिन्दल ने राहत एवं पुनर्वास कार्यों के लिए सहायता राशि प्रदान करने की घोषणा की है। इस सहयोग में जिन्दल स्टील समूह के 20,000 से अधिक कर्मचारियों द्वारा स्वेच्छा से अपना एक दिन का वेतन देना भी शामिल है। यह सहायता एक व्यक्तिगत दायित्व के साथ साथ एक सामूहिक राष्ट्रीय कर्तव्य भी है। श्री जिन्दल ने कहा कि सीमा पर रहने वाले हमारे नागरिक भी सैनिकों से कम नहीं हैं। उनका साहस, धैर्य और बलिदान प्रेरणास्पद है। आज जब वे कठिनाई में हैं, तो उनकी सहायता करना हम सभी का नैतिक और राष्ट्रीय कर्तव्य है। हम देशवासियों से अपील करते हैं कि वे भी इस पुनीत कार्य में योगदान दें। पाकिस्तान की ओर से की गई गोलाबारी में कई भारतीय गांव प्रभावित हुए, जिससे कई नागरिक विस्थापित हो गए। जिन्दल स्टील का यह योगदान कोई नया उदाहरण नहीं है। इससे पूर्व भी कंपनी ने कोविड-19 संकट के दौरान देशभर में ऑक्सीजन आपूर्ति से लेकर मुफ्त भोजन वितरण तक अनेक राहत कार्य किये थे।

### जेएससीए के नव निर्वाचित अध्यक्ष व टीम को बधाई

**रामगढ़।** झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन रांची के नव निर्वाचित अध्यक्ष अजय नाथ शाहदेव सहित उनकी पूरी टीम को जीत की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देने की झड़ी लग गई है। इस कड़ी में रामगढ़ के खिलाड़ी मुत्युंजय केशरी, संतोष लाला, राजेंद्र कुमार, राजेश मंडल और पवन कुमार सहित दर्जनों खिलाड़ियों ने हार्दिक बधाई दी है। इन्होंने बधाई संदेश में कहा है कि जेएससीए की नई टीम से प्रदेश के क्रिकेट खिलाड़ियों को काफी उम्मीदे है। नई टीम से झारखंड के खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ा है। इससे पूर्व तक प्रदेश में क्रिकेट खिलाड़ियों का सिर्फ दोहन किया जा रहा था।

### अबुआ आवासों का निरीक्षण

**भुरकुंडा।** भदानीनगर के चिकोर और लपंगा पंचायत में अबुआ आवास योजना के तहत निर्माणाधीन मकानों का मंगलवार को परियोजना पदाधिकारी फनेंद्र गुप्ता, प्रभारी समन्वयक नीलकमल दास सहित पंचायत सचिव कालू पहाड़िया और सुरेश तुरी ने मकानों का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने लाभुकों को समय पर आवास निर्माण पूर्ण करने और आवंटित किस्त की राशि को सही ढंग से निर्माण में लगाने के लिए प्रेरित किया।

## योग्य मरीजों को मिले आयुष्मान योजना का लाभ

**खबर मन्त्र संवाददाता**



▸▸ स्वास्थ्य विभाग की रामगढ़ डीसी ने की समीक्षा, दिये निर्देश

**रामगढ़।** स्वास्थ्य विभाग की मंगलवार को उपायुक्त चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में समीक्षा बैठक हुई। सिविल सर्जन डॉ महालक्ष्मी प्रसाद ने स्वास्थ्य विभाग की पूर्व में समीक्षा बैठक में दिए गए निर्देश के आलोक में किए गए कार्यों की जानकारी दी । उपायुक्त ने सदर अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों आदि से मरीज को रेफर कर निजी अस्पतालों में स्वयं मरीज का इलाज करने वाले चिकित्सकों संबंधित कोई भी मामला प्रकाश में आने पर त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने सदर अस्पताल सहित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में मातृत्व स्वास्थ्य व प्रसव संबंधित सुविधाओं की जानकारी लेते हुए मरीज को लाभ पहुंचाने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। उपायुक्त ने आयुष्मान भारत योजना के तहत मरीजों को मिल रहे लाभ की समीक्षा के क्रम में सिविल सर्जन सहित अन्य संबंधित अधिकारियों को इस पर विशेष ध्यान देने एवं प्रभावी तरीके से आयुष्मान भारत योजना का संचालन करते हुए प्रत्येक योग्य मरीज को योजना से लाभान्वित करने का निर्देश दिया। मातृत्व स्वास्थ्य अंतर्गत विभिन्न कार्यों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने गर्भवती महिलाओं के प्रसव पूर्व जांच स समय सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। संस्थागत प्रसव संबंधित मामलों की समीक्षा में क्रम में उपायुक्त ने सदर अस्पताल सहित अन्य स्वास्थ्य केन्द्रों में हो रहे प्रसव आदि की जानकारी लेते हुए उपलब्ध सुविधाओं को और भी प्रभावी तरीके से संचालित करने का निर्देश दिया। वहीं उन्होंने प्रसव के दौरान गर्भवती महिलाओं अथवा बच्चों की मृत्यु से संबंधित मामलों की गंभीरता पूर्वक जांच सुनिश्चित करने एवं संबंधित मामलों में ऑटोप्सी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने गर्भवती महिलाओं में हाई रिस्क प्रेगनेंसी के मामलों की पहचान प्रसव पूर्व जांच के दौरान विशेष ध्यान देते हुए सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

उपायुक्त ने सदर अस्पताल सहित अन्य सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में 24गुणा 7 आकस्मिक सेवाएं, प्रसव आदि हेतु चिकित्सकों व स्वास्थ्य कर्मियों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने सदर अस्पताल सहित अन्य सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों, स्वास्थ्य केंद्रों आदि में मरीजों को विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध कराने, ब्लड बैंक ले सफल संचालन को लेकर चर्चा के क्रम में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी, चिकित्सा पदाधिकारियों, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

## एक नजर में

### हजारीबाग पंचमंदिर को मिला सार्वजनिक स्वरूप, सरकार ने बनायी 11 सदस्यीय समिति

हजारीबाग। हजारीबाग के ऐतिहासिक श्री राधाकृष्ण मंदिर (पंचमंदिर) को लेकर राज्य सरकार ने मंगलवार को अधिसूचना संख्या 1847/25 जारी करते हुए मंदिर को पूर्णतः सार्वजनिक घोषित कर दिया है। इसके साथ ही निजी मंदिर बताकर कब्जा करने की साजिशें नाकाम हो गईं और मंदिर की संपत्ति अब न्यास समिति के संरक्षण में आ गई। झारखंड राज्य हिंदू धार्मिक न्यास पर्षद द्वारा गठित इस 11 सदस्यीय समिति के पदेन अध्यक्ष हजारीबाग के एसडीओ होंगे। आजय गुप्ता और नीलेन्दु जयपुरियार उपाध्यक्ष तथा विजय केशरी सचिव बनाए गए हैं। अन्य सदस्य हैं झ विनीत अग्रवाल, जयप्रकाश (जेपी), शारदा रंजन दुबे, सुनील कुमार, आनंद गुप्ता, सुरेंद्र वर्मा और ओमप्रकाश पासवान। समिति का कार्यकाल तीन वर्षों का होगा। अधिसूचना में पहली बार न्यास समिति के कार्यों और दायित्वों का स्पष्ट उल्लेख किया गया है, जैसे मंदिर की चल-अचल संपत्ति का रिकॉर्ड, सुरक्षा, पूजा-पाठ की व्यवस्था, आय-व्यय का लेखा संधारण और धार्मिक आयोजन की जिम्मेदारी। समिति द्वारा अर्जित आय का पूर्ण लेखा बोर्ड को भेजना अनिवार्य होगा।1901 में स्थापित पंचमंदिर का वर्षों से विवाद रहा है। पूर्व में बिहार राज्य न्यास पर्षद और बाद में झारखंड हाईकोर्ट के आदेशों के बाद यह समिति गठित की गई है। इस निर्णय से शहरवासियों को बड़ी राहत मिली है और धार्मिक आस्था को नई मजबूती मिली है।

### पीएमओ अधिकारी के घर चोरी, छानबीन शुरू

हजारीबाग। बीते रविवार सुबह रामनगर-विष्णुपुरी मार्ग स्थित जगदीश कालोनी में पीएमओ अधिकारी रविरंजन के घर हुई चोरी कांड की छानबीन शुरू कर दी गई है। मंगलवार को सदर थाना हजारीबाग से सब-इंस्पेक्टर विपिन कुमार वर्मा सदल-बल वहां पहुंच घटनास्थल का मुआयना किया। उन्होंने पीएमओ में अंडर सेक्रेटरी रविरंजन की मां मिथिलेश देवी से चोरी गए सामान से संबंधित पूरी जानकारी ली। आसपास रहनेवाले लोगों से भी विभिन्न बिंदुओं पर पूछताछ की। प्रथम दृष्टया इस वारदात नशेड़ियों के हाथ होने की आशंका जताई गई है। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद पुलिस ने गहराई से छानबीन शुरू कर दी है। पड़ोसी के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले गए, जिसमें वारदात की हल्की झलक कैद हुई है। लेकिन चोरों के चेहरे नहीं आ पाए। चोरों ने जाते-जाते सीसीटीवी कैमरे को घुमा दिया। पुलिस चोरों के संभावित ठिकानों पर छापेमारी भी कर रही है। गौरतलब है कि चोरों ने खिड़की तोड़कर बंद घर से बेशकीमती ज्वेलरी, बर्तन, कपड़े आदि की चोरी हुई है। सदर थाना में आनलाइन दिए आवेदन में करीब पांच लाख रुपए की कीमत के सामान चोरी की बात कही गई है।

### कटकमसांडी में भाजपा ने निकाली तिरंगा यात्रा




कटकमसांडी। मंगलवार को भारतीय सेना के शौर्य और ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने पश्चिमी मंडल अध्यक्ष कैलाश यादव के नेतृत्व में दुर्गा मंदिर से बाजार तक भव्य तिरंगा यात्रा निकाली। यात्रा के दौरान भारत माता की जय, वंदे मातरम, वीर बलिदानी अमर रहें जैसे देशभक्ति नारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। तिरंगा यात्रा से पूर्व भाजपा कार्यकर्ताओं ने पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर में शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की। मंडल अध्यक्ष कैलाश यादव ने कहा कि यह ऐतिहासिक क्षण है, जब भारत ने पहली बार परमाणु शक्ति संपन्न देश के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई करते हुए आतंक के गढ़ को ध्वस्त किया। उन्होंने कहा कि भारतीय वायुसेना की कार्रवाई ने पाकिस्तान के हर बड़े आतंकी अड्डे और एयरबेस को तबाह कर दिया। भारत का एयर डिफेंस सिस्टम और मिसाइल शक्ति इतनी मजबूत हुई है कि विदेशी हथियार भी बेअसर हो गए। यात्रा में सैकड़ों लोगों ने हिस्सा लिया और देशभक्ति के रंग में रंगे नजर आए। मौके पर जिला मंत्री रीतलाल यादव, महामंत्री अरविंद यादव, पूर्व मुखिया लीलो सिंह भोक्ता, पंचायत समिति प्रतिनिधि शंभू पासवान, विनोद अग्रवाल, दीपक यादव, घनश्याम यादव, अजय टोप्पो सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। यह आयोजन सेना के सम्मान और राष्ट्रीय गर्व का प्रतीक बन गया।

### बरही के बाराटांड़ में ठेला पलटने से बच्चे की मौत

**बरही।** बाराटांड़ के समीप मंगलवार को सड़क हादसे में 14 वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। मृतक की पहचान गणेश केशरी के पुत्र प्रियांशु केशरी है।मृतक पिता के साथ ठेला लगाने के लिए बरही चौक जा रहा था। अचानक ठेला असंतुलित हो कर पलट गया और बालक ठेले के नीचे दब गया जिसके कारण वह बुरी तरह जख्मी हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के ग्रामीणों एवं बरही थाना की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस मानवता का परिचय देते हुए गंभीर रूप घायल बच्चे को तत्काल बरही अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया। जहां डाक्टरों ने मृत घोषित दिया। मृतक रामगढ़ जिला के कुजू निवासी गणेश केशरी बिगत कुछ दिनों से बरही चौक पर ठेला लगाकर समोसा इत्यादि बना कर बेचा करते थे जिसे उनका रोजी-रोटी चलता था। वह युवराज होटल के बगल भाडे की मकान में सपरिवार रहते थे। घटना से परिजनों का रो रो बुरा हाल है।

### प्रखंड कार्यालय का विधायक ने किया निरीक्षण



**बड़कागांव।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय में मंगलवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब स्थानीय विधायक रोशन लाल चौधरी ने औचक निरीक्षण किया। सुबह 11 बजे कार्यालय पहुंचे विधायक ने सबसे पहले अंचलाधिकारी मनोज कुमार के चैंबर में दस्तक दी, पर वह और सीआई नवल किशोर अनुपस्थित मिले। फोन करने पर सीओ ने 10 मिनट में आने की बात कही, लेकिन घंटों बाद ही पहुंचे, जिससे नाराज विधायक ने उन्हें जमकर फटकार लगाई। इस दौरान कार्यालय में बड़ी संख्या में ग्रामीण अपनी समस्याएं लेकर पहुंच गए, और देखते ही देखते निरीक्षण कार्यक्रम जनता दरबार में तब्दील हो गया। विधायक ने कई समस्याओं का तत्काल समाधान करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिया कि जनता की शिकायतों का समय पर निवारण हो। ग्रामीणों ने अंचल कार्यालय पर लापरवाही और काम नहीं करने के गंभीर आरोप लगाए। इस पर विधायक ने सख्त लहजे में कहा कि अधिकारी जनता के सेवक हैं और सेवा में कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि समय पर समाधान नहीं हुआ, तो लापरवाह अधिकारियों पर कार्रवाई तय है। इस मौके पर प्रमुख फुलवा देवी, जिप सदस्य सुनीता देवी, मुखिया संघ अध्यक्ष रंजीत कुमार, आजसू पार्टी से संदीप कुशवाहा, राजा खान, गौतम वर्मा सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद थे। यह निरीक्षण प्रशासन की लापरवाही को उजागर कर गया।

## राष्ट्रीय झारखंड सेवा संस्थान की 25वीं वर्षगांठ पर रजत जयंती समारोह का आयोजन

# वंचित लोगों को मुख्य धारा में लाने का हो प्रयास : डीआइजी

- संस्था के पुराने एवं सहयोगी कार्यकर्ताओं को किया गया सम्मानित

**खबर मन्त्र संवाददाता**





**कोडरमा।** राष्ट्रीय झारखंड सेवा संस्थान के 25 वर्ष पूर्ण होने पर सोमवार को वंसुधरा गार्डन में रजत जयंती समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हजारीबाग प्रक्षेत्र के डीआइजी संजीव कुमार, विशिष्ट अतिथि विधायक डॉ. नीरा यादव, एसपी अनुदीप सिंह, नवभारत जागृति केंद्र के सतीश गिरिजा, नगर पंचायत कोडरमा के प्रशासक शंभु कुशवाहा, प्रशिक्षु डीएसपी दिवाकर कुमार, एसडीओ गोड्डा बैजनाथ उरांव, संस्था के सचिव मनोज दांगी शामिल हुए। इस दौरान संस्था के पुराने एवं सहयोगी कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया। वहीं डीआइजी संजीव कुमार ने कहा कि आरजेएसएस को मैं स्थापना काल से जानता हूं। संस्था धरातल पर बेहतर कार्य कर रही है। आज पूरी दुनिया में रिसोर्स चाहे वह शिक्षा हो, धन हो या ताकत इसकी लड़ाई है। हर देश अपने से कमजोर पर हावी होना चाहता है, यही हाल आम आदमी के जीवन में होता है। गरीब-अमीर के बीच की लड़ाई चलती है, ऐसे में समाज से वंचित लोगों पर ध्यान देकर उन्हें मुख्य धारा में लाने का प्रयास करना चाहिए।

विधायक डॉ. नीरा यादव ने भी आरजेएसएस के कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि आज सोशल मीडिया को लेकर जागरूक होने की जरूरत है। वहीं सचिव मनोज दांगी ने बताया कि वर्ष 1999 में गांधी, लोहिया के विचारों से प्रभावित एक विचार और दृढ इच्छा शक्ति के साथ शुरू हुई, यह संस्था आज झारखंड के कोडरमा समेत कई जिलों में शिक्षा, बाल संरक्षण, महिला सशक्तीकरण, जल संचयन, पर्यावरण संरक्षण और सामुदायिक विकास के क्षेत्र में कर रही है। पिछले ढाई दशकों में संस्था ने समाज के सबसे वंचित और हाशिए पर खड़े समुदायों के साथ मिलकर एक समावेशी और सशक्त समाज के निर्माण का प्रयास किया है। समारोह में संस्थान द्वारा उत्पादित सामग्री लाह चूड़ी, गोबर से निर्मित सामग्री, आलू के स्टॉल लगाये गये थे। वहीं एसडीओ गोड्डा बैजनाथ उरावं ने कहा कि संस्था की यह यात्रा केवल एक संगठन की नहीं, बल्कि एक विकासीय आंदोलन की कहानी है, जो यह दर्शाता है कि जब समुदाय एकजुट होकर अपने बच्चों और भविष्य के लिए खड़ा होता है, तब परिवर्तन निश्चित होता है।

वहीं संस्थान द्वारा गठित बाल मंच द्वारा एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। कार्यक्रम का संचालन मोटिवेशनल स्पीकर अनुराग दांगी ने किया। मौके पर जिप सदस्य नीतू देवी, शांति प्रिया, कमल किशोर, बिंदू, सुशांत चक्रवर्ती, अयोध्या प्रसाद, कमलकिशोर विन्दु, शिवनंदन प्रसाद, देवनंदन यादव, सुरेन्द्र बिरहोर, कमली कुमारी आदि मौजूद थे।

सम्मानित होने वालों में

विजय कुमार, रामनंदन प्रसाद, जोसफिन एक्का, अख्तरी बेगम, निर्भय कुल, रविन्द्र नाथ मंडल, सुमंत कुमार, देवनंदन यादव, ब्रह्मदेव यादव, मान सिंह पासवान, दसरथ यादव, अभिमन्यु पासवान, मुसाफिर राम, सुरेश राय, रत्नेश कुमार, बिपिन रविदास, नितीश कुमार, नीतू कुमारी, संगीता कुमारी, राजेन्द्र राम, अविनास कुमार आदि कार्यकर्ता शामिल हैं।

## खबर एक नजर में

### महायज्ञ के पांचवें दिन भोलेनाथ की निकली बारात, गाजे-बाजे के साथ श्रद्धालुओं ने किया नगर भ्रमण



**टंडवा (चतरा)।** गाड़ीलौंग में नौ दिवसीय श्री श्री 1008 श्री शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा रुद्र महायज्ञ के पांचवें दिन बाजे-गाजे के साथ भगवान भोलेनाथ की बारात निकाली गई, जिसमें सैंकड़ों श्रद्धालुओं ने झूमते हुए यज्ञ स्थल से शहीद चौक एवं गाड़ीलौंग का नगर भ्रमण किया। इसके पूर्व भगवान भोलेनाथ जी का महास्नान कार्यक्रम किया गया। नगर भ्रमण के पश्चात श्याजीवास कार्यक्रम हुआ। इसके बाद ही प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। इधर महायज्ञ में हजारों श्रद्धलुओं की भीड़ उमड़ रही है, इधर कथावाचिका एवं रासलीला की खूब प्रशंसा की जा रही है, और श्रद्धालु इसका भरपूर आनंद ले रहे हैं। वहीं मेले में आए झूला, टोरा-टोरा, ब्रेक डांस एवं नाव जैसे अन्य झूला में जमकर छोटे-बड़े लोग आनंद ले रहे हैं। प्रत्येक दिन भक्ति-भाव से जुड़े लोग भंडारा में अपना योगदान दे रहे हैं, जिससे अलग-अलग महाभंडारा प्रसाद का वितरण हो रहा है। साथ ही यज्ञ मंडप में पूजा करने बैठे लोग भी पूरे नियम कानून का पालन करते हुए भक्तिमय माहौल में लीन हैं। नगर भ्रमण एवं महायज्ञ को सफल बनाने में यज्ञ समिति के अध्यक्ष दीपू चौरसिया, उपाध्यक्ष महेंद्र यादव, सचिव मनीष चौरसिया, कोषाध्यक्ष सोनू चौरसिया, सचिव राहुल चौरसिया एवं भंडारा प्रभारी पवन चौरसिया, सुधीर चौरसिया, दिनेश यादव, मुख्य संरक्षक सुनील चौरसिया एवं तिलेश्वर साव, मनोज राणा, भीम साव, रितु यादव, राजेश बरई, रामनरेश चौरसिया व अन्य के साथ ही गाड़ीलौंग के समस्त ग्रामीण अहम भूमिका निभा रहे हैं

### मलेरिया विभाग की जोनल टीम ने हंटरगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का किया निरीक्षण



**हंटरगंज/चतरा।** मलेरिया विभाग की जोनल टीम मंगलवार को हंटरगंज पहुंची जहां विभाग की टीम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हंटरगंज अस्पताल का निरीक्षण किया। जांच टीम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अस्पताल के लैब, ओपीडी, प्रसव कक्ष समेत अन्य विभागों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान टीम के मलेरिया जोनल टीम महेन्द्र पाल ने मरीजों एवं उनके परिजनों से मुलाकात कर फीडबैक प्राप्त किया। इस दौरान स्वास्थ्य कर्मियों के साथ ही मरीजों के परिजनों को मलेरिया के प्रति जागरूक करते हुए मलेरिया उन्मूलन के बारे में चर्चा की गई। वहीं स्वास्थ्य कर्मियों को कई दिशा-निर्देश भी दिए। निरीक्षण दल में मलेरिया विभाग जोनल टीम महेंद्र पाल, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी वेद प्रकाश, बीपीएम संजय सिन्हा, एमटीएस राजेश कुमार, एलटी अरविंद कुमार, डॉक्टर विभा कुमारी सहित अन्य कर्मचारी शामिल थे।

### बिजली ठीक करने ट्रांसफॉर्मर पोल पर चढ़े मैकेनिक को लगा करंट, घायल



**हंटरगंज/चतरा।** मंगलवार को हंटरगंज थाना क्षेत्र के हंटरगंज सीआरपीएफ कैंप के समीप बिजली ठीक करने के लिए ट्रांसफॉमर पोल पर चढ़े एक मैकेनिक करंट की चपेट में आकर नीचे जमीन पर गिर गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इधर ग्रामीणों के सहयोग से घायल मैकेनिक को हंटरगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर ईलाज हेतु गया मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। बताया जा रहा है कि मैकेनिक के कमर में गंभीर चोट आई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सीआरपीएफ कैंप के समीप मोहल्ले में बिजली लाइन में खराबी आने से बिजली गुल हो गई थी। शिकायत पर बिजली मैकेनिक देवनबार निवासी लवकुश कुमार (30) बिजली ठीक करने के लिए ट्रांसफॉर्मर के पोल पर चढ़कर ट्रांसफॉर्मर में फॉल्ट बना रहा था। इसी दौरान उसने बिजली के तारों को हाथ लगाया, उसमें करंट आ गया। करंट का झटका लगते ही वह नीचे धड़ाम से गिर गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों ने आनन- फानन में उन्हें घायल अवस्था में हंटरगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उन्हें गया रेफर कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही हंटरगंज बिजली विभाग सुपरवाइजर पिंटू सिंह, मैकेनिक संजीत कुमार, अमरेश कुमार, आशीष कुमार, तनु राज, समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचे और मैकेनिक का हाल चाल जाना। वहीं हंटरगंज बिजली विभाग सुपरवाइजर पिंटू सिंह ने बताया कि विभाग को इसकी जानकारी दे दी गई है। वहीं उन्होंने परिजनों को आश्वासन दिया कि विभाग से मदद दिलाई जाएगी।

### ट्रक की चपेट में आने से मोटरसाईकिल सवार गंभीर रूप से घायल



**मरकच्चो (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत मध्य पंचायत स्थित बड़ा अखाड़ा में एक ट्रक की चपेट में आ जाने से मोटरसाईकिल सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं घायल युवक की पहचान 48 वर्षीय परमेश्वर रजक साकिन पैसरा थाना बरकट्ठा जिला हजारीबाग निवासी के रूप में किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार युवक अपने ससुराल तुरीया टोला मरकच्चो से अपना घर पैसरा पत्नी खुशबू देवी के साथ जा रहा था। इसी दौरान बड़ा अखाड़ा के पास ट्रक ने उसे अपनी चपेट में ले लिया, जिससे युवक घायल हो गया। सूचना मिलने पर मरकच्चो पुलिस ने स्थानीय लोग तथा परिजनों के सहयोग से घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मरकच्चो ले जाया गया। वहीं उपस्थित डॉक्टर ने घायल युवक का प्राथमिक ईलाज कर सदर अस्पताल रेफर कर दिया। ज्ञात हो कि आए दिन मरकच्चो बरियारडीह मुख्य मार्ग स्थित बड़ा अखाड़ा के समीप सड़क किनारे बने घरवालों ने अपने अपने घर के सामने अतिक्रमण कर रखा है। जिससे ट्रक या फिर कोई बड़ा वाहन आने जाने से मोटर साईकिल भी पार नहीं कर सकता है। यही कारण है कि आए दिन इस जगह पर किसी ना किसी के साथ घटना घटित होते रहती है। वहीं लोगों ने प्रशासन से वैसे उक्त स्थल को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग की है।

## डॉ.नीरा यादव बनीं रिप्रोडक्टिव टेक्नोलॉजी एंड सरोगेसी बोर्ड की सदस्य



**कोडरमा।** विधायक व प्रदेश की पूर्व शिक्षा मंत्री डॉ. नीरा यादव को झारखंड स्टेट असिस्टेड रिप्रोडक्टिव टेक्नोलॉजी एंड सरोगेसी बोर्ड का सदस्य बनाया गया है। झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रविन्द्र नाथ महतो ने उक्त मनोनयन को अनुमति प्रदान की है। उक्त बोर्ड में कोडरमा विधायक डॉ. नीरा यादव के अलावा विधायक सविता महतो और श्वेता सिंह को भी सदस्य मनोनीत किया गया है। कोडरमा विधायक डा. नीरा यादव को उक्त बोर्ड का सदस्य बनाए जाने पर विभिन्न सामाजिक, राजनीतिक संगठनों और भाजपा कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया है।

## महिलाओं और नवजात शिशुओं के बीच बेबी किट और होर्लिक्स बांटा गया



**कोडरमा।** जिला समाज कल्याण विभाग द्वारा बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत मंगलवार को सदर अस्पताल के महिला मरीजों और उनके नवजात बच्चों के बीच बेबी किट और होर्लिक्स का वितरण अस्पताल उपाधीक्षक डॉ.रंजीत कुमार व बाल संरक्षण इकाई के पदाधिकारी द्वारा किया गया। इस दौरान डीएस ने महिलाओं और उनके बच्चों के स्वास्थ्य की जानकारी लेते हुए कई आवश्यक परामर्श दिये, साथ ही बच्चों के उचित देखभाल व खानपान पर विशेष ध्यान रखने को कहा। मौके पर अस्पताल प्रबंधक असीम हक, मेरी तमन्ना कुजूर, शालिनी कुमारी आदि मौजूद थे।

## जिले में 11वीं बोर्ड की परीक्षा शुरू, पहले दिन 168 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित

**कोडरमा।** जिले में 11वीं बोर्ड की परीक्षा मंगलवार से शुरू हो गयी है, परीक्षा को शांतिपूर्ण और कदाचारमुक्त वातावरण में सम्पन्न करवाने को लेकर जिले में 13 केंद्र बनाए गए हैं, इन केंद्रों में पहले दिन दो पालियों में परीक्षा हुई, प्रथम पाली में 2772 परीक्षार्थियों में से 2754 परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 18 अनुपस्थित रहे। वहीं द्वितीय पाली में 7208 में से 7058 परीक्षार्थी शामिल हुए और 150 अनुपस्थित रहे।

## श्री शनि क्लासेस में नई टेक्नोलॉजी के माध्यम से जमीन मापी प्रशिक्षण 24 मई से

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** भू-मापक अमीन प्रशिक्षण केंद्र झुमरी तिलैया में 24 मई से श्री शनि क्लासेस पानी टंकी रोड में अमीन का प्रशिक्षण शुरू हो रहा है। उपर्युक्त जानकारी ट्रेनर गजानंद कुमार, रवि कुमार व पिंटू कुमार ने दी। उन्होंने कहा कि अमीन प्रशिक्षण का उद्देश्य युवाओं को रोजगार मिलेगा, प्रत्येक व्यक्ति को अपनी जमीन की सही-सही जानकारी, जमीन से संबंधित कागजातों की जानकारी, खतियान देखना और समझना, केवाला देखना और समझना, रैयती जमीन की जानकारी, गैर मजरूवा जमीन की जानकारी, दाखिल खारिज का विस्तार से विवरण, नक्शा का जांच करना आदि शामिल हैं। वहीं उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण शुल्क मात्र छह हजार रुपये है। जिसमें थ्योरी क्लास 20 दिन व प्रैक्टिकल क्लास 10 दिन चलेगी।

## भाजपा व सामाजिक संगठनों ने निकाली तिरंगा यात्रा



**मरकच्चो (कोडरमा)।** पहलगाम आतंकी घटना के बाद भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान में अवस्थित आतंकियों के ठिकानों को ध्वस्त किया था। इसे लेकर सेना के सम्मान में भारतीय जनता पार्टी और सामाजिक संगठनों द्वारा पूरे देश में तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है। इसी कड़ी में मरकच्चो में भाजपा प्रखण्ड अध्यक्ष सुनील कुमार यादव के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाली गई, जो बंधन चौक से निकल कर मरकच्चो की विभिन्न गलियों का भ्रमण करते हुए मरकच्चो ब्लॉक चौक तक पहुंची। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ता, समाज के कई प्रबुद्ध लोग भी तिरंगा यात्रा में शामिल हुए। वहीं भारत माता की जय, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जिंदाबाद, भारतीय सेना जिंदाबाद के नारे लगाते रहे। मौके पर विजय यादव, राजकुमार यादव, बेदु साव, रणजीत कुमार सिंह, बसन्त साव, सुरेन्द्र यादव, पवन सिंह, रवींद्र पांडे, सदानन्द वर्मा, अर्जुन यादव, पवन सिंह, अनेश्वर सिंह, मुकेश राम, रामलाल यादव, मुकेश ठाकुर, हरिहर सिंह, लखन पासवान, शुरेश यादव, रवि सिंह समेत सैकड़ों लोग शामिल थे।

## 9 जुलाई को राष्ट्रव्यापी हड़ताल के लिए सीटू ने शुरू किया अभियान

- कॉर्पोरेट परस्त नीतियों के खिलाफ संघर्ष होगा तेज : संजय पासवान

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**कोडरमा।** केन्द्र सरकार की मजदूर कर्मचारी विरोधी नीतियों और लेबर कोड के खिलाफ ट्रेड यूनियनों के संयुक्त मंच, केन्द्र व राज्य सरकारी कर्मचारी फेडरेशनों के आह्वान पर 9 जुलाई को देशव्यापी मजदूर कर्मचारी हड़ताल के समर्थन में सीटू के बैनर तले समाहरणालय परिसर में प्रदर्शन किया गया और 17 सूत्री मांगों से संबंधित ज्ञापन पीएम के नाम उपायुक्त कार्यालय में सौंपकर हड़ताल की सफलता के लिए प्रचार अभियान की शुरुआत की गई। इस अवसर पर मजदूर विरोधी लेबर कोड वापस लो, न्यूनतम 26 हजार वेतन देना होगा, कर्मचारियों के लिए ओपीएस लागू करो, आउटसोर्सिंग ठेका प्रथा नहीं चलेगी, मजदूर विरोधी सरकार मुर्दाबाद आदि नारे लगाए जा रहे थे। वहीं जिलाध्यक्ष और निर्माण मजदूरों के नेता प्रेम प्रकाश की अध्यक्षता में हुई सभा को संबोधित करते हुए सीटू के राज्य सचिव संजय पासवान ने कहा कि देश में हड़ताल की घोषणा और लाखों नोटिसों के बावजूद, केंद्र और कई राज्य सरकारों के संरक्षण में नियोक्ता वर्ग मजदूरों पर हमले जारी रखे हुए है। काम के घंटों में मनमानी वृद्धि, न्यूनतम मजदूरी और सामाजिक सुरक्षा के अधिकारों का उल्लंघन तथा ठेका मजदूरों की गैरकानूनी छंटनी आम हो गई है। यह सब मजदूर कर्मचारियों को गुलाम बनाने वाली चार लेबर कोड (श्रम संहिता) को चुपचाप लागू करने की साजिश का हिस्सा है। इतना ही नहीं, ट्रेड यूनियनों की लगातार मांग के बावजूद सरकार ने अब तक न तो किसी प्रतिनिधिमंडल से वार्ता की है और न ही भारतीय श्रम सम्मेलन बुलाया है। ऐसे हालात में संघर्ष को और व्यापक एवं तीव्र बनाने के सिवाय मजदूर वर्ग के पास कोई रास्ता नहीं है। इसलिए कर्पोरेटपरस्त मोदी सरकार की नीतियों के खिलाफ संघर्ष और तेज होगा। वहीं जिला सचिव रमेश प्रजापति ने कहा कि सभी श्रमिकों, कर्मचारियों, जन संगठनों, छात्र-युवाओं, महिलाओं और किसानों से अपील की है कि वे इस संघर्ष को और अधिक मजबूत बनाएं एकजुट होकर आवाज बुलंद करें। वहीं झारखंड राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के जिलामंत्री शशि कुमार पाण्डेय ने कहा कि सभी सरकारी संस्थाओं का निजीकरण कर सरकारी नौकरी को समाप्त कर ठेका और आउटसोर्सिंग लाया जा रहा है, जिसमें रोजगार की सुरक्षा की गारंटी नहीं है और न ही कोई सामाजिक सुरक्षा, ग्रेच्युटी पेंशन आदि की व्यवस्था है। ओपीएस में कर्मचारियों का भविष्य है, जिसे केन्द्र सरकार लागू नहीं कर रही है। जिसके खिलाफ 9 मई की राष्ट्रव्यापी हड़ताल को कर्मचारी संगठन पूर्ण समर्थन करता है। कार्यक्रम में राजकुमार दास, शशिकांत मणि, महेन्द्र तुरी, अजय कुमार, सरफराज अहमद, रंजीत राम, नागेश्वर दास, शम्भु पासवान, मुन्नी देवी, किरण देवी आदि शामिल थे।

## ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के मद्देनजर सेना के सम्मान में निकाली तिरंगा यात्रा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**डोमचांच (कोडरमा)।** भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तानी आतंकवादियों और उनके प्रशिक्षण शिविरों को नेस्तनाबूद करने के लिए ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के मद्देनजर सेना के सम्मान को लेकर मंगलवार को डोमचांच में तिरंगा यात्रा निकाली गयी। तिरंगा यात्रा का प्रारंभ टैक्सी स्टैंड स्थित दुर्गा मंडप से किया गया और समापन शहीद स्मारक पहुंचकर शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। तिरंगा यात्रा में विधायक डॉ. नीरा यादव, प्रमुख सत्यनारायण यादव, राजेश सिंह, सुनील कुमार सिन्हा, परमेश्वर यादव, मुकेश कुमार, शिवकुमार मेहता, प्रभाकर लाल रावत, सुरेश विश्वकर्मा, कुलदीप राम, त्रिपुरारी सिंह, उमेश चंद्र बर्णवाल, रीना दाराद, संगीता सिन्हा, अशोक मेहता, नितेश कुमार सिंह, देवेंद्र कुमार, पंकज कन्ध्वे, दामोदर मोदी, रौशन मेहता, शिशिर सिंह, महेंद्र यादव, महादेव साव, भागवत खटीक, सुभाष साव, मुन्ना राणा, प्रेमांशु कुमार, वींरेंद्र कराटे, पारिजात सिंह, सुनील भारती सहित सैकड़ों की संख्या में श्री महेश एकेडमी, डोमचांचय मॉडल एकेडमी, डोमचांचय जीएस पब्लिक स्कूल, डोमचांच के छात्र-छात्राएं, बुद्धिजीवी, सामाजिक कार्यकर्ता, देशभक्त नागरिक शामिल हुए। इस दौरान भारत माता की-जय, भारतीय सेना-जिंदाबाद, हिंदुस्तान-जिंदाबाद, पाकिस्तान-मुर्दाबाद, कर्नल सोफिया कुरैशी-जिंदाबाद, विंग कमांडर व्योमिका सिंह-जिंदाबाद, वंदे मातरम आदि का जय घोष किया गया। अंत में तिरंगा यात्रा में शामिल छात्र-छात्राएं एवं गणमान्य लोगों ने डोमचांच के शहीदों नूनमन धोबी, चुरामन मोदी, उदित नारायण मेहता, मंगर साव को याद किया और श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

## प्लस टू उच्च विद्यालय में निकाली गयी प्रभातफेरी

**जयनगर (कोडरमा)।** डीवीसी केटीपीएस के तत्वावधान में चल रहे स्वच्छता पखवारा के तहत प्लस टू उच्च विद्यालय जयपुर कांको में प्रभातफेरी निकाली गयी। प्रभातफेरी में करीब 500 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। उन्होंने पूरे क्षेत्र का भ्रमण कर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। इस दौरान स्वच्छता से संबंधित नारे लगाये और लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया। इससे पूर्व प्रभातफेरी को केटीपीएस के डीजीएम सुखमय नायक ने हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि हम सभी को स्वच्छता अपनाने की आवश्यकता है, तभी हमारा देश विकास की ओर अग्रसर होगा। प्रभातफेरी में कौशिक रॉय, आसीम अमिताभ परिडा, कुलदीप राम, नवीन कुमार, विद्यालय के प्रधानाध्यापक मो. महबूब आलम सहित कई शिक्षक शिक्षिकाएं, छात्र व छात्राएं शामिल थे।

# राजद प्रखंड अध्यक्ष चुनाव को लेकर प्रखंडवार चुनाव प्रभारी व सह प्रभारी की घोषणा

- आम जनमानस की आवाज बुलंद करने के लिए राजद संगठन को सशक्त बनाने की जरूरत : इंद्रदेव ठाकुर

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**राजद का सांगठनिक चुनावी कार्यक्रम**

राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश निर्वाचन पदाधिकारी ने विगत दिनों सांगठनिक चुनाव कार्यक्रम को लेकर दिशा निर्देश जारी की है। इसके अनुसार 15 मई से 23 मई तक प्राथमिक व पंचायत इकाई का चुनाव होगा। जबकि 31 मई से 2 मई तक प्रखंड ईकाई, 5 जून से 11 जून तक जिला ईकाई और 21 जून को प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव होना है।

**प्रखंड चुनाव प्रभारी और सह प्रभारी**

सतगावां- सरफराज नवाज खान-प्रभारी, बबलू यादव-सह प्रभारी, मरकच्चो-शैलेन्द्र कुमार-प्रभारी, उपेंद्र यादव, सह प्रभारी, डोमचांच ग्रामीण-महेंद्र यादव-प्रभारी, मो. मुबारक-सह प्रभारी, डोमचांच नगर- घनश्याम तुरी, प्रभारी, जैकी यादव-सह प्रभारी, कोडरमा ग्रामीण- डॉ जावेद अख्तर-प्रभारी, अशोक यादव, सह प्रभारी, कोडरमा नगर- महेश यादव, प्रभारी, चरणजीत सिंह, कुलदीप यादव सह प्रभारी, झुमरीतिलैया नगर- कन्हाय यादव-प्रभारी, रघुनाथ दास-सह प्रभारी, चंदवारा- भीम यादव-प्रभारी, शिवशंकर वर्णवाल-सह प्रभारी जयनगर-राजेन्द्र यादव-प्रभारी, अजय शर्मा-सह प्रभारी।

**कोडरमा।** राष्ट्रीय जनता दल संगठन को धारधार बनाने को लेकर पंचायत से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक संगठन को सशक्त बनाने में जुट गया है। झारखण्ड में भी पार्टी को मजबूत बनाने को लेकर सांगठनिक गतिविधि तेज कर दी है। वहीं राजद प्रदेश निर्वाचन पदाधिकारी गिरधारी गोप ने पंचायत से लेकर प्रदेश तक कमेटी के गठन को लेकर निर्देश जारी कर दिये हैं। चुनाव प्रक्रिया के जरिये पंचायत, प्रखंड और जिलास्तर, प्रदेश तक कमेटी का गठन किया जाना है। वहीं जिला में सांगठनिक चुनाव को लेकर इंद्रदेव ठाकुर को चुनाव प्रभारी बनाया गया है, जबकि सह चुनाव प्रभारी भोला साहू को बनाया गया है। चुनाव प्रभारी और सह प्रभारी के दिशा निर्देश के अनुसार तय समय सीमा में चुनाव प्रक्रिया संपन्न होगी। मंगलवार को राजद के चुनाव प्रभारी इंद्रदेव ठाकुर ने झुमरीतिलैया, विशुनपुर रोड स्थित राजद प्रधान कार्यालय पहुंचे, जहां पार्टी नेताओं ने पुष्पगुच्छ व गमछा देकर सम्मानित किया। वहीं चुनाव प्रभारी ने कहा कि राजद लोकतांत्रिक प्रक्रिया का पालन कर सांगठनिक गतिविधि को आगे बढ़ाता है। उन्होंने कहा कि पंचायत से लेकर जिलास्तर तक लोकतांत्रिक प्रक्रिया के आधार पर लड़ाकू और संघर्षरत कार्यकर्ताओं को जिम्मेवारी दी जाएगी। राजद आम जनमानस और गरीबों दलितों, पिछडों, अल्पसंख्यक समाज समेत समाजवादी विचारधारा को आगे बढ़ाने में आवाज बुलंद करता है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं और नेताओं के नेतृत्वकारी भूमिका के कारण ही पार्टी जनता के बीच अपनी पैठ बना पाती है। उन्होंने प्रदेश निर्वाचन पदाधिकारी गिरधारी गोप के दिशा निर्देश में तय सीमा में चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए कार्यकर्ता और पदाधिकारियों से सहयोग की अपेक्षा की। वहीं उन्होंने कहा कि प्रखंड स्तर का चुनाव के लिए हर प्रखण्ड और नगर निकाय, नगर पंचायत के लिए प्रखण्ड चुनाव प्रभारी और सह प्रभारी बनाये गये हैं। चुनाव प्रभारी और सह प्रभारी के साथ बैठक आयोजित कर शीघ्र ही प्रखंडवार चुनाव की तिथि घोषित की जाएगी।

## ग्रामीणों ने स्कूल की जमीन पर अवैध कब्जा करने को लेकर उपायुक्त को सौंपा आवेदन

- स्कूल की जमीन पर कुछ दबंगों ने घर बना लिया है और खाली पड़ी जमीन पर भी की जा रही कब्जे की तैयारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**कोडरमा।** उत्क्रमित मध्य विद्यालय गरायडीह, पंचायत लरियाडीह, वार्ड न-3 पथलडीहा, थाना-कोडरमा के ग्रामीणों ने दबंगों द्वारा जमीन पर कब्जा करने को लेकर उपायुक्त को आवेदन दिया है। वहीं ग्रामीणों ने कहा है कि गरायडीह, वार्ड न-03 में उत्क्रमित मध्य विद्यालय है जो बहुत पुराना है। स्कूल के अगल-बगल मैदान के रूप में 3 एकड 75 डी. जमीन खाली है, जिसका खाता न.-32, प्लॉट नं.-107 है। उपरोक्त जमीन को उत्क्रमित मध्य विद्यालय के शिक्षकों के द्वारा छात्रों की सुविधा जैसे उनके खेल-कूद, मनोरंजन करने तथा कोई आम सभा करने के लिए उपयोग में लगाया जाता है। उपरोक्त जमीन करीब 100 वर्षों से भी अधिक समय से स्कूल के कब्जे में चला आ रहा है। किन्तु कुछ दिनों से गरायडीह गांव के कुछ दबंग, लठैत उदण्ड एवं शरारती ग्रामीणों के द्वारा जबरदस्ती स्कूल के खाली जमीन में मकान बना लिया गया है। जिसका विरोध गरायडीह के ग्रामीणों के द्वारा किया गया था, किन्तु विरोध के बावजूद भी उपरोक्त दबंगों के द्वारा स्कूल की जमीन के कुछ भाग को अपने कब्जे में कर लिया गया है। उपरोक्त घटना को देखकर गांव के कुछ अन्य दबंग, लठैत, उदण्ड एवं शरारती व्यक्तियों की भी मंशा स्कूल के खाली जमीनों को अवैध रूप से कब्जा कर लेने की हो रही है और कुछ शरारती तत्वों के द्वारा स्कूल की खाली जमीनों को अवैध रूप से कब्जा करने की मंशा से उस जमीन पर मकान बनाया जा रहा है तथा खाली जमीन पर हल चलाया जा रहा है, जब हम सभी ग्रामीणों के द्वारा आपति जताई जाती है, तो हम सभी ग्रामीणों को दबंग व्यक्तियों के द्वारा धमकी दी जाती है कि अगर उनलोगों को स्कूल की जमीन को कब्जा करने से हमलोगो के द्वारा रोका जायेगा तो उसका अंजाम बहुत बुरा होगा। ग्रामीणों ने अवैध रूप से कब्जा करने से रोकने की गुहार लगाई है।

स्पीड न्यूज

## महेंद्र कुमार करमाली बने गुमला सदर थाना के नये प्रभारी



गुमला। एसपी शंभु कुमार सिंह ने गुमला जिला के पांच पुलिस निरीक्षकों को ट्रांसफर पोस्टिंग किया है। चैनपुर के पुलिस अंचल निरीक्षक महेंद्र कुमार करमाली को अंचल निरीक्षक सह गुमला सदर थाना का नया प्रभारी बनाया है। जबकि गुमला थाना प्रभारी सह पुलिस निरीक्षक सुरेंद्र कुमार सिंह को सिसई अंचल निरीक्षक बनाया गया। इसी तरह बसिया अंचल के पुलिस निरीक्षक जितेंद्र राम को चैनपुर अंचल निरीक्षक, सिसई के पुलिस अंचल निरीक्षक विनय कुमार को गुमला अंचल का पुलिस निरीक्षक और गुमला अंचल के पुलिस निरीक्षक प्रमोद कुमार को बसिया अंचल का पुलिस निरीक्षक बनाया गया है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय से जारी पत्र में एसपी शंभु कुमार सिंह ने सभी पुलिस पदाधिकारियों को नव पदस्थापन स्थान में योगदान देकर अविलंब अनुपालन प्रतिवेदन समर्पित करने का निर्देश दिया है। नए थाना प्रभारी महेंद्र कुमार करमाली ने कहा कि पब्लिक से सहयोग की अपेक्षा रहेगी। साथी यहां जितने भी असामाजिक तत्व हैं उन पर कार्रवाई होगी और जिले में आजकल नशा काफी बढ़ गया है। उस पर जल्द से जल्द अंकुश लगाया जाएगा।

## सुक्का बृजिया अस्पताल बिशुनपुर में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



गुमला। सुक्का बृजिया अस्पताल विकास भारती बिशुनपुर द्वारा मंगलवार को नि:शुल्क मेगा स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उदघाटन विकास भारती के संयुक्त सचिव महेंद्र भगत एवं डॉक्टर की टीम ने किया गया। शिविर में हड्डी जोड़, नस रोग विशेषज्ञ एवं अर्थोपेंडीक सर्जन डॉ विजय कुमार, एम डी फिजिशयन डॉ एस एस मुंडा, दंत रोग चिकित्सक डॉ अनुभव कुमार, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ एस के गुप्ता, जनरल फिजिशियन डॉ जगजीवन साहु, फिजियोथिरेपिष्ठ रवि रंजन कुमार, सीनियर फरमाशीस्ट मनोज त्रिवेदी, कल्याण हॉस्पिटल के प्रबंधक व विकास भारती के क्षेत्रीय समन्वयक देवेंद्र मंडल प्रमुख रूप से उपस्थित थे। मौके पर चिकित्सकों के द्वारा 329 ग्रामीण को मुख्य रूप से शुगर, मोतियाबिंद की जांच, घुटना एवं नस रोग से सम्बंधित रोग, लिवर समस्या, आदि की जांच की गयी। साथ ही 329 लोगों को नि:शुल्क दवा भी सुक्का उपलब्ध करायी गयी। कैंप के आयोजन में विमला देवी, बिरसी देवी, राधा कुमारी, योगेश राय, कौशल किशोर सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## बिजली समस्या को लेकर ईई से मिले मिशन बदलाव सदस्य व ग्रामीण



गुमला। बिजली समस्या को लेकर मंगलवार को मिशन बदलाव टीम के सदस्य कांसीर मुरूमकेला के ग्रामीणों के साथ विद्युत कार्यपालक अभियंता से मुलाकात की। मिशन बदलाव टीम ने बताया कि आंधी तूफान के कारण कांसीर मुरूमकेला गांव में सात से आठ बिजली पोल गिर गया है। जिसे पिछले 9 दिनों से बिजली आपूर्ति कई क्षेत्रों में बाधित है। बिजली नहीं रहने के कारण बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। विद्युत कार्यपालक अभियंता विनय कुमार ने मामले को गंभीरता से लिया और सभी बिजली संबंधित समस्याओं को नोट डाउन करते हुए चार दिनों में समाधान करने का निश्चय किया। मिशन बदलाव टीम के भूषण भगत और बंधन तिर्की ने बताया कि तीन माह से भरनो के जुरा गांव में ट्रांसफार्मर खराब है और उस विषय को लेकर मिशन बदलाव की टीम के द्वारा आपको मामले से अवगत कराया गया था लेकिन उसे गंभीरता से नहीं लिया गया था। इसलिए विद्युत कार्यपालक अभियंता को बताया गया कि सभी मामलों को गंभीरता से ले अन्यथा बिजली विभाग के जो भी मामले हैं उनको उजागर करने के लिए मिशन बदलाव की टीम डीसी को ज्ञापन सौंपेगी। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष विनोद साहू, महिला सचिव सैयदा खातून, नगर अध्यक्ष ज्योति कुमारी, नगर सचिव ज्योति ग्लोरिया कुजूर, सदस्य सोनमती कुमारी, भूषण सिंह, सुधीर लकड़ा, अमित सिंह, भूषण लकड़ा, चंद्रपाल सिंह, डेविड किंडो, विष्णु दास, तुलसी अमूल दास, विश्वनाथ सिंह, विनोद सिंह, धनेश्वर सिंह आदि उपस्थित थे।

## सेरका गांव में सामूहिक प्रयास से बना बोरा बांध, सिंचाई संकट का हुआ समाधान



गुमला। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 के तहत गुमला जिले के बिशुनपुर प्रखंड के सेरका गांव में वाटरशेड जनभागीदारी कप कार्यक्रम के अंतर्गत ग्रामीणों ने सामूहिक श्रमदान से बोरा बांध का निर्माण किया। इस पहल में पुरुषों, महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों ने मिलकर भागीदारी निभाई, जिससे गांव में सिंचाई की पुरानी समस्या का समाधान हुआ। कार्यक्रम के दौरान भूमि संरक्षण पदाधिकारी ने ग्रामीणों से बातचीत की, जिसमें एक किसान मनीजर जी ने बताया कि पहले वे हरियाणा में रोजगार के लिए गए थे, जहां एक दुर्घटना में उनका हाथ कट गया। अब वे खेती-बाड़ी करके अपना जीवन यापन कर रहे हैं। इस अवसर पर ग्रामीणों ने कृषि से संबंधित अन्य समस्याओं को भी साझा किया। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि जनभागीदारी के माध्यम से विकास कार्यों को आगे बढ़ाया जाएगा। इस कार्यक्रम में सेरका पंचायत के मुखिया गैर-सरकारी संगठन आईएसडीजी के प्रतिनिधि, वाटरशेड समिति के अध्यक्ष और सचिव सहित अन्य ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और सामूहिक विकास के लिए सहमति व्यक्त की। यह पहल दशार्ती है कि जब समुदाय एकजुट होकर कार्य करता है तो विकास कार्यों को सफलतापूर्वक संपन्न किया जा सकता है।

# ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर सेना के सम्मान में बसिया भाजपा ने निकाला भव्य तिरंगा यात्रा

खबर मन्त्र संवाददाता



बसिया। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर भारतीय सेना के सम्मान में पूरे देश भर में भाजपा की तिरंगा यात्रा निकल रही है। इस कड़ी में मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी मंडल बसिया के द्वारा एक भव्य तिरंगा यात्रा निकल गई।

यह विशाल तिरंगा यात्रा मंडल अध्यक्ष बड़ाईक नवीन सिंह के नेतृत्व में पतुरा से शुरू होकर लोंगा, कलिगा, कोनबीर, बसिया होते हुए थाना चौक स्थित शहीद तेलंगा खड़िया की प्रतिमा एवं नीचे चौक कोनबीर में स्व. खुदी साहु की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भाजपा कार्यालय कोनबीर पहुंच कार्यक्रम का समापन हुआ। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर भाजपा की तिरंगा यात्रा पुरे देश भर में निकल रही है। यह सेना के प्रति देश वासियों का सम्मान है। इस तिरंगा यात्रा में मंडल अध्यक्ष बड़ाईक नवीन सिंह, जिला मंत्री विजय सिंह पिंटु, मंडल महामंत्री अमर पाण्डेय, वरिष्ठ भाजपाई जगदम्बा साहु, विनोद भगत, राजकुमार सिंह, अनिल हजाम, बबलु ठाकुर, अंकित मिश्रा, रामाशंकर पाण्डेय, ओमप्रकाश गुप्ता, अनमोल तिवारी, लखन सिंह, जिला आई.टी.सेल संयोजक उज्जवल कुमार मिश्रा, पंचु उरांव, मनोहर बड़ाईक, रंथु साहु, शैलेश साहु, संदीप साहु, दिलिप साहु, बंदी साहु, बहादुर सिंह, रवि राम सहित सैकड़ों की संख्या में भाजपाई उपस्थित थे।

# खरचा हाई स्कूल में जान जोखिम में डालकर पढ़ने को मजबूर है बच्चे : आलोक कुमार साहू

खबर मंत्र संवाददाता



किस्को। प्रखंड के पहाड़ी गांव खरचा की जनता की शिकायत पर सांसद के निजी सचिव आलोक कुमार साहू खरचा गांव पहुंचकर वहां के ग्रामीणों से रूबरू हुए। ग्रामीणों ने साहू को बताया कि राजकीय कृत उत्क्रमित उच्च विद्यालय ठकुराइन डेरा खरचा में 1 से 10 क्लास तक पढ़ाई होती है। यहां मात्र तीन कमरा है। एक से 10 वर्ग के बच्चों को तीन कमरा एवं बरामदा में पढ़ाई करवाया जाता है। तीनों कमरा एवं बरामदा जर्जर अवस्था में है छत के ऊपर कई स्थानों से प्लास्टर झड़ चुका है। छड़ दिख रह है। जर्जर भवन के कारण यहां के बच्चे डर-डर कर पढ़ाई करते हैं। ग्रामीणों ने सांसद सुखदेव भगत से नए भवनों का निर्माण करने की मांग किए साहू, मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, पूर्व मुखिया के साथ स्कूल का निरीक्षण किया तो पाया कि तीनों कमरा, बरामदा जर्जर अवस्था में है कभी भी यहां कोई भी दुर्घटना घट सकती है। साहू ने ग्रामीणों का आश्वासन दिया कि इस स्कूल में नए कमरा बनवाने के लिए सांसद पहल करेंगे। साहू ने मौके पर डीसी को जर्जर भवन का फोटो भेजकर डीएमएफटी फंड से स्कूल भवन बनाने की बात कहे। डीसी ने इस मामला पर कार्रवाई करने का अश्वासन दिये। आलोक साहू जिला शिक्षा अधीक्षक से मुलाकात कर इस स्कूल में कमरा बनवाने की दिशा में सकारात्मक कार्रवाई करने को कहा। जिला शिक्षा अधीक्षक ने कहा कि डीएमएफटी फंड के प्रभारी से वार्ता हुआ है इस पर विभाग द्वाराअग्रेतर कार्यवाई किया जा रहा है मौके पर मुखिया के कमिल टोपनो, पंचायत समिति सदस्य सुनील टोपनो, मुखिया सुमित्रा उरांव, विकास नगेसिया सहित अनेक लोगों उपस्थित थे।

# चैनपुर में बस व बाइक की भिड़ंत में दो युवकों की मौत

खबर मन्त्र संवाददाता



दुर्घटनाग्रस्त बाईक के समीप खड़े पुलिस कर्मी ।

चैनपुर। चैनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत अनुमंडल कार्यालय के समीप मंगलवार को एक भीषण सड़क हादसे में दो युवकों की दर्दनाक मौत हो गई। यह दुर्घटना एक यात्री बस और मोटरसाइकिल के बीच सीधी भिड़ंत के कारण हुई। जिससे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। मिली जानकारी के अनुसार लुपुंग नवाटोली निवासी 21 वर्षीय अविनाश असुर पिता सिलबीरयुस असुर और 27 वर्षीय अमित असुर पिता अनसेलम असुर अपनी मोटरसाइकिल पर सवार होकर चैनपुर से गुमला की ओर जा रहे थे। चैनपुर अनुमंडल कार्यालय के समीप विपरीत दिशा से आ रही मूनलाइट नामक यात्री बस ने उनकी मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतना जबरदस्त था कि अविनाश असुर की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं गंभीर रूप से घायल अमित असुर को तत्काल चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। लेकिन चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही चैनपुर थाना प्रभारी कुंदन चौधरी अपनी टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने दुर्घटनाग्रस्त बस को अपने कब्जे में ले लिया है। इस हृदय विदारक घटना से पूरे चैनपुर क्षेत्र में गहरा शोक व्याप्त है। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है।

# जन शिकायत निवारण दिवस में सुनी गयी नागरिकों की समस्याएं, गुमला डीसी ने दिये त्वरित निदान के निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता



जन शिकायत निवारण दिवस पर समस्या सुनते डीसी कर्ण सत्यार्थी

गुमला। डीसी कर्ण सत्यार्थी ने मंगलवार को जन शिकायत निवारण दिवस पर जिले के विभिन्न स्थानों से आये ग्रामीणों की समस्या सुनी और समाधान का अश्वासन दिया। जन शिकायत निवारण दिवस के दौरान आदर पंचायत अंतर्गत सेरेंगदाग गांव के निवासियों द्वारा गांव में बिजली, पानी, सड़क एवं अस्पताल निर्माण हेतु आवेदन दिया गया है। उनका कहना है गांव में इन आधारभूत सुविधाओं की कमी है। जिसके कारण ग्रामीणों को काफी परेशानी होती है। डीसी ने संबंधित पदाधिकारी को गांव में डॉक्टर एवं एम्बुलेंस की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु निर्देश दिया है। साथ ही अन्य समस्याओं के समाधान हेतु भी निर्देश दिए गए। हरिजन मुहल्ला टोटो के निवासियों द्वारा बताया गया कि वार्ड नंबर 5 में नल जल योजना के तहत कार्य अधूरा करके छोड़ दिया गया। जिससे कि लोगों को काफी परेशानी हो रही है। डीसी ने संबंधित विभाग को यथाशीघ्र कार्रवाई करने का निर्देश दिया। परसा पंचायत अंतर्गत तेलया गांव के ग्राम प्रधान द्वारा बताया गया कि गांव में पेयजल की समस्या है। पूर्व में गांव में पानी टंकी का निर्माण हुआ था, जिससे सभी घरों में पानी उपलब्ध था। लेकिन कुछ समय से पेयजल समस्या उत्पन्न हो गई है। इसलिए ग्रामीणों द्वारा एक डीप बोरिंग कराने का आग्रह किया गया है। इस संबंध में डीसी ने पेयजल एवं स्वच्छता विभाग को आवश्यक कार्रवाई हेतु निर्देशित किया। घाघरा निवासी अनिता देवी ने ऋण माफी हेतु आवेदन दिया है। इनके पति का देहांत हो गया है और इनकी आर्थिक स्थिति दयनीय है। रायडीह प्रखंड अंतर्गत कोणडरा गांव में मोबाइल नेटवर्क नहीं रहने की समस्या है। मुखिया द्वारा इस संबंध में आवेदन दिया गया है। इस समस्या के समाधान हेतु डीसी ने संबंधित पदाधिकारी को जांच कर आवश्यक कार्रवाई हेतु निर्देश दिया। जन सुनवाई में जिले के विभिन्न प्रखंडों से लगभग 50 से अधिक नागरिक उपस्थित हुए। पेंशन, राशन, आवास, बिजली, पानी, सड़क जैसे जनहित से जुड़े मुद्दों पर नागरिकों द्वारा आवेदन दिए गए, जिन पर डीसी ने पदाधिकारियों को शीघ्र कार्रवाई के निर्देश दिए।

## बिजली के आंख मिचौनी से जिलेवासी परेशान: दामोदर कसेरा

गुमला। चेंबर के निर्वतमान अध्यक्ष दामोदर कसेरा ने कहा है कि अनियमित बिजली आपूर्ति के कारण गुमला जिलावासी परेशान हो गये हैं। बिजली आपूर्ति आंख मिचौली के तरह हो गई है। इसका कारण विभाग के अधिकारी बता नहीं रहे हैं। पांच सात दिनों से पांच दस मिनट में बिजली का आना जाना लगा रहता है। अभी गर्मी पिक आवर में है। ऐसे में आम नागरिकों एवं व्यापारियों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। गुमला के छोटे बड़े उद्योग को भी काफी नुकसान उठाना पड़ रहा है। खास कर जो उद्योग केवल बिजली के भरोसे चलती है। जैसे ग्रिल गेट बनाने वाले उद्योग, फलाई ब्रिक्स, आटा चक्की आदि उद्योग को बड़ा नुकसान सहना पड़ रहा है। कसेरा ने कहा कि एक दो दिनों में अगर बिजली की आपूर्ति में सुधार नहीं होगी तो मजबूरन विभाग के प्रति आंदोलन करना पड़ेगा। उनके अथक प्रयास से गुमला में दो बड़ा ट्रांसफार्मर लगाया गया है। इतना पावर होने के बाद भी अगर गुमला को बिजली नहीं मिल रही है तो यह गंभीर विषय है।

# डीडीसी ने घाघरा के चुंदरी पंचायत का किया निरीक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता



घाघरा। डीडीसी दिलेश्वर महतो ने घाघरा प्रखंड के चुंदरी पंचायत का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान ईचा ग्राम स्थित पीएम श्री अपग्रेडेड हाई स्कूल का औचक निरीक्षण किया। विद्यार्थियों से कई सवाल भी पूछे। बच्चों ने डीडीसी को कविताएं भी सुनाया। आयुष्मान आरोग्य मंदिर ईचा का भी औचक निरीक्षण किया। जहां उपस्थित स्वास्थ कर्मी से डीडीसी ने बीपी व शुगर का जांच भी कराया। सिकल सेल एनीमिया के जांच संबंधी जानकारियां ली। जन वितरण प्रणाली दुकान ईचा के संचालक उमा देवी को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा सरकार के द्वारा जो भी जन वितरण दुकान के तहत लाभुकों को वितरण करने के दिया जाता है। उसे ईमानदारी पूर्वक समय से वितरण किया करे। ईचा गांव में एक ही जगह पर छह किसानों के द्वारा लगभग 6 एकड़ किए गए आम बागवानी को देखा। देखकर डीडीसी काफी खुश हुए और किसानों का हौसला भी बढ़ाया किया। जिसके बाद प्रखंड कार्यालय स्थित महात्मा गांधी पुस्तकालय का निरीक्षण किया। इस दौरान लाइब्रेरी के संचालक ने डीडीसी के समक्ष बताया कि छत में दरार आ गया है। जिससे क्लास रूम में पानी टपकता रहता है। जिससे बच्चों को काफी परेशानी होती है। जिस पर डीडीसी ने जल्द से जल्द संबंधित विभाग से संपर्क कर समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया। मौके पर बीडीओ दिनेश कुमार, बीपीओ बेबी कुमारी, अशोक कुमार, विजय साहू, अरुण साहू सहित कई लोग मौजूद थे।

## झारखंड में जल्द लागू हो पेसा कानून: सुखैर भगत



लोहरदगा। जिला कॉन्ग्रेस द्वारा मंगलवार को प्रेस वार्ता की गई। मौके कर जिलाध्यक्ष सुखैर भगत ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस के तत्वाधान में 26 मई को राज्यभवन का घेराव कार्यक्रम निर्धारित है जिसमें लोहरदगा से भी भारी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता भाग लेंगे। इसे लेकर सभी प्रखंड में समन्वयक बनाए गए है। उन्होंने कहा कि इस घेराव कार्यक्रम के माध्यम से सरना कोड, पेसा कानून को जल्द से जल्द लागू करने की मांग की जाएगी। उन्होंने बताया कि झारखंड राज्य आदिवासी बहुल क्षेत्र में ऐसे में यहां जल्द से जल्द पेसा कानून लागू होना चाहिए। उन्होंने बताया कि वर्तमान सरकार द्वारा झारखंड विधानसभा से पास करके राज्यपाल के पास राज्यभवन भेजवा दिया गया है, लेकिन भाजपा की केंद्र सरकार इस पर कुंडली मार कर बैठा हुआ है। उन्होंने बताया कि जिला कांग्रेस समिति द्वारा संविधान बचाओ कार्यक्रम 31 मई को आयोजित की जाएगी। जिसमें सरना कोड, पेशा कानून लागू करने और मुस्लिम समाज पर वक्फ कानून थोपने का भी विरोध किया जायेगा। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम के माध्यम से रघुवर दास के समय लोहरदगा में जमीन सर्वे में भारी गड़बड़ी में सुधार करते हुए गलत नाम दर्ज में सुधार की मांग की जाएगी। इस मौके पर हाजी शकील अहमद, नेसार अहमद, मोहन दुबे सहित कई कांग्रेसी नेता मौजूद थे।

## हरमू रोड में 100 केवी का जला ट्रांसफार्मर शीघ्र बदल जायेगा : सांसद सुखदेव भगत

खबर मंत्र संवाददाता



लोहरदगा। शहर के हरमू रोड के दर्जनों महिला सांसद सुखदेव भगत के आवास पहुंचकर मुलाकात किया। महिलाओं ने सांसद को बताया कि कुछ दिन पहले नदिया हरमू रोड कार्तिक उरांव स्मारक के समीप स्थित 100 केवी का ट्रांसफार्मर जल गया है जिसके कारण लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यहां 100 के वी का ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराने की मांग सांसद से किया। सांसद ने महिलाओं से कहा कि 100 केवी का ट्रांसफार्मर शीघ्र उपलब्ध करा दिया जाएगा। आप लोग आपने घरों की सूची उपलब्ध करा दीजिए 200 के वी का ट्रांसफार्मर भी यहां लगवा दिया जाएगा। सांसद ने महिलाओं से महिला मंडल के संबंध में जानकारी लिए और उन्हें कहा कि जिन महिला मंडल को अभी तक रिवाल्विंग फंड नहीं मिला है उन्हें जल्द ही रिवाल्विंग फंड भी दिलवा देंगे। मौके पर लालमणि उरांव, सजीता कुजूर, सूरजमानी उरांव, रमिया उरांव, शीला देवी, दीपिका देवी, सुनीता देवी, मीणा, मंजरी, रंजीता उरांव, अनीता, पूनम, मीणा, गीता व कई महिलाएं उपस्थित थी।

## नीरू शांति भगत केंद्रीय महासचिव से की मुलाकात, संगठन विस्तार पर हुई चर्चा

खबर मंत्र संवाददाता




लोहरदगा। पूर्व विधायक एवं झारखंड आंदोलनकारी स्व कमल किशोर भगत की धर्मपत्नी और झामुमो नेत्री नीरू शांति भगत ने पार्टी के केंद्रीय संगठन महासचिव विनोद कुमार पांडे से मुलाकात कर संगठन विस्तार एवं आगामी कार्यक्रमों के विषय में विस्तार से चर्चा की। विनोद कुमार पांडे ने कहा कि 27 मई को केंद्र सरकार की दोगली नीति के विरोध में राज्य के सभी जिलों में आयोजित होने वाले कार्यक्रम को धारदार बनाना है। उन्होंने कहा कि आदिवासी सरना धर्म कोड लागू किए बिना जातीय आधार पर जनगणना करना किसी भी स्थिति में उचित नहीं है। नीरू शांति भगत ने कहा कि मेरे पति कमल किशोर भगत ने झारखंड के आदिवासी मूल वासियों के लिए जीवन पर्यंत कार्य किया। मैं भी उनके मार्गो में चलकर झारखंड वासियों के हित के लिए कार्य करने को वचनबद्ध हूं और मैं इसके लिए अपना सब कुछ न्योछावर कर दूंगी।

## सफाईकर्मियों का हड़ताल खत्म, नगर प्रशासक से वार्ता के बाद आज से काम पर लौटेंगे कर्मी



लोहरदगा। झारखण्ड राज्य स्थानीय निकाय कर्मचारी महासंघ, जिला शाखा लोहरदगा के निर्णयानुसार नगर परिषद के सफाई कर्मी 4 महीना का वेतन भुगतान, पीएफ का अद्यतन कर सूद सहित हिसाब, पहचान-पत्र, ईएसआई कार्ड आदि मांगों को लेकर 19 मई से अनिश्चिकालीन हड़ताल पर चले गए थे। जिसके बाद मंगलवार को नगर परिषद के प्रशासक मुक्ति किंडो ने निकाय महासंघ के शिष्टमंडल से वार्ता की। सौहार्दपूर्ण वातावरण में वार्ता कर मांगों पर बिन्दुवार बातचीत किये तथा 5 दिन के भीतर सभी समस्याओं का समाधान का आश्वाशन देकर हड़ताल समाप्त कराया। जिससे अब बुधवार से सफाई कर्मी शहर के सफाई में जुट जाएंगे। इस शिष्टमंडल में जिलाध्यक्ष महेश कुमार सिंह, जिला सचिव फूलदेव कुजूर, बंधू उरांव, हरिदेव उरांव, मंजू उरांव तथा अनिता उरांव शामिल हुए।

## बिन मौसम बारिश ने नगर परिषद की व्यवस्था की खोली पोल, शहर में जल जमाव से परेशान रहे लोग

लोहरदगा। शहरी क्षेत्र में मंगलवार को हुए बिन मौसम बारिश से नगर परिषद की व्यवस्था की पोल खोल कर रख दी। शहर के हर कोने में जल जमाव से लोग परेशान नजर आए। स्थिति यह थी कि सीएम उत्कृष्ट विद्यालय कस्तूरबा उच्च विद्यालय की बच्चियों को विद्यालय से हाथ में जूता लेकर सड़क पार करना पड़ रहा था। वही शहर के सभी वार्डो में सड़क और मोहल्ले में जल जमाव होने से घंटों परेशानी झेलनी पड़ेंगी को। बताया जाता है कि नगर परिषद द्वारा प्रति वर्ष करोड़ रुपया का नाली, पीसीसी सड़क का निर्माण किया जाता है लेकिन मानकों और प्राक्कलन का ख्याल तक नहीं रखा जाता है जिसके कारण इन योजनाओं का लाभ लोगो को समुचित तरीके से नहीं मिल पाता है।

# सांता पब्लिक स्कूल शास्त्री नगर गुमला का 14वां वार्षिकोत्सव कार्यक्रम धूमधाम से संपन्न

## सांता पब्लिक स्कूल शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रही है : डीएसपी







खबर मन्त्र संवाददाता

गुमला। सांता पब्लिक स्कूल शास्त्री नगर गुमला का 14वां वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डीएसपी वीरेंद्र टोप्पो, स्कूल के निदेशक हेमंत कुमार के द्वारा किया गया। मौके पर डीएसपी वीरेंद्र टोप्पो ने कहा कि सांता पब्लिक स्कूल शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रही है। सांता पब्लिक स्कूल 14 वां वार्षिक महोत्सव मना रही है जो तारीफे काबिल है। स्कूल में सीबीएसई 10 वीं बोर्ड में टॉपर्स निकल रहे हैं जो काफी सराहनीय है। उन्होंने कहा कि मुझे सबसे ज्यादा खुशी स्कूल में आ कर दिख रहा है काफी कम संसाधन में ही स्कूल के बच्चे अच्छे प्रतिभा दिखा रहे हैं। स्कूल प्रबंधन के द्वारा प्रत्येक बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए बारीकी से ध्यान दी जाती है यह बहुत तारीफ के काबिल है। साथ ही फ्री एडमिशन, कोई भी प्रकार का री एडमिशन नहीं लेना खुशी की बात है। हर तबके के बच्चे इस स्कूल में अपना पठन-पाठन कर सकते हैं। उन्होंने बच्चों को कहा मन लगाकर पढ़ाई करें, शिक्षा एक पूंजी है। जिसे कोई छीन नहीं सकता है। आपके अंदर में बहुत प्रतिभा है। आप डॉक्टर इंजीनियर, ऑफिसर पुलिस अधीक्षक कुछ भी बन सकते हैं। टोप्पो ने कहा कि बच्चे जो भी काम करे लक्ष्य निर्धारित कर करे। रिलायंस निपोन लाइफ इंश्योरेंस गुमला ब्रांच के शाखा प्रबंधक मनीष केसरी ने कहा सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता है। ईमानदारी के साथ लगन और मेहनत ही सफलता की कुंजी है। इस अवसर पर स्कूल के बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति की। कार्यक्रम में शिक्षिका सुनीता एक्का, अंकिता कुमारी, मुस्कान, अंजनी, वीणा देवी रजनी सिन्हा आदि सहित स्कूल के पेरेंट्स उपस्थित थे।

# कैरो : ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर भाजपाइयों ने निकाली भव्य तिरंगा यात्रा

खबर मन्त्र संवाददाता



कैरो। प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 20 मई मंगलवार को कैरो प्रखंड मुख्यालय में भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर कैरो भाजपा के अगुवाई में तिरंगा यात्रा निकाली गई। विदित है कि 22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकवादियो के द्वारा 27 भारतीय पर्यटकों की धर्म पूछ पूछ कर सुहागिन बहनो का सिंदूर मिटाया गया था। जिसके बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय सेना के जवानों ने ऑपरेशन सिंदूर चलाया और पाकिस्तान के अनेकों आतंक बादी ठिकानों को मिट्टी मे मिलाया। तिरंगा यात्रा सरस्वती शिशु विद्या मंदिर से भाजपा अध्यक्ष राजेंद्र महतो की अगुवाई मे प्रारंभ हुई, यात्रा मे सशिसुवि के भैया बहने, भाजपाइयों, व्यवसाईयो ने हाथ मे तिरंगा लिए यात्रा प्रारंभ की जो कैरो नायरा पेट्रोल पंप होते हुए मुख्य सड़क होकर ऊतका ग्राम होकर मुख्य पथ होकर देवी मंडप प्रांगण में समाप्त हुई। मौके कर अध्यक्ष राजेंद्र महतो ने कहा कि उक्त तिरंगा यात्रा भारत सरकार के ऑपरेसन सिंदूर की सफलता और सीमा पर अभी तक डटी भारतीय सेना के उत्साह बढ़ाने के उद्देश्य से यात्रा निकाली जा रही है। यात्रा मे भारत माता की जय, बंदे मातरम, सेना तुम आगे बढ़ो, हम तुम्हारे साथ है, यहां व्योमिका और सोफिया जैसी नारी लड़ती है के नारे के साथ यात्रा कैरो मुख्य पथ पर गुंजायमांन रहा। इस अवसर पर कैरो थाना एस आई प्रदीप कच्छप थाना के सदल बल, भाजपा के विशेश्वर प्रसाद दीन, बजरंग उरांव, लखन उरांव, सुरज मोहन साहु, श्रवण मुंडा, मनिंद्र शाह, प्रदीप लोहरा, कैलाश महतो, विदेशी राम, शिवचरण तूरी, नसीर आलम, पंकज साहु, राधेश्याम साहु, समाज सेवी गंगा प्रसाद, रामपवित्र प्रसाद सोनी समेत आचार्य नारायण कुमार, गणेश कुमार समेत अनेकों लोग तिरंगा यात्रा में उपस्थित है।

## राज्यसभा सांसद, चतरा सांसद व विधायक ने पीड़ित परिवारों से किया मुलाकात, बंधाया ढांढस

# सरकार में लोगों पर अत्याचार बढ़ा है, राज्य में किया जायेगा आंदोलन : आदित्य साहू

**यह कार्रवाई अमानवीय है। पुलिस ने जिस तरह बर्बरता पूर्वक पिटाई की है। वह गलत है: कालीचरण सिंह**

**मामले में दोषी पुलिसकर्मी पर कार्रवाई नहीं हुई**



परिजनों से मुलाकात करते राज्यसभा सांसद, चतरा सांसद व विधायक।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** सदर थाना क्षेत्र के जालिमखुर्द गांव में पुलिस की पिटाई से एक व्यक्ति की मौत के बाद भाजपा के एक प्रतिनिधि मंडल पीड़ित परिवार से मिला। प्रतिनिधि मंडल में राज्यसभा सांसद आदित्य प्रसाद, चतरा सांसद कालीचरण सिंह, लातेहार विधायक प्रकाश राम, प्रदेश उपाध्यक्ष विकास प्रीतम, महामंत्री मनोज सिंह और पूर्व विधायक हरिकृष्ण सिंह शामिल थे। प्रतिनिधि मंडल ने पीड़ित परिवार से घटना की पूरी जानकारी ली। परिवार ने बताया कि रात 11 बजे सदर थाना प्रभारी पुलिस टीम के साथ सादे लिबास में घर पहुंचा। पुलिस ने घर में घुसकर मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान उनके मेहमान दुखन प्रसाद गंभीर रूप से घायल हो गए। इलाज के दौरान सदर अस्पताल में उनकी मौत हो गई। परिवार के अन्य सदस्यों ने बताया कि पुलिस ने महिलाओं और छोटे बच्चों तक को नहीं छोड़ा। सभी को बेरहमी से पिटाई की गई। प्रतिनिधि मंडल ने पुलिस की कार्रवाई को दुखद और बर्बरतापूर्ण बताया। राज्यसभा सांसद आदित्य प्रसाद ने लातेहार एसपी कुमार गौरव से फोन में बात करते हुए कहा कि जिले में कोयला व बालू की चोरी हो रही है। किसी तस्कर की गिरफ्तारी नहीं हो रही है और निर्दोष लोगों को जेल भेजा जा रहा है। उन्होंने आगे कहा कि झामुमो-कांग्रेस सरकार बनने के बाद आम लोगों पर अत्याचार बढ़ा है। राज्य में कानून व्यवस्था पूरी तरह बिगड़ चुकी है। इस मामले में दोषी पुलिसकर्मी पर कार्रवाई नहीं हुई, तो वह राज्यभर में आंदोलन किया जाएगा। सांसद कालीचरण सिंह ने कहा कि यह कार्रवाई अमानवीय है। पुलिस ने जिस तरह बर्बरता पूर्वक पिटाई की है। वह गलत है। अगर इस तरह का मामला था तो थाने में बुलाकर समझौता करानी थी। विधायक प्रकाश राम ने कहा कि महिलाओं और बच्चों के साथ पुलिस की कार्रवाई शर्मनाक है। प्रतिनिधियों ने कहा कि वे इस मामले में राज्य के डीजीपी से मिलकर उचित कार्रवाई की मांग करेंगे।

मौके पर जिप अध्यक्ष पूनम देवी, जिप सदस्य सरोज देवी, जिला अध्यक्ष पंकज सिंह, अमलेश सिंह, वंशी यादव, मुकेश पांडेय, महेश सिंह, छोटू राजा, अनिल सिंह, पवन कुमार, सुनिता देवी, विशाल चंद्र साहू, गोविंद प्रसाद, विष्णु गुप्ता, घनश्याम प्रसाद, पिंटू रजक,देवेंद्र राम समेत कई लोग मौजूद थे।

## जंगली हाथी ने एक गाय को मार डाला एवं तीन घरों को किया ध्वस्त



क्षतिग्रस्त घर।

**लातेहार।** थाना क्षेत्र के पेशरार पंचायत के रीचुघुटा गांव में प्रतिमा देवी का एक गाय को जंगली हाथी ने मार डाला। वही बतात कला में दो घर एवं रेका गांव में एक घर को क्षतिग्रस्त किया और घर में रखे अनाज खाने के साथ ही घर का अल्वेस्टर को क्षतिग्रस्त किया है। वही ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मुआवजे की मांग किया है। वही प्रतिमा देवी, सुखदेव भुईयां, बसंती देवी, अलियार भुईयां समेत कई ग्रामीणों ने एक स्वर में बताया कि सोमवार की रात करीब 10 बजे जंगली हाथी के हमले से मुश्किल से अपनी जान बचा पाए है। स्थानीय लोगों के अनुसार झुंड से बिछड़ कर एक जंगली हाथी शायद भोजन की तलाश में गांव में प्रवेश कर गए। हालांकि, हाथी ने गांव के तीन घरों को ध्वस्त कर दिया। जो प्रतिमा देवी, सुखदेव भुईयां, बसंती देवी, अलियार भुईयां के थे। घटना रात्रि 10:00 बजे की है जब गांव के सभी लोग सो रहे थे। उसी समय हाथी ने घर में धावा बोला जिससे लोग बाल बाल बच गए।

## विधायक ने पुल निर्माण कार्य का किया शिलान्यास



शिलान्यास करते विधायक।

**बालूमाथ।** लातेहार विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रकाश राम ने बालूमाथ थाना क्षेत्र के चेताग पंचायत के सिमरसोत ग्राम के चरकी डोरी बांध के समीप ग्रामीण कार्य विभाग ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल लातेहार प्रधानमंत्री खनिज क्षेत्र कल्याण योजना अंतर्गत डीएमएफटी फंड लातेहार के द्वारा लगभग पांच करोड रुपए की लागत से बनने वाले पुल का शिलान्यास पिता काटकर एवं पूजा अर्चना कर किया किया है। इससे पूर्व पंडित आशीष ओझा ने वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ पूजा अर्चना कराया। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए विधायक प्रकाश राम ने कहा कि यह पुल बनने से सिमरसोत, चरकी डोरी समेत दर्जनों गांव के ग्रामीणों को बालूमाथ मुख्यालय में आने-जाने में सहूलियत होगी। पहले बरसात के दिनों में यह पुल नहीं रहने से यहां के ग्रामीण मुख्यालय से कट जाते थे। इस मौके पर अखिलेश भोक्ता, कृष्ण यादव, पप्पू सिन्हा, संजय यादव, सुनील पांडे, विजय यादव समेत के लोग मौजूद थे।

## प्राकृतिक आपदा से निबटने के लिए एनडीआरएफ ने लगाया जागरूकता शिविर



जागरूक करते एनडीआरएफ की टीम।

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड कार्यालय सभागार में मंगलवार को प्राकृतिक आपदा से निबटने के लिए जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया जहाँ आपातकालीन स्थितियों में जीवन की रक्षा के लिए क्या तरीके अपनाए जा सकते हैं इसको लेकर एनडीआरएफ की टीम ने जागरूकता शिविर के माध्यम से लोगों को बताया जिसमें रक्तस्राव को नियंत्रित करने के लिए दबाव बिंदुओं और पट्टियों का उपयोग करना, हृदय गति रुकने पर जीवन रक्षा के लिए सीपीआर का उपयोग करना, पानी में डूबने पर जीवन रक्षा के लिए अस्थायी राफ्ट बनाना, सड़क दुर्घटना में घायल लोगों को सुरक्षित स्थान पर ले जाने के लिए अस्थायी स्ट्रेचर बनाना एवं सुरक्षित स्थान पर ले जाने के लिए लिफ्टिंग और मूविंग तकनीकों का उपयोग करना इन सबके अलावा साँप काटने पर बचाव के तरीकों की जानकारी दी गई। वही एनडीआरएफ टीम कमांडर मंजीत चहल ने बताया कि इन तकनीकों को सीखने और अभ्यास करने से आपातकालीन स्थितियों में आप अपने परिवार की सुरक्षा के साथ साथ दुसरो के जीवन रक्षा में मदद कर सकते हैं। इस जागरूकता शिविर में बालूमाथ बीडीओ सोमा उरांव, अंचलाधिकारी विजय कुमार,एनडीआरएफ टीम राजू सिंह, हरि मोहन, नवीन कुमार, अश्वनी कुमार, पंचायत समिति सदस्य पिंटू नायक, रोहन गोप, अनिल कुमार, लक्ष्मण यादव, सशिभूसन उरांव, वकील कुमार, समेत कई ग्रामीण मौजूद रहे।

## रेजांगला कलश यात्रा का लातेहार में यादव समाज के लोगों ने जोरदार किया स्वागत, किया नगर भ्रमण



माला अर्पण करते राजधानी प्रसाद यादव।

**खबर मंत्र संवाददाता**

लातेहार। प्रांतीय यादव महासभा के बैनर तले मंगलवार को 1962 में रेजांगला में शहीद हुवे यादव वीर जवानों के लहू मिश्रित मिट्टी से भरी कलश को लेकर प्रांतीय यादव महासभा के प्रदेश अध्यक्ष पीतांबर दास के नेतृत्व में कलश यात्रा होटवाग पेट्रोल पंप लातेहार पहुंची, यहाँ यादव समाज के द्वारा अतिथियों का जोरदार स्वागत किया गया। साथ ही कलश में बारी-बारी से सभी लोगों में पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। इसके पश्चात भव्य जुलूस के साथ लातेहार भ्रमण किया गया। इस कलश यात्रा में लोगों ने वीर शहीदों के सम्मान में अहीर रेजिमेंट की मांग किया गया। साथ ही साथ जातिगत जनगणना, लातेहार में ओबीसी आरक्षण की मांग की गई। इस कार्यक्रम के माध्यम से आगामी 18 नवम्बर 2025 को दिल्ली के जंतर मंतर में आयोजित यादव महाजुटान कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर अहीर रेजिमेंट की आवाज को बुलंद करने की बात कही। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रांतीय यादव महासभा के प्रदेश अध्यक्ष पीतांबर दास, किरण यादव, बलवंत यादव, मीरा देवी, राजधानी यादव, बिमलेश यादव, रंजन यादव, वृंदबिहारी यादव, मोहर सिंह यादव, रामप्रवेश यादव, पवन कुमार यादव, हीरा प्रसाद यादव, प्रमोद यादव, जनेश्वर यादव, प्रदीप यादव, मिथलेश यादव, रंजीत यादव , सन्तोष यादव, दरोगी यादव, हरिशंकर यादव, सत्येन्द्र यादव, मनोज यादव, शिवनन्दन यादव, सागर यादव सहित हजारों यादव बन्धु शामिल हुए।

# ग्रीन फील्ड एकेडमी में समर कैंप के साथ हुई गर्मी की छुट्टी, बच्चों ने समर कैंप में की जमकर मस्ती



समर कैंप का आयोजन किया गया।

**खबर मंत्र संवाददाता**

**चंदवा।** सरोज नगर स्थित ग्रीन फील्ड सीनियर विंग परिसर में मंगलवार को ग्रीष्मावकाश प्रारंभ होने से पूर्व अंतिम कार्यदिवस को यादगार बनाने के उद्देश्य से विद्यार्थियों के लिए एक रोमांचक समर कैंप का आयोजन किया गया। यह समर कैंप जूनियर विंग के लिए 19 व 20 मई तथा सीनियर विंग के लिए 20 मई को आयोजित की गई थी। समर कैंप का शुभारंभ प्राचार्या अन्नाकुट्टी, जूनियर विंग की प्राचार्या शेरोल एवं प्रबंधक अनुराधा सिंह द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। उन्होंने बच्चों को प्रेरित किया कि वे इन गतिविधियों के माध्यम से सीखने व आनंद उठाने का भरपूर प्रयास करें। कैंप के दौरान विद्यार्थियों ने स्विमिंग एवं पूल गेम्स, पूल से बॉल इकट्ठा करने की चुनौती, चित्रकला एवं रचनात्मक गतिविधियाँ, आर्ट एंड क्राफ्ट वर्कशॉप्स, फिल्मों का प्रदर्शन (शैक्षिक एवं मनोरंजन के उद्देश्य से) तथा अन्य कई मनोरंजक कार्यक्रम आयोजित किए गए। प्रबंधक अनुराधा सिंह ने कहा कि यह कैंप बच्चों के लिए खेल-खेल में सीखने, सामूहिकता का भाव विकसित करने और रचनात्मकता को प्रोत्साहित करने में सार्थक सिद्ध हुआ है। कैंप की समाप्ति के पश्चात विद्यालय 21 मई से 12 जून 2025 तक ग्रीष्मावकाश पर रहेगा। मौके पर निदेशक अरविंद कुमार सिंह एवं प्राचार्या अन्नाकुट्टी ने सभी छात्रों एवं अभिभावकों के लिए यह शुभकामना संदेश साझा किया, कहा कि आप सभी को एक सुरक्षित, आनंददायक एवं तरोताजा करने वाला ग्रीष्मावकाश शुभ हो। वर्तमान समय में चल रही लू (हीट वेव) से स्वयं की सुरक्षा करें, खूब पानी पिएं और सावधानी बरतें, अवकाश का भरपूर आनंद लें और हम आपको नए उत्साह के साथ स्कूल में वापस देखने के लिए उत्सुक हैं। कैंप के मौके पर विद्यालय के शिक्षक कर्मी एवं विद्यार्थी मौजूद थे।

## ईट भट्ठा में बज्रपात एक मजदूर की मौत



**बालूमाथ।** बालूमाथ थाना क्षेत्र के सीरम ग्राम में संचालित कैलाश भगत के चिमनी ईट भट्ठा में मंगलवार को दोपहर हुए बज्रपात में कन्हैया लाल 55 वर्ष पिता रघु लाल ग्राम मलसिया, जिला शक्ति छत्तीसगढ़ की मौत हो गई। जबकि सुखलाल कवर 25 वर्ष पिता सुधु कवर, निलाधार साहू 15 वर्ष, योगेश्वरी कुमारी दोनो पिता फुलसाय साव, एवं जानकी कवर 16 वर्ष पिता लालकुमार कवर चारो ग्राम मसलिया जिला शक्ति छत्तीसगढ़ घायल हो गया। आसपास के ग्रामीण एवं चिमनी इटभट्ठा संचालक कैलाश भगत के सहयोग से सभी लोगों को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां कन्हैयालाल को मृत घोषित कर दिया गया। जबकि अन्य घायलों को प्राथमिक इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई। जानकारी के अनुसार सभी मजदूर छत्तीसगढ़ से आकर कैलाश भगत के चिमनी इट भट्ठा में ईटा बनाने का कार्य करता था। तभी तेज बारिश होने लगी। और एकाएक बज्रपात होने से कई मजदूर इसकी चपेट में आ गया। घटना के बाद बालूमाथ पुलिस मृतक के शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम हेतु लातेहार भेज दिया है।

## ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को लेकर बारियातू में निकाली गई तिरंगा यात्रा



**बारियातू।** भाजपा मंडल अध्यक्ष लव कुमार सिंह की नेतृत्व में ऑपरेशन सिंदूर की प्रचंड सफलता पर बारियातू मंडल में राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए नागरिकों द्वारा सेना के सम्मान में तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस तिरंगा यात्रा में चतरा सांसद कालीचरण सिंह का भी आगमन हुआ तिरंगा यात्रा के प्रखण्ड प्रभारी बिनोद राणा जिला उपाध्यक्ष ब्रजमोहन राम उपस्थित रहे। तिरंगा यात्रा बारियातू हाई स्कूल से लेकर बस स्टैंड होते हुए प्रखण्ड मुख्यालय व पेट्रोल पम्प तक निकाली गई। जिसमें उपस्थित नागरिकों द्वारा भारत माता की जय, वंदे मातरम, विश्व को बस एक संदेश पाकिस्तान आतंकी देश,अब और नहीं सहेगा भारत आतंकवाद को मिटा कर रहेगा भारत, भारत ने सुदर्शन चक्र चलाया है पाकिस्तान ने बिलबिलाया है,नवभारत का जलवा देख पाकिस्तान में मालवा देखा,मारी चोट ठिकाने पे बम गिरे सब निशाने पर,सेना ने दम झोका है आतंकवाद को ठोका है, के नारों के साथ बारियातू मंडल गूंज उठा। मौके पर भाजपा मंडल महामंत्री सत्येंद्र कुमार सिंह, त्रिवेणी साहू, जिप सदस्य रमेश राम, संघर यादव, अरविंद सिंह, बिश्वनाथ सिंह, संतोष प्रसाद, बिनोद राम, जितेन्द्र सिंह, श्रवण ऊंराव, पवन प्रसाद,किशोर राम, निर्मल सिंह, लवकुश सिंह, संजीत कुमार, सुबोध कुमार, नीलु सिंह, ध्रव सिंह,कामेश्वर ठाकुर, सतीश साहू, धीरज राणा, हिरामण साव, नीलु शर्मा सहित काफी सख्या में लोग शामिल थे।

## प्रभाकर मिश्रा मेमोरियल दिवा रात्रि क्रिकेट टूर्नामेंट को लेकर बैठक



**चंदवा।** कमांडो क्रिकेट क्लब के तत्वावधान में आगामी 26 मई से स्थानीय हाई स्कूल के स्टेडियम में संभावित प्रभाकर मिश्रा मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट को लेकर सोमवार की देर शाम स्थानीय जय हिंद पुस्तकालय सभागार में बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता सुरेंद्र वैद्य एवं संचालन डॉ. शम्स रजा ने की। बैठक में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट की सफलता को लेकर गंभीरता से चर्चा किया गया साथ ही आयोजन को सफल बनाने को लेकर कार्यभार का बंटवारा भी किया गया। बैठक में आयोजन के निमित कोष संग्रहण, जन भागीदारी, विधि व्यवस्था, खेल स्टेडियम प्रबंधन समेत कई बिंदुओं पर चर्चा करते हुए निर्णय लिए गए। मौके पर उप प्रमुख अश्विनी मिश्रा, विनोद कुमार गुड्डू, राजेंद्र यादव, अजय वैद्य, रविराज, दीपक निषाद, आयोजन समिति के दारा सिंह, सुधाकर मिश्रा, विभाकर मिश्रा, विक्की कुमार, विक्रांत कुमार, राजीव रंजन सिंह, अक्षय यादव, मंटू केसरी, रंजन सिंह, मनीष कुमार चांदो, सुमित कुमार, गौरव दुबे, कमलेश कुमार, मुकेश सिंह समेत कई अन्य लोग मौजूद थे।

## श्री पंचमुखी हनुमान जी प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा का कार्यक्रम संपन्न



**हेरहंज।** बस स्टैंड में श्री पंचमुखी हनुमान जी महाराज की प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा का आयोजन 20 मई को संपन्न हुआ। इस दौरान धमार्चार्यों एवं विद्वानों ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ विधिपूर्वक पूजन-अर्चना की। श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से इस अनुष्ठान में भाग लिया। जिससे पूरे क्षेत्र में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार हुआ। 20 मई को श्रीराम महायज्ञ की पूणार्हुति के साथ इस पांच दिवसीय धार्मिक आयोजन का समापन हुआ। यज्ञ मंडप में अग्नि प्रज्वलन के साथ अंतिम आहुति दी गई। जिसके बाद संत विदाई और भंडारे का आयोजन किया गया। आयोजन समिति ने बताया कि इस यज्ञ का उद्देश्य सनातन संस्कृति की स्थापना और धार्मिक आस्था का प्रचार करना था। इस आयोजन में श्री श्री 1008 स्वामी शेषनारायणाचार्य जी महाराज के सानिध्य में विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुए। भव्य शोभायात्रा और धार्मिक झांकियां श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहीं। जिसमें भगवान श्री हनुमान जी की मनोहारी झलकियां प्रस्तुत की गई।

## स्पीड न्यूज

### मोबाइल दुकान में चोरी का आवेदन देकर कार्रवाई की मांग



**बालूमाथ।** बालूमाथ थाना क्षेत्र के जिलंगा ग्राम में सोमवार की रात्रि आलोक कुमार के मोबाइल दुकान का एल्वेस्टर छत तोड़कर लगभग डेढ़ लाख रुपए की समान की चोरी किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। दुकानदार आलोक कुमार ने बालूमाथ थाना में आवेदन देकर कहा है कि मैं सोमवार की रात में दुकान बंद करके अपने घर चला गया था जब सुबह आया तो देखा कि एलवेस्टर के छत तोड़कर दुकान में चोरी कर ली गई है एवं दुकान में रखे 13 हजार रुपये नगद, नोकिया मोबाइल प्रीपेड 9 पीस, चार्जर, ब्लूटूथ समेत लगभग डेढ़ लाख रुपए की सामान चोरी कर लिया गया। आलोक कुमार ने थाना प्रभारी से जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

### ग्रामीणों ने डीसी से पुराने स्थान से ही राशन दिलाने की मांग की



कार्डधारी ग्रामीण।

**लातेहार।** जिले के छिपादोहर पंचायत के जूरूहार गांव के भारी संख्या में राशन कार्ड धारी ग्रामीणों ने जनता दरबार पहुंच कर उपायुक्त को आवेदन देकर मांग किया की पुराने स्थान में ही हमलोग को राशन दिया जाए। मंगल उरांव डीलर जोकि जुरुहार में पीडीएस का दुकान चलाना चाहता है जो हम कार्डधारीयो को मंजूर नहीं है। वही कार्डधारी ग्रामीणों ने एक स्वर में बताया कि मंगल उरांव दारू पीकर उल्टा सीधा बोलता है और राशन भी ठीक से नहीं देता है। एक दो दिन राशन बांटता है उसके बाद हम लोग को वापस भेज देता है कहता है राशन खत्म हो गया। जिससे हम सभी कार्डधारी ग्रामीण आहत हुए हैं।

### उपायुक्त ने सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए दिए दिशा निर्देश



**लातेहार।** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता के निर्देशानुसार सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, यातायात प्रबंधन को लेकर जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार के नेतृत्व में वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय, लातेहार के सामने वैसे ऑटो वाहनों की जांच की गयी जो ओवर पैसेंजर (स्कुल स्टुडेंट) लेकर वाहन चलाते पाए गए। इस बार सख्त हिदायत देकर छोड़ दिया गया, भविष्य में सड़क सुरक्षा के मानकों का अनुपालन नहीं किया गया तो कड़ी कारवाई करते हुए वाहन जप्त कर ली जायेगी। इस दौरान कुल 24 ऑटो को सख्त हिदायत दे कर छोड़ा गया एवं 8 मोटरसाइकिल का 17 हजार का ऑनलाइन चालान काटा गया।

## वित्तीय साक्षरता सह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



जागरूक कार्यक्रम करते सोसाइटी के सदस्य।

**खबर मंत्र संवाददाता**

**चंदवा।** पलाश झारखण्ड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी चंदवा व झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक के संयुक्त तत्त्वाधान में मंगलवार को प्रखण्ड कार्यालय के सभागार में वित्तिय साक्षरता सह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक के शाखा प्रबंधक निरंजन कुमार, कार्यक्रम में मुख्यतः वित्तिय जागरूकता से सम्बंधित विस्तृत जानकारी सखी मंडल की सदस्यों को दी। इस जागरूकता अभियान में बैंक ऋण, बचत खाता खुलवाना, समय मे लेनदेन, बीमा क्लेम, सेटलमेंट, अटल पेंशन, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, ऋण वापसी, ग्राहक सेवा केंद्र तथा सरकार के द्वारा चलाये जा रहे, विभिन्न योजनाओ पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। बीडीओ चंदन प्रसाद के द्वारा बताया कि इस तरह का वित्तिय जागरूकता कार्यक्रम जेएसएलपीएस के द्वारा बैंकों के शाखा प्रबंधक के साथ परस्पर सामंजस्य स्थापित करके निरंतर करवाया जाता है, ताकि महिलाएं जागरूक होकर बैंको के द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न योजनाओं का लाभ ले सकें। वहीं बीपीएम मुजीबुल आरफीन के द्वारा सभी सदस्यों को बीमा, समूह वित्तिय साक्षरता जैसे विषयों पर विस्तार पूर्वक बताया गया। मौके पर एडमिन जय प्रकाश रंजन, बैंक कर्मी, एफएलसी मुनि देवी, एफएल सीआरपी समेत दर्जनों सखी मंडल की दीदियां उपस्थित थी।

### ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर चंदवा में निकली तिरंगा यात्रा

# आतंक के समूल नाश करने में समक्ष भारतीय सेना: अमित



भाजपा के तिरंगा यात्रा निकाला गया।

**खबर मंत्र संवाददाता**

**चंदवा।** ऑपरेशन सिंदूर के प्रचंड सफलता पर मंगलवार को भाजपा चंदवा मंडल अध्यक्ष अमित कुमार के नेतृत्व में चंदवा मंडल वासियो के द्वारा तिरंगा यात्रा निकाला गया। तिरंगा यात्रा के मंडल प्रभारी पूर्व मंडल अध्यक्ष राज कुमार पाठक उपस्थित रहे। तिरंगा यात्रा चंदवा की शुरूआत इंदिरा गांधी चौक स्थित पथ निर्माण विश्रामागार से हुई जो चंदवा मेन रोड होते सुभाष चौक, बाईपास रोड कंचन नगरी होते पुनः इंदिरा गाँधी चौक पर समापन हुआ। मौके पर सम्बोधित करते हुए भाजपा मंडल अध्यक्ष अमित कुमार ने कहा हम सभी भारतवासियों को अपने प्रधानमंत्री पर गर्व है कि उन्होंने आतंकवादियों को धूल चटाने का काम किया। भारतीय सेना ने सिर्फ आतंकवादी जो दोषी थे, वैसे आतंकवादियों को ही निशाना पर लिए और उन्हें धराशाई करने का काम किया। भारत की तीनों सेना पर हम सभी भारतवासियों को गर्व है। चंदवा मंडल प्रभारी राज कुमार पाठक ने कहा कि मुझे गर्व है कि हम भाजपा के कार्यकर्ता हैं और हमारे प्रधानमंत्री पर सफल नेतृत्व करते हुए सेना को खुली छूट देकर आतंकवादियों पर जो कार्रवाई किए हैं उसके लिए हम सभी उन्हें धन्यवाद देते है और ऐसी कार्रवाई होनी चाहिए ताकि आतंकवादी अपना पैर भारत में नही पसार सके। कार्यक्रम में आशीष सिंह, संजय साव, विजय दुबे, दीपक निषाद, शिवकेश्वर यादव, महेंद्र प्रसाद साहू, कुलामान साहू, शंकर साहू, विनय रिकी वर्मा, आदर्श रवि राज, मनीष गुप्ता, रोहित अग्रवाल, चंद्रभूषण केसरी, सूर्यनारायन शाहू, यमुना चौधरी, रामकिशुन गंझु, मुरारी लाल साहू, मनोज पाठक, रिकेश्वर यादव, रविन्दर साहू, बलकू मुंडा, सुनील मुंडा, राजेंद्र यादव, बंधन मिस्त्री, लाल आशीष नाथ शाहदेव, बबलू कुमार सोनी, बिनोद कुमार गुड्डु, सुनील मुंडा, प्रेम नाथ साहू, बालेसर गंझु, सेठी सिंह, साकिन्दर लोहरा, छोटू कुमार, संटू गुप्ता, मनीष यादव, दुर्गा सिंह, विजय कुमार, संजय साव, छोटे साव समेत सैकड़ो लोग शामिल थे।

### 15 साल से बिना इकरारनामा किरायेदार, बरवाडीह के दुकानदारों का सब्र दे रहा है जवाब

# वर्षों से फाइलों में धूल फांक रही है दुकानदारों की उम्मीदें



2010 में स्ववित्तपोषित योजना से बनी दुकानें।

**खबर मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय परिसर में बने 60 दुकानों की कहानी सरकारी उपेक्षा, अफसरशाही की ढिलाई और जनप्रतिनिधियों की खामोशी का ऐसा कड़वा दस्तावेज बन चुकी है, जिसे अब दुकानदार सीने पर नहीं, सड़क पर लाने को तैयार हैं। साल 2010 में स्ववित्तपोषित योजना से तैयार हुए इन दुकानों का अब तक इकरारनामा तक नहीं हुआ है। 15 सालों से दुकानदार बिना किसी वैधानिक दस्तावेज के अपने हक की लड़ाई लड़ रहे हैं।

**भूतपूर्व सांसद इंद्र सिंह नामधारी ने रखी थी आधारशिला**

इन दुकानों की नींव खुद भूतपूर्व सांसद इंद्र सिंह नामधारी ने रखी थी। 60 दुकानों और दो सीढ़ी प्लस कमरों का निर्माण स्ववित्तपोषित योजना के तहत हुआ, जिनमें से 50 दुकानें विस्थापितों को आवंटित कर दी गईं। बाकी 10 दुकानें और एक सीढ़ी प्लस कमरा अधूरे रह गए। योजना यह थी कि इनका आवंटन खुले डाक के माध्यम से कर उससे मिली राशि विस्थापित दुकानदारों में बांटी जाएगी। मगर ना हुआ डाक, ना मिला पैसा और ना हुआ इकरारनामा।

**दुकानदारों ने दर्जनों बार लगाई गुहार**

पिछले एक दशक में दुकानदारों ने कई बार स्थानीय अधिकारियों से लेकर जनप्रतिनिधियों तक सांसद, विधायक सभी को अपनी समस्या बताई, लेकिन किसी के कानों पर जूं तक नहीं रेंगी। ना किराया तय हुआ, ना वैधानिक कब्जा मिला, उलटे अधूरी दुकानों से जुड़ी रकम भी फंस कर रह गई।

**अब सिर्फ मांग नहीं, आंदोलन होगा**

व्यावसायिक समिति के अध्यक्ष दीपक राज ने कहा कि अगर दुकानों का किराया 3.50 रुपये या अधिकतम 5 रुपए प्रति वर्गफुट के हिसाब से तय कर वैध इकरारनामा नहीं कराया गया, तो सभी दुकानदार चरणबद्ध आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। उन्होंने कहा कि हम व्यवसाई सिर्फ दुकान नहीं, अपनी जिंदगी की स्थिरता मांग रहे हैं और इसके लिए 15 साल से मानसिक रूप से प्रताड़ित हो रहे हैं। सवाल साफ है आखिर क्यों नहीं हो रहा दुकानों का वैध इकरारनामा? क्यों नहीं तय किया जा रहा किराया, जबकि अन्य जिलों में इसकी प्रक्रिया पूरी हो चुकी है, और सबसे बड़ा सवाल है कि विस्थापित दुकानदारों का फंसा पैसा कौन लौटाएगा?

# गोड्डा : मनरेगा योजना चढ़ा भ्रष्टाचार की भेंट बोआरीजोर में कागज पर संचालित हो रही योजना



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गोड्डा/बोआरीजोर।** प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में चल रहे सरकार की महत्वाकांक्षी मनरेगा योजना भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रही है। जिम्मेदार पंचायत के कर्मी रोजगार सेवक, पंचायत सचिव, जेई, बीपीओ, पंचायत के मुखिया द्वारा बेहतर तरीके से योजना का मॉनिटरिंग नहीं करने के कारण अधिकतर योजना स्थल सिर्फ कागज पर संचालित हो रहा है। सोमवार को कई योजना स्थल का पड़ताल में एक भी मजदूर योजना स्थल पर कार्य करते नहीं पाया गया। ताजा उदाहरण बोआरीजोर प्रखंड के बड़ा बोआरीजोर पंचायत और आसनबोना गांव का है। सिर्फ फर्जी मास्टर रोल के जरिए सरकारी राशि का बंदरबांट हो रहा है और अधिकतर योजना स्थल पर योजना से संबंधित कोई भी बोर्ड तक नहीं लगा हुआ पाया गया। नाम प्रकाशित नहीं करने के शर्त पर कई लोगों ने बताया कि बिचौलिया के मिली भगत से गड्ढा नुमा जमीन को ही डोभा का निर्माण कार्य दिखाकर जेई पंचायत के कर्मी अवैध तरीके से पैसे की निकासी कर रहे हैं जबकि इसकी जमीनी हकीकत विपरीत है। प्रखंड के मुचुरा गांव में फूलबिटी मरांडी के जमीन पर डोभा का निर्माण, बाडोर गांव में सुकरा पहाड़िया के जमीन पर डोभा का निर्माण, मंगरा गांव में गुरू सोरेन के जमीन पर डूबा का निर्माण समेत दर्जनों योजना शामिल है। जहां की सिर्फ फर्जी कागज पर डिमांड चल रहा है और इतना ही नहीं जिम्मेदार पदाधिकारी को फजीर्वाड़े की सूचना देने के पर पदाधिकारी के द्वारा मीडिया को गोल मटोल जवाब दिया जाता है। कई व्यक्तियों ने तो ऐसा भी बताया कि कई ऐसे पहाड़ पर डोभा का निर्माण कराया गया है जो कि मजदूर के बदले जेसीबी मशीन से खुदाई रात मे कर दी गई है जो की मनरेगा नियम के विरुद्ध है लेकिन मोटा कमीशन के कारण जिम्मेदार भी कार्रवाई करने में हिचकिचाते हैं। अब देखना होगा मामले पर कब तक निष्पक्ष जांच होती है और दोषियों पर क्या कार्रवाई होती है या फिर मामले को रफा दफा किया जाता है।

# बेरमो : देशव्यापी मजदूर हड़ताल को लेकर जीएम कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेरमो।** नौ जुलाई को होने वाली देशव्यापी मजदूर हड़ताल को लेकर तैयारियां शुरू हो गयी हैं। मंगलवार को सीसीएल ढ़ोरी, बीएडके और कथारा क्षेत्र के महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष संयुक्त ट्रेड यूनियन मोर्चा के नेताओ ने प्रदर्शन किया। यूनियन नेता महारूद्र सिंह, विकास सिंह, भीम महतो और जयनाथ मेहता ने कहा कि यह हड़ताल देश की मौजूदा सरकार की गलत कॉर्पोरेट नीतियों के खिलाफ और श्रमिकों की 17 सूत्रीय मांगों और हड़ताल को लेकर चर्चा की। सबसे पहले संयुक्त ट्रेड यूनियन के नेताओं ने 20 मई की देशव्यापी आम हड़ताल को फिलहाल टाले जाने की जानकारी दी। कहा कि देश में हड़ताल की घोषणा और लाखों नोटिस के बावजूद केंद्र समेत कई राज्य सरकारों के संरक्षण में नियोक्ता वर्ग मजदूरों पर हमले जारी रखे हुए हैं। काम के घंटों में मनमानी वृद्धि, न्यूनतम मजदूरी के साथ-साथ ठेका मजदूरों की गैरकानूनी छंटनी आम हो गयी है। यूनियन नेताओं ने कहा कि ट्रेड यूनियनों की लगातार मांग के बावजूद सरकार ने अब तक न तो किसी प्रतिनिधिमंडल से वार्ता की है, न ही भारतीय श्रम सम्मेलन बुलाया है। यह सब श्रम संहिताओं को चुपचाप लागू करने की साजिश का हिस्सा है। जामसं के विकास सिंह, ओमशंकर सिंह, धीरज पांडे, आरकेएमयू के महारूद्र सिंह, चंदन चौहान, रविन्द्र सहनी, अभिषेक शर्मा, अभिजीत बाउरी, सुरेश महतो, शंकर प्रसाद, रवि कुमार सहनी, राजेंद्र प्रसाद, रविन्द्र दिगार, सरयू तुरी, प्रदेशी मुण्डा, पवन मिश्रा, शरद कुमार, सीएमयू के राजू भुखिया, संतोष कुमार ,जेसीएमयू के घुनूं हंसदा, जयनाथ मेहता, बीड़ी कुशवाहा, यूकोवयू के जवाहरलाल यादव, भीम महतो, एनसीओईए गोवर्धन रविदास, करमचन्द बाउरी, मनोज पासवान, चन्द्रशेखर महतो, मनसुख कालिंदी, सुरज, प्रदीप महतो, मनोज शर्मा, कैलाश महतो, नकुल रविदास आदि उपस्थित हुए।

## एक नजर में

### दुमका : सामूहिक दुष्कर्म में चार ने थाने में किया था आत्मसमर्पण, भेजे गये जेल



दुमका। जिला के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के धमना गांव में 15 मई की रात शिकारीपाड़ा की किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म करने वाले चार आरोपी को पुलिस ने मंगलवार पोक्सो एक्ट की विशेष अदालत में पेश किया। यहां से सभी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। जबकि घटना में शामिल एक किशोर को बाल सुधार गृह भेज दिया गया। सभी चार आरोपियों ने थाना में सरेंडर किया। जेल जाने से पहले मुख्य आरोपी रंजीत टुडू ने बताया कि 15 मई को पड़ोस में शादी थी। इसी शादी में शिकारीपाड़ा की किशोरी शामिल होने के लिए अपने बहन-बहनोई के साथ आई थी। रात में सोने के लिए जगह कम पड़ जाने के कारण किशोरी उसके घर सोने आ गई। शादी में उससे पहले भी बात हुई थी। रात में उसे उठाकर खेत ले गया और दुष्कर्म किया। इसके बाद चार अन्य दोस्त को फोन कर बुला लिया। इसके अनिल हेम्ब्रम व जानी मुर्मू ने भी उसके साथ गलत काम किया। जबकि बोनी टुडू व बिटटू हेम्ब्रम आने जाने वालों पर नजर रखे हुए थे। दूसरे दिन गलत का पछतावा हुआ और 18 मई को स्वयं थाना जाकर आत्मसमर्पण कर दिया। उसके कहने पर ही अनिल हेंब्रम, जानी मुर्मू व बिटटू हेंब्रम ने थाना में आत्मसमर्पण किया। एक मात्र किशोर बोनी टुडू को पुलिस ने गांव से गिरफ्तार किया।

### अमर बाउरी पहुंचे आदिवासी गांव कड़रूखुटा



बेरमो। भाजपा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी सोमवार को पेंक नारायणपुर थाना क्षेत्र के आदिवासी गांव कड़रूखुटा पहुंचे। वहां आदिवासी महिला दुष्कर्म पीड़िता से मिले और पीड़ित महिला का हाल चाल जाना। महिला ने अमर बाउरी को बताई की आठ मई को घर के बगल कुछ दुरी पर तालाब में नहाने गई थीं। नहाने के दौरान एक युवक आया और अकेला पाकर मेरे साथ जोर जबरजस्ती दुष्कर्म करने का प्रयास करने लगा। हम किसी तरह उससे खुद को छुड़ाकर भागकर घर आई। इसके बाद अपने स्वजनों को बताई। जिसके बाद घर वाले गए और उसे पकड़ लिए। जिसके बाद लोगो ने थोड़ा मोड़ा मारपीट किया। उसी दौरान पुलिस आई और उसे लेकर चली गई। जिसके बाद हमलोग थाना में दुष्कर्म करने का प्रयास का आवेदन दिए। जिसके बाद पता चला की उसकी मौत हो गई। बाउरी ने पीड़िता आदिवासी महिला और उनके स्वजनों को न्याय दिलाने की बात कहते हुए कहा की मामला 8 मई को 22 साल के अब्दुल कलाम ने तालाब में नहा रही एक आदिवासी महिला के साथ छेड़छाड़ और रेप करने की कोशिश की। महिला के शोर मचाने पर गांव वालों ने आरोपी को पकड़कर उसकी पिटाई कर दी। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस के पहुंचने पर अब्दुल को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अब्दुल के चाचा की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर चार लोगों को जेल भेज दिया है। हेमंत सोरेन की सरकार के मंत्री इरफान अंसारी दुष्कर्म आरोपी का महिमा मंडन कर रहें हैं। सरकार का प्रभाव दिखाकर आदिवासी महिला का आबरू का सौदा किया जा रहा हैं। इस घटना का पूरी तरह से जांच होना चाहिए जिससे सच्चाई सामने आ सके। कांग्रेस नेता राहुल गांधी के द्वारा अब्दुल के परिवार को 1 लाख रुपये की आर्थिक मदद देने की बात कही है। और जो आदिवासी पीड़िता के साथ दुष्कर्म करने का प्रयास हुआ। उसको आज तक सरकार के लोग झाकने तक नहीं आया। हेमंत सोरेन आदिवासियों का मुख्यमंत्री मानते हैं लेकिन पीड़ित आदिवासी महिला का हाल चाल तक नहीं पूछा। अमर बाउरी ने कहा हर हाल में भाजपा आदिवासी महिला को न्याय दिलाएगी। मौके पर गिरिडीह के पूर्व सांसद रविंद्र कुमार पाण्डेय, भाजपा के पूर्व बोकारो जिलाध्यक्ष भरत यादव, भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विनय सिंह, भाजपा किसान मोर्चा के मोतीलाल महतो, ईश्वरचंद प्रजापति, किशोर महतो, रामचंद्र महतो, सीमा देवी, बुनु सोनी, भैरों महतो, मनोज महतो, राजेश गिरी इत्यादि लोग उपस्थित थे।

### दुमका : एसकेएमयू के तीन सीनेट व सिंडिकेट समेत चार सदस्य हुए नामित

दुमका। सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय में शैक्षणिक एवं प्रशासनिक गतिविधियों को सुदृढ़ करने की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए कुलपति प्रो कुनुल कंदीर के निर्देश पर विवि प्रशासन ने कुल चार नए सदस्यों की नियुक्ति सीनेट व सिंडिकेट सदस्य के रूप में की है। इस संबंध में अधिसूचना मंगलवार को कुलसचिव डॉ राजीव कुमार ने जारी किया। सीनेट सदस्य के रूप में तीन को नामित किया गया है। इनमें एसपी कॉलेज, दुमका के मनोविज्ञान विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ कलानंद ठाकुर, एएन कॉलेज, दुमका के हिंदी विभाग के सहायक प्राध्यापक अन्हद लाल और भाजपा नेता सह पूर्व अभाविप सदस्य विमल मरांडी शामिल हैं।

## स्पीड न्यूज

### डीवीसी बीटीपीएस प्रबंधन द्वारा निकाली गयी प्रभात रैली




बेरमो। स्वच्छता पखवाड़ा 2025 के अवसर पर मंगलवार को डीवीसी बीटीपीएस प्रबंधन द्वारा एक प्रभात रैली निकाली गयी। जिसमें स्थानीय बच्चों एवं डीवीसी कर्मियों ने हिस्सा लिया। यह रैली नये प्रशासनिक भवन से शुरू होकर, डीवीसी अस्पताल, झारखंड चौक होते हुए बोकारो क्लब में जाकर समाप्त हुआ। इस मौके पर बच्चों ने स्वच्छता एवं सफाई का नारा दिया। रैली में डीवीसी कर्मियों की संख्या भी सैकड़ो में रही। कार्यक्रम के अन्त में सुशील कुमार अरजरिया, मुख्य महाप्रबंधक व परियोजना प्रधान ने मीडिया से बात करते हुए बताया कि बोकारो थर्मल कॉलोनी एरिया एवं आसपास के गांव में स्वच्छता अभियान के तहत सफाई का काम किया जा रहा है, और लोगों से अपील है कि वह जहां-तहां कूड़ा ना फेंके एवं डस्टबिन में ही कूड़ा डालें। उन्होंने लोगों को अपने निजी जीवन में भी स्वच्छता की आदतों को अपनाने पर जोर दिया। धन्यवाद ज्ञापन उपमहाप्रबंधक प्रशासन कालीचरण शर्मा ने दिया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में सुनील कुमार, प्रबंधक (मांस), एस ए ए अशरफ, उप प्रबंधक (मांस), धनंजय कुमार, प्राचार्य, दाधानि उच्च विद्यालय, शाहिद इकराम, रमेश कुमार, सुकेश कुमार, एस के तिवारी, शिवचरण, राम नारायण, विकास विश्वास, मनोज सिंह, सूरज तिवारी, राजेश सिंह, इत्यादि का विशेष योगदान रहा।

### बोकारोः खनन विभाग ने ट्रैक्टर किया जब्त



बोकारो। डीसी विजया जाधव के निर्देशानुसार बोकारो जिला के विभिन्न स्थानों पर खनन विभाग द्वारा सघन जांच अभियान चलाया गया जिसमें आईईएल थाना अन्तर्गत इंडियन बैंक रेलवे फाटक के समीप अवैध रूप से बालू खनिज का उत्खनन कर प्रेषण करते हुए 01 ट्रैक्टर को पकड़ा गया। टीम ने जिसे विधिवत जप्त कर आईईएल थाना को सुपुर्द कर दिया और थाने में प्राथमिकी दर्ज*कराई। उक्त अभियान में खान निरीक्षक सीताराम टुडू एवं पुलिस बल आदि मौजूद थे।

### मंडलकारा चास में जेल अदालत व चिकित्सा शिविर का आयोजन



बोकारो। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार बोकारो अनिल कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में मंडलकारा चास में एक जेल अदालत सह विधिक जागरूकता शिविर एवं स्वास्थ्य जांच चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। चास जेल में आयोजित इस जेल अदालत में जिसके सदस्य मनोरंजन कुमार नं-1 सीजेएम बोकारो एवं डिप्टी चीफ एलएडीसी पम्मी कुमारी थे। साथ ही मंडल कारा चास में स्वास्थ्य जांच चिकित्सा शिविर का भी आयोजन किया गया जिसमें जेल में कुल 284 कैदियों का स्वास्थ्य जांच किया गया एवं मेडिसिन उपलब्ध कराया गया जिसमें 278 पुरुष एवं 06 महिला थे। साथ ही मंडल कारा चास में एक विधिक जागरूकता कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया।

# कल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम लोगों तक पहुंचाना, जनता दरबार का उद्देश्यः डीसी बोकारो





**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** डीसी विजया जाधव के जनता दरबार का आयोजन जरीडीह प्रखंड मुख्यालय परिसर में किया गया जहां काफी संख्या में आमजन शामिल हुएं। सभी विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।

मौके पर डीपीएलआर मेनका अपर समाहर्ता मो मुमताज अंसारी एसडीओ बेरमो मुकेश मछुआ जिप सदस्य सुनीता टुडू जिप के पूर्व सदस्य हीरा लाल मांझी प्रखंड प्रमुख देव नारायण भगत विधायक प्रतिनिधि विनोद महतो विभिन्न पंचायतों के मुखिया आदि उपस्थित थे। अपने संबोधन में डीसी ने कहा कि आम जनों की सहूलियत के लिए जनता दरबार कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसके पीछे की मंशा सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम लोगों तक पहुंचाना जन कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ना उनके समस्याओं का त्वरित समाधान करना है।

मौके पर अबुआ आवास के लाभुकों को डीसी व अन्य अधिकारियों तथा जन प्रतिनिधियों के द्वारा नवनिर्मित आवास का गृह प्रवेश कराया गया। सांकेतिक रूप से 10 लाभुकों को शुभ कलश नारियल देकर गृह प्रवेश का आह्वान किया गया। डीसी ने घंटों आमजनों की समस्याओं पर सुनवाई करते हुए प्राप्त आवेदन को संबंधित जिला स्तरीय पदाधिकारियों /प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों को अग्रसारित एवं स्वीकृत किया। सभी विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का डीसी व अन्य अधिकारियों तथा जन प्रतिनिधियों ने निरीक्षण किया। उन्होंने स्टॉल पर उपस्थित कर्मियों से प्राप्त/स्वीकृत आवेदनों की जानकारी ली और निष्पादन से संबंधित बीडीओ/सीओ को जरूरी दिशा निर्देश दिया। मौके पर सरकार की अबुआ आवास योजना झारखंड मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना बिरसा सिंचाई कूप योजना गुरूजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना सहित अन्य सभी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी गई।

जनता दरबार में ऑन स्पॉट स्वीकृत लाभुकों के बीच पेंशन क्रेडिट लिंकेज ग्रीन राशन कार्ड दिव्यांगों के बीच ट्राई साइकिल मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत लाभुकों के बीच बकरा यूनिट/बत्तख चूजा/जोड़ा गाय मुख्यमंत्री साइकिल वितरण योजना आदि सरकारी योजनाओं के परिसंपत्ति/स्वीकृति पत्र को वितरित किया गया। मौके पर डीएसओ शालिनी खालखो, जिला भू अर्जन पदाधिकारी द्वारिका बैठा डीपीआरओ रवि कुमार सामाजिक सुरक्षा के सहायक निदेशक पीयूष, जिला पंचायती राज पदाधिकारी मो सफीक आलम जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ मनोज मणि बीडीओ सीमा कुमारी सीओ प्रणव राज एपीआरओ अविनाश कुमार सिंह मनरेगा नोडल पदाधिकारी पंकज दुबे डीपीओ यूआइडी शैलेंद्र मिश्रा समेत प्रखंड स्तरीय सभी पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

# भाजपा शिकारीपाड़ा की ओर से निकाली गयी तिरंगा यात्रा



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**शिकारीपाड़ा।** ऑपरेशन सिंदूर की सफलता और भारतीय सेना के पराक्रम को सम्मान देने के लिए भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओ ने तिरंगा यात्रा निकाली। भाजपा मंडल अध्यक्ष तरुण नंदी एवं युवा मोर्चा अध्यक्ष विकाश भगत के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने शिकारीपाड़ा हनुमान मंदिर से लेकर दुर्गा मंदिर तक तिरंगा यात्रा निकालकर सेना के शौर्य को सलाम किया। विकाश भगत ने बताया हमारी भारतीय सेनानी आतंकी ठिकानों को तबाह कर दिया उनके मिसाइल एवं ड्रोन को हवा में ही मार गिराया भारतीय सेना का शौर्य और बलिदान हर नागरिक के लिए गर्व का विषय है। ऑपरेशन सिंदूर जैसी कार्रवाई से साबित होता है कि हमारी सीमाएं सुरक्षित हाथों में हैं। सभी कार्यकर्ताओं ने बड़े उत्साह के साथ भारत माता की जय, वंदे मातरम, भारतीय सेना जिंदाबाद, नारे लगाये साथी ही पाकिस्तान के विरोध में पाकिस्तान मुदार्बाद के भी नारे लगाए इस कार्यक्रम में युवा मोर्चा अध्यक्ष हेमंत साहा, सूरज कुमार पाल, धीरज रजक, जयदेव गोस्वामी, अभिजीत दियासी, सुमित सिंह, दिवाकर भगत, लक्ष्मण भगत, अंजन दियासी, चंदन दास, वीरेंद्र भगत, सुंदर ठाकुर, नानी गोपाल पाल, डेनियल किस्कू,पलटू मंडल, कालीचरण साहा, इत्यादि कार्यकर्ता मौजूद थे।

# एजेंट का गोरख खेल, मृतक सीसीएल कर्मी की एलआईसी की राशि फर्जी पत्नी को करवाया भूगतान



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेरमो।** जिन्दगी के साथ भी जिन्दगी के बाद भी जिस जीवन बीमा निगम का नारा ही हो और उसी संस्था मे फजीर्वाड़ा हो जाये तो इसे आप क्या कहेगे। इसी तरह का एक मामला एलआईसी फुसरो शाखा से निकल कर बेरमो थाना पहुचा जहां पीड़ित महिला सह मृतक सीसीएल कर्मी की पत्नी शिला देवी द्वारा आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई गई है। मिली जानकारी के अनुसार पीड़िता गिरिडीह निवासी शीला देवी ने मिडिया को बताई कि एलआईसी अभिकर्ता एवं विकास पदाधिकारी के ऊपर थाने में मामला दर्ज कराएगी। कहा कि किस आधार पर एक महिला को फर्जी शीला देवी को सत्यापित कर बीमा राशि का भुगतान किया गया जबकि कोर्ट द्वारा सक्सेशन सर्टिफिकेट मेरे पास मौजूद है। कहा कि मेरा पति का फुसरो स्टेट बैंक में जॉइंट खाता था उसके बाद भी यूको बैंक गिरिडीह में क्यों खाता खोला गया। वहीं महिला ने बेरमो थाना में एलआईसी एजेंट के खिलाफ आवेदन देकर कार्रवाई करने की मांग की है। दरअसल यह मामले पिछले लंबे समय से चल रहा है मृतक सीसीएल कर्मी दिलीप कुमार के निधन के बाद उनकी धर्म पत्नी शीला देवी एलआईसी फुसरो शाखा अपने पति के बीमा क्लेम करने पहुची तो वहां एक आवेदन दुसरी महिला दे रखी थी जिस कारण शाखा के मैनेजर द्वारा यह कहा गया कि जो भी कोर्ट से शकसेशन सर्टिफिकेट लेकर आयेगा उसे ही बीमा राशि भुगतान किया जायेगा। मृतक की पत्नी भागी भागी तेनुघाट न्यायालय पहुची और उक्त प्रमाण पत्र के लिए आवेदन की इस बीच काफी समय निकल गया 2025 मे न्यायालय द्वारा जब शीला देवी को शकसेशन सर्टिफिकेट मिला और वह उसे लेकर जीवन बीमा कार्यालय पहुची तो उसे बताया गया कि उक्त राशि की भुगतान 2023 मे ही शीला देवी को कर दी गई है जबकि मृतक की पत्नी आज दो माह से बीमा राशि के लिए एलआईसी दफ्तर का चक्कर काट रही है। अब सवाल उठता है कि वह कौन महिला है जो शीला देवी बन बीमा राशि उठा ली। क्या बीमा कंपनी भुगतान से पुर्व उक्त महिला का भेरिफिकेशन नही क्या या फि र इसमे कोई बड़ा खेल हुआ है जो जांच का विषय है।

पीड़ित महिला की माने तो बीमा कार्यालय से उसे जवाब मिलता है कि एजेंट जाने जबकि एजेंट कहता की शाखा मैनेजर जाने। आखिरकार थक हार महिला बेरमो थाने में आवेदन देकर इंसाफ की गुहार लगाई है। मगर यह भी सौ फीसदी सत्य है कि इतने प्रतिष्ठित संस्था की ऐसी घटनाओं से शाख पर बट्टा तो लग ही जाता है।

# भाजपा संविधान को नहीं अदानी और अंबानी को बचाने में लगी हैंः प्रदीप यादव




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गोड्डा।** कांग्रेस की ओर से गोड्डा में संविधान बचाओ रैली का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में लोग पार्टी समर्थक और कार्यकर्ता शामिल हुए। रैली में जहा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने सभा कि सम्बोधित करते हुए कहा कि भाजपा कि सरकारी चार सौ पार का नारा इसीलिए दे रही थी जिससे वो संविधान को खत्म कर उसकी जगह मनुस्मृति लागु करना चाहती थी। आज कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे हो या फिर नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी इसकी रक्षा के लिए सड़क से लेकर सदन तक आंदोलन कर रही है। इस दौरान अन्य वक्ताओं ने केंद्र कि मोदी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा, ये लोग केवल कुर्सी बचाने में लगे हुए हैं संविधान की नहीं, देश में कांग्रेस ही एक मात्र पार्टी है जो सविधान कि रक्षा कर सकती है, वही कांग्रेस नेता प्रदीप यादव ने कहा सविधान की नही अडानी और अंबानी को बचाने में लगे हैं, साथ ही गोड्डा अडानी पावर प्लांट पर भी निशाना साधते हुए कहा, जबतक शत प्रतिशत गोड्डा वासियों को नौकरी नहीं देगी अडानी के खिलाफ आन्दोलन जारी रखने की बाते कहीं। उन्होने कहा की जिसकी खातिरदारी मे अरबो रुपए खर्च हुए लेकिन युद्ध के वक्त उनके कोई एक देश खड़ा नही हुआ। हम हमेशा से गरीबो, पिछडो, दलितों व आदिवासियों के हितो की रक्षा के लिए संघर्ष करते रहे है। सभा को पूर्व मंत्री बंधु तिर्की, पूर्व सांसद प्रदीप बालमुचू, फुरकान अंसारी, विधायक सुरेश बैठा समेत कई नेताओ ने संबोधित किया। केशव महतो कमलेश आदि मौजूद थे।

# दुमका डीसी ने की बैठक



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक मंगलवार को समारणालय कार्यालय में आहूत हुई। बैठक की अध्यक्षता डीसी ए दोड्डे ने किया। बैठक में सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में स्वास्थ्य विभाग के सभी इंडिकेटरों की समीक्षा की गई। इस अवसर पर डीसी ने निर्देश दिया कि एनीमिया की जांच सभी प्रखंड में किया जाये। सिविल सर्जन द्वारा बताया गया कि एनीमिया जांच के लिए इक्विपमेंट प्रखंड में प्रभारी द्वारा क्रय करने का आदेश दिया गया है। इसी क्रम में डीसी ने कालाजार से संबंधित मरीजों की खोज खोज अभियान करने का भी निर्देश दिया गया। सिविल सर्जन द्वारा बताया गया कि पालोजोरी से सटे मसलिया प्रखंड में कहीं-कहीं पर डिप्थीरिया का कैसे पाया जाता है। यह पालोजोरी से माइग्रेशन के कारण प्रभावित हो रहा है। वहां पर रिफ्यूशल भी देखा गया है। इस संदर्भ में डीसी ने कहा कि जहां-जहां रिफ्यूशल है। वहां पर चिकित्सा पदाधिकारी को भेज कर पॉकेट को आईडेंटिफाई करके उनका काउंसलिंग करते हुए टीका के लिए प्रोत्साहित किया जाये।

## पेज एक का शेष

### भारी बारिश, आंधी ...

**कहां कितनी बारिश :** घंटे भर में 29.2 मिमी वर्षा दर्ज की गयी। सबसे अधिक वर्षा 53.6 मिमी सिकटिया देवघर में दर्ज की गयी। मौसम विभाग की वुलेटिन के अनुसार रांची में 29.2 मिमी, जमशेदपुर में 04 मिमी, बोकारो में 41.6 मिमी, जामताड़ा 1.5 मिमी, लोहरदगा 3.5 मिमी व रामगढ़ 15.0 मिमी बारिश दर्ज की गयी।

**24 तक राहत नहीं :** 21 मई से लेकर 24 मई तक राज्य के कुछ स्थानों पर गर्जन के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की वर्षा हो सकती है। 21 मई को राज्य के दक्षिणि भागों में कहीं-कहीं पर गर्जन और तेज हवाओं का झोंका के साथ वज्रपात की संभावना है। 22 मई को राज्य में कहीं-कहीं गर्जन और तेज हवाओं का झोंका के साथ वज्रपात की संभावना है। इसके बाद 25 व 26 मई को राज्य के कई स्थानों पर गर्जन के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की वर्षा होने की संभावना है।

### शराब घोटाले में...

उत्पाद नीति बनाने में सलाह देने के लिए सरकार ने अरूणपति त्रिपाठी की फीस 1.25 करोड़ रुपये निर्धारित किया। नयी उत्पाद नीति बनाने के बाद उसे राजस्व पर्षद सदस्य के पास सहमति के लिये भेजी गयी। उस वक्त अमरेंद्र प्रसाद सिंह राजस्व पर्षद सदस्य थे। उन्होंने उत्पाद नीति पर अपनी असहमति जतायी और कई मामलों में बदलाव का सुझाव दिया। साथ ही, यह टिप्पणी भी कि जिस कंपनी को राजस्व बढ़ाने के लिये सलाहकार नियुक्त किया गया, वह अपने राज्य में शराब का राजस्व नहीं बढ़ा पा रही है। सुझाव को आंशिक रूप से स्वीकार करते हुये राज्य सरकार ने नयी उत्पाद नीति की घोषणा की। सरकार द्वारा चलायी जाने वाली खुदरा शराब दुकानों में मैनपावर सप्लाई का काम भी छत्तीसगढ़ की कंपनियों को मिला। दो वर्षों तक यहां की उत्पाद नीति में छत्तीसगढ़ की एजेंसियां कार्यरत रहीं। नकली होलोग्राम, अवैध शराब की सप्लाई कर झारखंड सरकार को करोड़ों रुपये की क्षति पहुंचाई गयी।

### योगा फॉर वन ...

इसमें 580 मिलियन लोग शामिल हैं और मुफ्त इलाज प्रदान करते हैं। इस कार्यक्रम को हाल ही में 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी भारतीयों को शामिल किया गया है।

**इस वर्ष का थीम :** पीएम मोदी इस वर्ष की थीम, एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग पर प्रकाश डाला। योग के जन्मस्थान के रूप में भारत की भूमिका पर जोर देते हुए सभी देशों को निमंत्रण दिया। उन्होंने इसे अधिक वैश्विक सहयोग के माध्यम से भविष्य की महामारियों से लड़ने की साझा प्रतिबद्धता के रूप में वर्णित किया। उन्होंने एक स्वस्थ ग्रह के निर्माण के महत्व पर जोर दिया, साथ ही यह सुनिश्चित किया कि कोई भी पीछे न छूटे। संबोधन के समापन पर, प्रधानमंत्री ने वेदों की एक शाश्वत प्रार्थना का हवाला देते हुए इस बात का उल्लेख किया कि कैसे, हजारों साल पहले, भारत के ऋषियों ने एक ऐसी दुनिया के लिए प्रार्थना की थी जहाँ सभी स्वस्थ, खुश और रोग मुक्त हों। उन्होंने आशा व्यक्त की कि यह दृष्टि दुनिया को एकजुट करेगी।

**एक डिजिटल प्लेटफॉर्म :** वर्ल्ड हेल्थ असेंबली में मोदी ने कहा, स्वास्थ्य परिणामों को बेहतर बनाने के लिए टेक्नोलॉजी एक महत्वपूर्ण उत्प्रेरक है। हमारे पास गर्भवती महिलाओं और बच्चों के टीकाकरण को ट्रैक करने के लिए एक डिजिटल प्लेटफॉर्म है। लाखों लोगों के पास एक अनूठी डिजिटल हेल्थ आइडेंटिटी है। यह हमें लाभ, बीमा, रिकॉर्ड और सूचना को यूनिफाइड करने में मदद कर रही है। हमारी मुफ़्त टेलीमेडिसिन सेवा ने 340 मिलियन से अधिक परामर्शों को सक्षम किया है।

स्पीड न्यूज

# स्कूलों के सिलेबस में होगा आकाश और ब्रह्मोस मिसाइलों की शौर्य गाथा

एजेंसी

▸▸ पीएम रिसर्च फंड में भी होंगे जरूरी बदलाव
▸▸ इस पहल से बच्चों में शोध के प्रति बढ़ेगा रुझान

**नयी दिल्ली।** चंद्रयान की तरह अब ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान को घुटने के बल लाने वाली ब्रह्मोस और आकाश मिसाइलों के शौर्य की कहानी भी स्कूली बच्चे पढ़ेंगे। शिक्षा मंत्रालय जल्द ही इसे सभी भारतीय भाषाओं में स्कूली बच्चों तक पहुंचाने की तैयारी में है। जिसे स्कूलों में बच्चों तक पाठ्यक्रम के अतिरिक्त गतिविधियां और भारतीय भाषाओं को सिखाने के क्रम में रोचक तरीके से पहुंचाए जाएगी।

**शिक्षा मंत्री ने दिए संकेत :** शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने सोमवार को एक कार्यक्रम में इसके संकेत दिए और कहा कि ब्रह्मोस और आकाश की ताकत हमारी शिक्षा व्यवस्था की मजबूती का प्रमाण है। ऐसे में हमें शोध पर अधिक बल देना चाहिए। इसके लिए पीएम रिसर्च फंड में भी जरूरी बदलाव किए जा रहे है। माना जा रहा है कि इस पहल से भी बच्चों में शोध के प्रति रुझान बढ़ेगा, साथ इस पहल से राष्ट्रीय जुड़ाव बढ़ाने में भी मदद मिलेगी। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में भी स्कूली स्तर से ही ऐसे बीज रोपने की सिफारिश की गई है, ताकि वह आगे चलकर शोध और इनोवेशन के क्षेत्र में देश का नाम रोशन कर सकें। बच्चों को यह विषयवस्तु अतिरिक्त स्कूली गतिविधियां के साथ बगैर बस्ते वाले दिनों (बैगलेस डे) में पढ़ाई जाएगी। मौजूदा समय में स्कूलों में साल में कम से कम 15 दिन बगैर बस्ते वाले दिन आयोजित करने के निर्देश दिए गए है। हालांकि केंद्रीय विद्यालय और नवोदय विद्यालय इसे हफ्ते में एक दिन रख रहे है। मंत्रालय से जुड़े अधिकारियों के मुताबिक चंद्रयान की सफलता की कहानी को बच्चों के बीच जिस रोचक तरीके से पहुंचाया गया था, जिसमें वह बच्चों-बच्चों की जुबान पर चढ़ गया था। ठीक उसी तर्ज पर ब्रह्मोस और आकाश मिसाइलों की सफलता की कहानी भी बच्चों की बीच पहुंचायी जाएगी। बच्चों को यह बताया जाएगा कि कैसे इन मिसाइलों ने पाकिस्तान की मिसाइलों को न सिर्फ हवा में ही मार कर ध्वस्त कर किया था बल्कि इन मिसाइलों ने पाकिस्तान के सारे सुरक्षा तंत्र को भेदते हुए उसके भीतर घुसकर उसके हवाई अड्डों और आतंकी ठिकानों को भी नष्ट किया। इन मिसाइलों का प्रहार इतना विकराल थी कि पाकिस्तान कुछ ही घंटों में घुटने के बल आ गया और शांति की गुहार लगाने लगा।




**दोनों मिसाइल की खासियत :** ब्रह्मोस मिसाइल- रफ्तार- 9878 किमी प्रति घंटा, रेंज- 400 किमी, वजन- 1290 किलोग्राम, लंबाई- 8.4 मीटर, भार ले जाने की क्षमता- 3000 किलोग्राम।आकाश मिसाइलः रफ्तार- 3087 किमी प्रति घंटा, लंबाई 5.78 मीटर, वजन- 720 किलोग्राम, रेंज- 80 किलोमीटर, भार ले जाने की क्षमता-60 किलोग्राम।

## पाक सेना प्रमुख मुनीर बने फील्ड मार्शल

**इस्लामाबाद ।** पाकिस्तान सरकार ने सेना प्रमुख जनरल आसिम मुनीर को फील्ड मार्शल के पद पर पदोन्नत किया है। यह निर्णय प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में लिया गया। सरकारी टेलीविजन चैनल पीटीवी ने बताया कि मुनीर की पदोन्नति भारत के साथ हालिया संघर्ष के दौरान उनकी सफल भूमिका को देखते हुए की गई है। कैबिनेट ने देश के फील्ड मार्शल के रूप में जनरल आसिम मुनीर को पदोन्नत करने का महत्वपूर्ण फैसला लिया है।

## इजराइल की बमबारी से गाजा में 60 मरे

**गाजा पट्टी।** इजराइली सेना की गाजा पट्टी में बमबारी से 60 लोग मारे गए। कनाडा, फ्रांस और ब्रिटेन ने धमकी दी है कि अगर इजराइल हमले बंद नहीं करता, तो उसके खिलाफ ठोस कार्रवाई होगी। इजरायली सेना ने दक्षिणी शहर खान यूनिस में फिलिस्तीनियों को हमले से पहले भागने का आदेश दिया।

इजराइली सेना ने वेस्ट बैंक में छापेमारी कर 10 फिलिस्तीनियों को गिरफ्तार किया है।

## बलूचिस्तान प्रांत में 12 बलूच लड़ाके मारे गये

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के सुरक्षा बलों ने सबसे अशांत खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान प्रांत में हुई मुठभेड़ों 12 बलूच लड़ाकों को मार गिराया। इस दौरान एक सिपाही और लांस नायक की भी जान चली गई लक्की मरवत जिले में पांच, बन्नू जिले में दो, उत्तरी वजीरिस्तान जिले के मीर अली क्षेत्र में दो और बलूचिस्तान में तीन लड़ाके मारे गए। मीर अली क्षेत्र में हुई मुठभेड़ में सिपाही फरहाद अली तुरी और लांस नायक साबिर की भी मौत हो गई।

## आइबी चीफ डेका को एक साल का एक्सटेंशन

**नयी दिल्ली।** सरकार ने खुफिया ब्यूरो के निदेशक तपन कुमार डेका को एक वर्ष का सेवा विस्तार देने का निर्णय लिया है। भारतीय पुलिस सेवा के 1988 बैच के अधिकारीडेका का कार्यकाल 30 जून को समाप्त हो रहा था। कार्मिक , लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय ने मंगलवार को बताया कि केन्द्रीय मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने अखिल भारतीय सेवा नियम 1958 और नियम 16 (1ए) के प्रावधानों में छूट देते हुए डेका को 30 जून से एक वर्ष लिए सेवा विस्तार को मंजूरी दे दी है।

## राकांपा नेता भुजबल ने ली मंत्री पद की शपथ

**मुंबई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के वरिष्ठ नेता छगन भुजबल को मंगलवार को महाराष्ट्र मंत्रिमंडल में शामिल किया गया। श्री भुजबल ने राजभवन में मंत्री पद की शपथ ली। शपथ ग्रहण समारोह में मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडनवीस, उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और अजीत पवार मौजूद थे।

## गोंडा : मुठभेड़ में इनामी बदमाश ढेर

**गोंडा।** उत्तर प्रदेश में गोंडा जिले के उमरी बेगमगंज थाना क्षेत्र में पुलिस ने मुठभेड़ में एक लाख रुपये के इनामी बदमाश को मार गिराया। एसपी विनीत जायसवाल ने मंगलवार को बताया कि मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने उमरी बेगमगंज कस्बा में बदमाश सोनू उर्फ भुर्रे को घेर कर आत्मसमर्पण की चेतावनी दी, बदमाश ने पुलिस पर फायरिंग करते हुये भागने का प्रयास किया। जवाबी कार्रवाई में बदमाश को गोली लगी।

## बटाला में बीकेआइ के छह गुर्गे गिरफ्तार

**बटाला ।** आईएसआई समर्थित आतंकी खिलाफ एक बड़ी सफलता करते हुए बटाला पुलिस ने विदेशी हैंडलर मनिंदर बिल्ला और मन्नू अगवान द्वारा संचालित बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) के छह गुर्गों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से एक 30 बोर पिस्तौल बरामद किया है। आरोपियों की पहचान जतिन कुमार, बरिंदर सिंह राहुल मसीह, अब्राहम, सोहित व सुनील कुमार के तौर पर हुई है।

# अब यूक्रेन व रूस के बीच होंगी सीधी वार्ता

▸▸ तुर्किये, स्विट्जरलैंड या वेटिकन में हो सकती है युद्ध विराम पर बातचीत
▸▸ पुतिन को काफी हद तक समझाने में सफल रहे ट्रंप
▸▸ रूस के राष्ट्रपति ने भी ट्रंप से बातचीत को सार्थक बताया



एजेंसी

**वाशिंगटन/मॉस्को/कीव।** वर्षों से युद्ध में उलझे रूस और यूक्रेन के बीच संघर्ष विराम कराने के वैश्विक प्रयास कुछ हद तक कामयाब होते दिख रहे हैं। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच सोमवार को चली दो घंटे की टेलीफोनिक बातचीत काफी हद तक सफल रही। पुतिन को ट्रंप काफी हद तक समझाने में सफल रहे। इस दौरान यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लादिमीर जेलेंस्की बातचीत शुरू होने से पहले और खत्म होने के बाद तक ट्रंप के संपर्क में रहे। जेलेंस्की का कहना है कि युद्ध विराम पर अगले दौर की वार्ता तुर्किये, स्विट्जरलैंड या वेटिकन में से किसी एक स्थान पर हो सकती है। द न्यूयॉर्क टाइम्स की खबर के अनुसार, रूस के राष्ट्रपति पुतिन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ हुई बातचीत के बाद यूक्रेन के साथ शांति समझौते पर बातचीत करने के लिए तैयार हो गए हैं। लेकिन उन्होंने व्यापक रियायतों की अपनी मांग दोहराई है। ट्रंप ने कहा कि दो घंटे तक चली कॉल बहुत अच्छी रही। अब रूस और यूक्रेन तुरंत युद्ध समाप्त करने की दिशा में बातचीत शुरू करेंगे। ट्रंप ने बताया कि पुतिन से वार्ता के बाद उन्होंने यूक्रेन के राष्ट्रपति और यूरोपीय नेताओं से भी बात की है। हालांकि अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने दिन की शुरूआत में पुतिन की स्थिति पर सवाल उठाया था। उन्होंने कहा था कि उन्हें यकीन नहीं है कि व्लादिमीर पुतिन के पास युद्ध को समाप्त करने के लिए कोई रणनीति है। पुतिन ने ट्रंप से फोन पर बातचीत के लिए सोची तट पर स्थित एक संगीत विद्यालय को चुना। ट्रंप ने अपने ओवल ऑफिस से बातचीत की। पुतिन ने अपनी टिप्पणियों में स्पष्ट किया कि वह हिंसा को समाप्त करने की अपनी अधिकतम मांगों से पीछे नहीं हट रहे हैं। पुतिन ने भी ट्रंप से हुई बातचीत को सार्थक बताया। ट्रंप ने कहा कि पुतिन शांति में रुचि रखते हैं। ट्रंप ने पुतिन से बातचीत शुरू करने से पहले संवाददाताओं से कहा कि उन्हें और पुतिन को संघर्ष के समाधान पर चर्चा करने के लिए जल्द ही मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि युद्ध विराम की शर्तें यूक्रेन और रूस ही तय करेंगे। इसमें किसी की मध्यस्थता की जरूरत नहीं। ऐसा इसलिए कि दोनों को अपनी-अपनी स्थिति मालूम है।

### युद्ध विराम की शर्तें दोनों देश तय करेंगे

ट्रंप ने कहा कि युद्ध विराम की शर्तें यूक्रेन और रूस ही तय करेंगे। इसमें किसी की मध्यस्थता की जरूरत नहीं। ऐसा इसलिए कि दोनों को अपनी-अपनी स्थिति मालूम है। इससे पहले ट्रंप ने रविवार शाम यूरोपीय नेताओं से मॉस्को पर युद्ध विराम के लिए दबाव बनाने के तरीकों के बारे में बात की थी।

## जज बनने के लिए तीन साल वकालत जरूरी : सुप्रीम कोर्ट

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को महत्वपूर्ण फैसले में कहा है कि न्यायपालिका के सबसे निचले स्तर पर जज बनने के लिए होने के लिए न्यायिक सेवा भर्ती परीक्षा में शामिल होने के लिए वकील के तौर पर न्यूनतम 3 साल की वकालत यानी व्यावहारिक ज्ञान अनिवार्य है।

शीर्ष अदालत ने अपने फैसले में कहा कि एलएलबी उत्तीर्ण करने के बाद सीधे न्यायिक सेवा परीक्षा में शामिल होने की अनुमति नहीं दी जा सकती है क्योंकि एक न्यायिक अधिकारी के लिए सिर्फ किताबी ज्ञान पर्याप्त नहीं होता है। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई, न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह और के. विनोद चंद्रन की पीठ जिला न्यायपालिका में नियुक्त होने वाले न्यायाधीशों के लिए अदालतों के कामकाज के अनुभव के महत्व को रेखांकित करते हुए यह फैसला दिया है। पीठ ने सिविल जज (जूनियर डिवीजन) पदों के लिए आवेदन करने के लिए 3 साल की न्यूनतम वकालत की अनिवार्यता को बहाल करते हुए अदालत के कामकाज के बारे में अनुभव के बगैर न्यायिक अधिकारियों के रूप में नए कानून स्नातकों की नियुक्ति पर चिंता व्यक्त की।

# परमाणु वैज्ञानिक डॉ श्रीनिवासन का निधन

▸▸ 1987 में परमाणु ऊर्जा आयोग का अध्यक्ष और परमाणु ऊर्जा विभाग का सचिव बने थे



**चेन्नई।** परमाणु वैज्ञानिक और परमाणु ऊर्जा आयोग के पूर्व अध्यक्ष डॉ. एम.आर. श्रीनिवासन का मंगलवार को तमिलनाडु के उधगमंडलम में निधन हो गया। वह 95 वर्ष के थे। देश के सिविल न्यूक्लियर एनर्जी प्रोग्राम के प्रमुख वास्तुकार डॉ. श्रीनिवासन ने परमाणु ऊर्जा विभाग (डीएई) में करियर सितंबर 1955 से शुरू किया और पांच दशकों से भी ज्यादा समय तक अपनी सेवा दी थी। उन्होंने डॉ. होमी भाभा के साथ मिलकर देश के पहले परमाणु अनुसंधान रिएक्टर अप्सरा के निर्माण में काम किया, जो अगस्त 1956 में शुरू हुआ था। वष्र 1959 में उन्हें देश के पहले परमाणु ऊर्जा स्टेशन के लिए प्रधान परियोजना इंजीनियर नियुक्त किया गया। वर्ष 1974 में वे डीएई के पावर प्रोजेक्ट्स इंजीनियरिंग डिवीजन के निदेशक बने और एक दशक बाद न्यूक्लियर पावर बोर्ड के अध्यक्ष का पद संभाला। वर्ष 1987 में डॉ श्रीनिवासन को परमाणु ऊर्जा आयोग का अध्यक्ष और परमाणु ऊर्जा विभाग का सचिव नियुक्त किया गया। उसी साल वे न्यूक्लियर पावर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के संस्थापक अध्यक्ष भी बने। उनके कार्यकाल में उल्लेखनीय विस्तार हुआ और उनके मार्गदर्शन में 18 परमाणु ऊर्जा इकाइयां विकसित की गईं, जिनमें सात चालू हो गई थीं और सात निमार्णाधीन थीं। इसके अलावा, चार योजना चरण में थीं। परमाणु विज्ञान और इंजीनियरिंग के क्षेत्र में उनके अनुकरणीय योगदान के लिए डॉ. श्रीनिवासन को देश के दूसरे सबसे बड़े नागरिक सम्मान पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया। उनकी बेटी शारदा श्रीनिवासन ने कहा कि दूरदर्शी नेतृत्व, तकनीकी प्रतिभा और राष्ट्र के प्रति अथक सेवा की उनकी विरासत भविष्य की पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी। डॉ. श्रीनिवासन की मृत्यु भारत के वैज्ञानिक और तकनीकी इतिहास में एक युग का अंत है। वे अपने पीछे एक ऐसी स्थायी विरासत छोड़ गए हैं, जिसने देश की प्रगति और ऊर्जा सुरक्षा को बढ़ावा देने में मदद की।

# भारत-अमेरिका के बीच व्यापार समझौता जल्द

एजेंसी

▸ दोनों देशों के बीच समझौते को लेकर बातचीत सार्थक : गोयल

**नयी दिल्ली।** भारत और अमेरिका जल्द ही एक अंतरिम व्यापार समझौता कर सकते हैं। वाणिज्य व उद्योग मंत्री पीयूष गोयल भी इस बात का संकेत दिया है। उन्होंने एक्स पर कहा कि अमेरिका के साथ व्यापार समझौते को लेकर सार्थक बातचीत रही।

गोयल पिछले चार दिनों से अमेरिका में हैं। दोनों देशों के मुख्य वार्ताकार के बीच समझौते पर बातचीत चल रही है। सूत्रों के मुताबिक, दोनों ही देश द्विपक्षीय व्यापार समझौता (बीटीए) के पहले चरण के पूरा होने से पहले व्यापार समझौते की एक अंतरिम व्यवस्था बनाना चाहते हैं। ताकि अमेरिका की शुल्क नीति की वजह से आपसी व्यापार में जो अवरोध की आशंका पैदा हो गई है, उसे दूर की जा सके।

**शुल्क को लेकर अंतरिम व्यवस्था :** अमेरिका ने अप्रैल में भारत पर 26 प्रतिशत का पारस्परिक शुल्क लगा दिया था जिसे अगले 90 दिनों के लिए टाल दिया गया। इस 90 दिनों की अवधि जुलाई माह के दूसरे सप्ताह में समाप्त हो रही है और दोनों देश उससे पहले शुल्क को लेकर एक अंतरिम व्यवस्था बनाना चाहते हैं। भारत अमेरिका से सभी रोजगारपरक सेक्टर में शून्य शुल्क या अति कम शुल्क चाहता है ताकि इन सेक्टर का अमेरिका में होने वाला निर्यात बढ़े जिससे भारत में मैन्यूफैक्चरिंग व रोजगार बढ़ोतरी में मदद मिलेगी। दूसरी तरफ, अमेरिका इलेक्ट्रिक वाहनों के साथ, वाइन, एथनाल, कई औद्योगिक आइटम व कुछ खाद्य आइटम के शुल्क में छूट चाहता है। इसके साथ अमेरिका भारत के गुणवत्ता नियंत्रण नियम में भी छूट चाहता है। भारत पिछले दो सालों से कई आइटम पर भारतीय मानक ब्यूरो के तहत गुणवत्ता नियंत्रण नियम लागू कर रहा है। जिन वस्तुओं पर यह नियम लागू हो गया है उनके आयात भी बिना बीआईएस सर्टिफिकेट के नहीं हो पाएंगे।

## मुकेश व नीता अंबानी दानदाताओं की शीर्ष 100 सूची में शामिल

टाइम मैगजीन



**नयी दिल्ली।** मुकेश अंबानी और नीता अंबानी को टाइम मैगजीन की पहली परोपकार सूची में शामिल किया गया है।

2025 के सबसे प्रभावशाली परोपकारियों की इस लिस्ट में उन्हें उनके चैरिटेबल कामों के जरिये लाखों लोगों को सशक्त बनाने के लिए चुना गया है। 2024 में इस अरबपति दंपति ने 407 करोड़ (लगभग $48 मिलियन) का दान किया। इस वजह से वे भारत के सबसे बड़े दानदाताओं में से एक हैं।

मैगजीन ने बताया कि अंबानी परिवार ने छात्रवृत्ति, स्कूल के बुनियादी ढांचे, करियर कौशल को मजबूत करने, ग्रामीण कृषि समुदायों की मदद, जल संरक्षण, चिकित्सा सहायता जैसे कई कामों के लिए फंड दिया है।

उनके पास लगभग $110 अरब की संपत्ति है। नीता अंबानी मुंबई इंडियंस क्रिकेट टीम की मालकिन भी हैं। उन्हें खिलाड़ियों को विकसित करने में उनके योगदान के लिए भी पहचाना गया है।

# पाकिस्तान एक विकृति मरना उसकी नियति है

▸▸ चाहे भारत के हाथों या अपने ही पाले-पोसे गये आतंकियों के कृत्यों से मारा जाए : योगी



एजेंसी

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज कहा कि पाकिस्तान एक विकृति है और मरना उसकी नियति है। चाहे वह भारत के हाथों मारा जाए या फिर अपने ही द्वारा पाले-पोसे गये आतंकवादियों के कृत्यों से मारा जाए। मुख्यमंत्री ने केएनएस मेमोरियल हॉस्पिटल की स्थापना की 25वीं वर्षगांठ पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पाकिस्तान का जिक्र किया। योगी ने कहा एक विचारक ने ठीक ही कहा है कि बीज का वृक्ष बन जाना एक संस्कृति है और बीज का सड़ गल करके समाप्त हो जाना विकृति है। भारत उस संस्कृति का प्रतीक है जो सदैव मानवता के लिए एक मार्गदर्शक के रूप में एक आशा की किरण होगा और यह विकृति पाकिस्तान है जिसकी नियति मरना है, जिसकी नियति सड़ना है। चाहे वह भारत के हाथों मरे, चाहे अपने ही द्वारा पल्लवित पोषित आतंकवादियों के कृत्यों से मरे। यह तय है। नियति ने जो लिखा होगा, वह अवश्य होगा। ऑपरेशन सिंदूर भारत के स्वाभिमान का, भारत की मातृ शक्ति के सिंदूर की गरिमा का और भावी पीढ़ी की सुरक्षा की गारंटी का प्रतीक रहा है। भले ही पाकिस्तान और उसके समर्थक क्या कर रहे थे। भारत ने अपनी आन, बान, शान की रक्षा करने के लिए वह किया जो प्रधानमंत्री (नरेन्द्र) मोदी जी ने देशवासियों को आश्वस्त किया था।

## सेना ने पाक को घुटनों पर ला दिया : राजनाथ

**लखनऊ।** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि हाल ही में ऑपरेशन सिंदूर के दौरान देश की जनता ने भारतीय सेनाओं का पराक्रम देखा। जवाबी करवाई में इस बात का पूरा ध्यान रखा गया कि पाकिस्तान के मिलिट्री ठिकानों पर ही प्रहार किया जाये और उनकी सिविल पॉपुलेशन को इससे दूर रखा जाये। मगर जैसा कि पाकिस्तान की आदत है कि वह जल्दी मानता नहीं है। उसने भारत की जमीन पर हमले करने के प्रयास करने प्रारम्भ किए, आम नागरिकों को निशाना बनाने का प्रयास किया गया।उसके जवाब में भारतीय सेनाओं ने जो कारवाई की, उसने पाकिस्तान की फौज को घुटनों पर ला दिया। रक्षा मंत्री मंगलवार को गोमती नगर में डॉक्टर केएनएस अस्पताल के रजत जयंती समारोह को संबोधित कर रहे थे।

## संसदीय दलों की विदेश यात्रा आज से

**नयी दिल्ली।** पहलगाम आतंकवादी हमले एवं ऑपरेशन सिन्दूर को लेकर वैश्विक कूटनीतिक समर्थन जुटाने के लिए गठित सात संसदीय दल 21 मई से पांच जून तक 33 देशों की यात्रा करेंगे और इन दलों में शामिल 51 राजनेता एवं आठ राजनयिक पाकिस्तान में मौजूद वैश्विक आतंकवादी ढांचे और उसके समर्थकों की पोल दुनिया के सामने खोलेंगे।

भाजपा के उपाध्यक्ष बैजयंत पांडा के नेतृत्व वाला पहला समूह 23 मई को बहरीन, 25 मई को कुवैत, 27 मई को सऊदी अरब और 30 मई को अल्जीरिया जाएगा। इस समूह में भाजपा के निशिकांत दुबे, भाजपा के फांगनोन कोन्याक, भाजपा की रेखा शर्मा, असदुदीन ओवैसी, नामांकित सतनाम सिंह संधु और गुलाम नबी आजाद हैं। पूर्व विदेश सचिव हर्ष वर्धन श्रृंगला भी इस समूह में जाएंगे।

भाजपा के डॉ रविशंकर प्रसाद के नेतृत्व वाला दूसरा समूह 25 मई को फ्रांस, 27 मई को इटली, 29 मई को डेनमार्क, एक जून को ब्रिटेन और पांच जून को जर्मनी जाएगा।

# लगातार तीसरे दिन गिरा शेयर बाजार

## सेंसेक्स 873 और निफ्टी 262 अंक लुढ़का

एजेंसी




**मुंबई।** कमजोर ग्लोबल संकेतों और विदेशी निवेशकों की बिकवाली से शेयर बाजार मंगलवार को लगातार तीसरे दिन लाल निशान में बंद हुआ। सेंसेक्स 872.98 अंक अर्थात 1.06 प्रतिशत का गोता लगाकर तीन कारोबारी सत्र के बाद 82 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर से नीचे 81,186.44 अंक और निफ्टी 261.55 अंक यानी 1.05 प्रतिशत की गिरावट लेकर 24683.90 अंक पर बंद हुआ। बीएसई का मिडकैप 1.65 प्रतिशत लुढ़ककर 44,385.27 अंक और स्मॉलकैप 0.96 प्रतिशत कमजोर रहकर 50,938.03 अंक रह गया। बीएसई में कुल 4104 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2534 में मुनाफावसूली जबकि 1435 में तेजी रही वहीं 135 में कोई बदलाव नहीं हुआ। बीएसई के सभी 21 समूहों में मुनाफावसूली हुई। इससे कमोडिटीज 0.94, सीडी 1.81, ऊर्जा 0.55, एफएमसीजी 1.14, वित्तीय सेवाएं 1.29, हेल्थकेयर 1.14, इंडस्ट्रियल्स 1.36, आईटी 0.37, दूरसंचार 1.35, यूटिलिटीज 1.64, ऑटो 2.13, बैंकिंग 1.01, कैपिटल गुड्स 1.19, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 1.30, धातु 0.22, तेल एवं गैस 0.70, पावर 1.43, रियल्टी 1.10, टेक 0.56, सर्विसेज 1.53 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 0.44 प्रतिशत टूट गया।

इस दौरान सेंसेक्स में आईटीसी, इंफोसिस और टाटा स्टील की 0.73 प्रतिशत तक की तेजी को छोड़कर अन्य 27 कंपनियों के शेयर नुकसान में रहे। इटरनल 4.10, मारुति 2.76, महिंद्रा एंड महिंद्रा 2.13, अल्ट्रासिम्को 2.04, पावरग्रिड 2.01, नेस्ले इंडिया 1.92, बजाज फाइनेंस 1.88, हिंदुस्तान यूनिलीवर 1.77, बजाज फिनसर्व 1.62, एशियन पेंट 1.44, टाटा मोटर्स 1.43, टेक महिंद्रा 1.36, एचडीएफसी बैंक 1.26 और एसबीआई 1.20 प्रतिशत गिर गए।

### निवेशकों को 5.35 लाख करोड़ की चपत

शेयर बाजार में आई कमजोरी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में 5 लाख करोड़ रुपये से भी अधिक की कमी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद घट कर 438.32 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। पिछले कारोबारी दिन यानी सोमवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 443.67 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को करीब 5.35 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हो गया।

## कियारा आडवाणी ने वॉर 2 में नये अवतार की धमाकेदार एंट्री



**मुंबई।** बॉलवुड अभिनेत्री कियारा आडवाणी ने फिल्म वॉर 2 में नए अवतार के साथ यशराज फिल्मस (वाईआरएफ) स्पाई यूनिवर्स में धमाकेदार एंट्री की है। कियारा ने वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स में अपनी पहली फिल्म वॉर 2 के जरिए शानदार एंट्री की है। हर किरदार के साथ खुद को नए अंदाज में पेश करने वाली कियारा इस बार एक नई, बोल्ड और ताजा ऊर्जा लेकर आई हैं, जो उनके फिल्मी करियर की अब तक की सबसे अलग छवि दिखाती है।

